kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-99 | शनिवार, 09 मई 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




इस बार जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराई जाएगी। प्रथम चरण में भवनों एवं मकानों की गणना की जाएगी, जबकि द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना संपादित होगी। आमजन को 21 मई 2026 तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

केशव प्रसाद मौर्य


अमित शाह रविवार को देश में बाढ़ प्रबंधन, लू से निपटने की तैयारियों की करेंगे समीक्षा 11

मुख्यमंत्री ने राजकीय सर्वोदय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण 12


### पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ

# सोमनाथ मंदिर हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 मई को उन्हें एक बार फिर वहां जाने का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने इसे भारत की सभ्यता और आस्था की महानता का प्रतीक बताया और उन विभूतियों एवं वीरों को नमन किया जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी सोमनाथ की रक्षा की और उसकी शान को पुनर्जीवित किया।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में सोमनाथ पर लिखे अपने लेख को साझा करते हुए कहा कि यह अवसर हमें स्मरण कराता है कि इस पावन स्थल की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए देश की कई पीढ़ियों ने निरंतर संघर्ष किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। समुद्र की लहरें हमें यह सिखाती हैं कि चाहे कितने भी तूफान क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। प्रभास की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है और यहां आने वाले श्रद्धालु उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का अनुभव करते हैं, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी।





❒ पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 मई को उन्हें एक बार फिर वहां जाने का सौभाग्य मिलेगा।

❒ समुद्र की लहरें हमें यह सिखाती हैं कि चाहे कितने भी तूफान क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है

प्रधानमंत्री ने उन असंख्य विभूतियों का स्मरण किया जिन्होंने आक्रमणों के बीच भी सोमनाथ की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों से लेकर महाराज धारसेन चतुर्थ, भीम प्रथम, जयपाल, आनंदपाल, राजा भोज, कर्णदेव सोलंकी, जयसिंह सिद्धराज, कुमारपाल सोलंकी, भाव बृहस्पति, पाशुपताचार्य, विशालदेव वाघेला, त्रिपुरांतक, महिपाल चूड़ासमा, राव खंगार चूड़ासमा और पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर सहित अनेक नामों का जिक्र करते हुए कहा कि इन सबने कठिन समय में भी भक्ति और परंपरा को जीवित रखा। उन्होंने वीर हमीरजी गोहिल और वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों को भी नमन किया।

प्रधानमंत्री ने अपने लेख में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि 13 नवंबर 1947 को सरदार पटेल ने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने समुद्र का जल हाथ में लेकर यह प्रतिज्ञा की थी कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। दुर्भाग्यवश वह इस सपने को साकार होते नहीं देख सके, लेकिन उनके विजन को केएम मुंशी ने आगे बढ़ाया और 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा हुआ। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने उद्घाटन समारोह में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया, जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने इसका विरोध किया था।

उन्होंने कहा कि उन्हें अक्टूबर 2001 का वह समय याद है जब मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने दायित्व संभाला था। उसी वर्ष सरदार पटेल की जयंती पर सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का आयोजन हुआ था जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी भी उपस्थित थे। उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के उस ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक से देश 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र पर चल रहा है। सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, सभी आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिला है और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हुई है। प्रधानमंत्री ने बलिदान देने वाले वीरों और दानवीरों की स्मृति में अगले एक हजार दिनों तक विशेष पूजा आयोजित करने की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में लोग इस ● शेष पेज 11 पर

# पति-पत्नी समेत एक ही परिवार 5 लोगों की मौत

एजेंसी

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को एनएच-34 पर हुए एक हादसे में ट्रक से टकरा कर बाइक सवार माता-पिता और तीन बच्चों व सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गयी। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे का शिकार हुआ परिवार वैष्णो देवी धाम के दर्शन कर लौटा था और रिश्तेदार के घर रुकने के बाद आज अपने गांव लौट रहा था। जानकारी के अनुसार बुलंदशहर में खुर्जा की तरफ से उत्तम सिंह बाइक से पत्नी और तीन बच्चों के साथ बुलंदशहर नगर के धमेड़ा अड्डा की तरफ अपने घर आ रहे थे। देहात कोतवाली में एनएच-34 पर भंसौली कट के पास बाइक सड़क के किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही पांचों की मौत हो गई। मृतकों में उत्तम, उनकी पत्नी उर्मिला, बेटा निशांत, बेटी दिशा और मासूम अनायरा शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एसएसपी बुलंदशहर, एसपी सिटी, सीओ और स्थानीय ● शेष पेज 11 पर



❒ बुलंदशहर में हाईवे किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी बाइक, पति -पत्नी व तीन बच्चों समेत 5 की मौत

## क्रूज जहाज पर सवार 2 भारतीय नागरिकों में हंटावायरस के लक्षण नहीं मिले

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रूज जहाज एमवी होंडियस पर सवार दो भारतीय नागरिकों में हंटावायरस संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें निगरानी में रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस जहाज पर हंटावायरस संक्रमण के कई मामले सामने आए हैं। सूत्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (आईएचआर) चैनलों के माध्यम से प्राप्त जानकारी से संकेत मिलता है कि दोनों भारतीय निगरानी में हैं, जबकि मंत्रालय डब्ल्यूएचओ और अन्य अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ करीब समन्वय बनाए हुए है। एक अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरणों के समन्वय से उभरती स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार (आईएचआर) ढांचे के ● शेष पेज 11 पर



## डीआरडीओ और वायु सेना ने किया पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली का परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा के तट पर सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (टीएआरए) हथियार का पहला परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा। टीएआरए एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है, जो भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है। टीएआरए अनिर्देशित वारहेड को सटीक निर्देशित हथियारों में बदल देती है।

डीआरडीओ के मुताबिक टीएआरए को हैदराबाद के रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) और डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं ने डिजाइन और विकसित किया है। जमीन पर मौजूद लक्ष्य को बेअसर करने के लिए हथियार की मारक क्षमता ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### दिल्ली-एनसीआर में बढ़ेगा पारा, कई राज्यों में ओलावृष्टि की चेतावनी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्रों में शुक्रवार को आसमान साफ रहा। यहां का अधिकतम तापमान 33-35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे मौसम में कल के मुकाबले आज हल्की गर्मी रही। वहीं, देश के अन्य हिस्सों जैसे मध्य प्रदेश और झारखंड में ओलावृष्टि, जबकि गुजरात में लू चलने का अनुमान है।

भारतीय मौसम विभाग केन्द्र के अनुसार शनिवार को भी मौसम साफ रहने के आसार हैं। यहां का अधिकतम तापमान 35-37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। हवा का रूख भी दक्षिण-पूर्व दिशा से उत्तर पूर्व दिशा की ओर 10-15 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने की संभावना है। रविवार को भी यही स्थिति रहेगी और अधिकतम तापमान 37-39 जबति न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं।

इसके अलावा, राजधानी में 11 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की वर्षा होने का अनुमान है। इस दौरान, शाम से हवाओं की गति 30-40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार तक रहने के आसार हैं। हवा की रफ्तार 50 किमी तक जा सकती है। अधिकतम तापमान 37-39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

### दिल्ली-फरीदाबाद के बीच एमईएमयू रेल सेवा को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुरोध पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली और फरीदाबाद के बीच नई मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (एमईएमयू) रेल सेवा संचालित करने को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दिल्ली और फरीदाबाद के बीच प्रतिदिन आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन रोजगार, शिक्षा, व्यापार और अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आते हैं। लंबे समय से स्थानीय नागरिकों और दैनिक यात्रियों द्वारा अतिरिक्त और सुविधाजनक रेल सेवा की मांग की जा रही थी।

## बंगाल की जनता का विश्वास टूटने नहीं देंगे : अमित शाह

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बंगाल की जनता का विश्वास टूटने नहीं देगी। शुक्रवार को कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद संवाद माध्यमों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि भाजपा और नरेंद्र मोदी पर भरोसा करके बंगाल की जनता ने जो प्रचंड जीत दी है, उसके लिए मैं आभारी हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपका विश्वास डिगे नहीं। हम सोनार बंगाल के लक्ष्य को जारी रखेंगे। गृह मंत्री ने भरोसा दिलाया कि इसके बाद घुसपैठ और गौ तस्करी नहीं हो सकेगी। अमित शाह ने राजनीतिक हिंसा में मारे गए पार्टी कार्यकर्ताओं को याद करते हुए कहा कि 321 भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत के लिए अपनी जान दे दी। मैंने पूरे देश का दौरा किया है। ऐसी हिंसा हमने केरल और बंगाल के अलावा कहीं और नहीं देखी है। अमित शाह ने राजनीतिक हिंसा के शिकार हुए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों को नमन किया।

बंगाल में बड़ी जीत के लिए अमित शाह ने बंगाल की जनता के साथ-साथ चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन और राज्य पुलिस को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, महर्षि अरविन्द और रवीन्द्रनाथ टैगोर जैसी महान विभूतियों का भी स्मरण किया। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में 09 अप्रैल (शनिवार) को आयोजित होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर



❒ चित्रदुर्ग में बी.एस. येदियुरप्पा के 'अभिमानोत्सव' में शामिल होंगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

### भाजपा ने कसा तंज, कहा- विपक्ष को तोड़ने का काम कर रहे हैं राहुल गांधी

नई दिल्ली । तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर कंग्रेस और तमिलगा वेत्री कड़गम(टीवीके) गठजोड़ पर सियासी घमासान तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वे आज भारतीय राजनीति में सबसे बड़े मौकापरस्त साबित हुए हैं, जो हर राज्य में क्षेत्रीय दलों के कंधों पर सवार होकर राजनीति करना चाहते हैं, लेकिन बदले में उन्हीं सहयोगियों को राजनीतिक नुकसान पहुंचाते हैं। चुग ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल की राजनीतिक परिस्थितियां यह साफ दिखा रही हैं कि राहुल गांधी विपक्ष को मजबूत करने नहीं बल्कि तोड़ने का काम कर रहे हैं। चुग ने कहा कि इंडी गठबंधन का सबसे बड़ा संकट नेतृत्व का नहीं बल्कि भरोसे का है, क्योंकि राहुल गांधी अपने सहयोगियों के लिए राजनीतिक बोझ बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में सहयोगियों के साथ टकराव, तमिलनाडु में सत्ता समीकरणों पर असमंजस ● शेष पेज 11 पर

## देश में पेट्रोल की कीमतें लगभग 94.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद भारत में पेट्रोल की कीमतें लगभग 94.77 रुपये प्रति लीटर बनी हुई हैं, जबकि जर्मनी, फ्रांस और यूके जैसे देशों में ये कीमतें लगभग 200 रुपये प्रति लीटर हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया की लगभग 20 फीसदी ऊर्जा हॉर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से होकर गुज़रती है, जिससे यह भारत के लिए बेहद अहम हो जाता है। भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 40 फीसदी, एलपीजी का 90 फीसदी और प्राकृतिक गैस का 65 फीसदी हिस्सा मध्य-पूर्व से ही आयात करता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के चलते कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 डॉलर से बढ़कर लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है, जबकि एलपीजी की कीमतों में भी भारी उछाल आया है। उन्होंने कहा कि तेल विपणन कंपनियों को हो रहे नुकसान के बावजूद, भारत सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती करके एलपीजी उत्पादन बढ़ाकर, पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देकर और गैस की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करके उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने का काम किया है।

सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत में पेट्रोल की कीमतें लगभग 94.77 रुपये प्रति लीटर बनी हुई हैं, जबकि जर्मनी, फ्रांस और यूके जैसे देशों में ये कीमतें लगभग 200 रुपये प्रति लीटर हैं। सरकार ने एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति भी सुनिश्चित की है, जिससे किसी भी वितरक को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर खाड़ी क्षेत्र के साथ भारत का संपर्क उच्चतम स्तर पर जारी है। विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की यूएई यात्राओं के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 7 मई, 2026 को संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया। भारत ने कतर और सऊदी अरब सहित अन्य खाड़ी साझेदारों के साथ भी संपर्क बनाए रखा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान विदेश सचिव ने यूएई की राज्य मंत्री और भारत के लिए विशेष दूत, रीम अल हाशिमी के साथ बातचीत की और खलदून अल मुबारक से मुलाकात की। चर्चाओं का मुख्य केंद्र व्यापार, निवेश, रक्षा, फिनटेक, स्वास्थ्य सेवा और पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय घटनाक्रम रहे। जायसवाल ने कहा ● शेष पेज 11 पर



### ब्रजेश पाठक का कड़ा एक्शन: यूपी स्वास्थ्य विभाग में बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक

# लापरवाही पर 5 डॉक्टर बर्खास्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही, अनियमितताओं और कर्तव्य पालन में कोताही के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए पांच डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है तथा कई स्वास्थ्य अधिकारियों और डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, लंबे समय तक बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और चिकित्सा कार्य से दूर रहने के आरोप में पांच चिकित्सा अधिकारियों को सेवा से हटाया गया है। बर्खास्त किए गए डॉक्टरों में गोरखपुर जिला अस्पताल की डॉ. अलकनंदा, कुशीनगर सीएमओ कार्यालय में तैनात डॉ. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डॉ. सौरभ सिंह, अमेठी के सीएचसी जगदीशपुर के डॉ. विकलेश कुमार शर्मा और औरैया के सीएचसी दिबियापुर की डॉ. मोनिका वर्मा शामिल हैं।



बयान के अनुसार, सरकार ने अंबेडकर नगर में निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण में कथित अनियमितताओं के मामले में सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा समेत 16 चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जांच में इन अधिकारियों पर सरकारी मानकों के उल्लंघन, पद के दुरुपयोग और निजी हितों

### सीएमो समेत 16 अधिकारियों पर गिरी गाज

के लिए फाइलों को मंजूरी देने के आरोप सही पाए गए। जांच एक अपर जिलाधिकारी समेत तीन सदस्यीय समिति ने की थी। हरदोई में अवैध निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने और जिम्मेदारियों की अनदेखी के आरोप में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, जिले में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद एक जूनियर डॉक्टर को वरिष्ठ जिम्मेदारी सौंपने पर सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

बयान में कहा गया है कि इलाज में लापरवाही, प्रशासनिक चूक, अनुचित मेडिको-लीगल जांच और सहकर्मियों से दुर्व्यवहार जैसे मामलों में भी कई डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू की गई है। इनमें प्रयागराज के डॉ. शमीम अख्तर, सुल्तानपुर के सीएचसी लंभुआ में तैनात एक डॉक्टर और फार्मासिस्ट, तथा मथुरा जिला अस्पताल के दो डॉक्टर शामिल हैं। चिकित्सा कर्तव्यों में कथित लापरवाही के लिए बलरामपुर, वाराणसी, बदायूं, लखीमपुर खीरी और संभल समेत कई जिलों में तैनात डॉक्टरों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। बदायूं के सरकारी मेडिकल कॉलेज में आर्थोपेडिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. रितुज अग्रवाल पर महिला डॉक्टर और अन्य सहकर्मी के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। लापरवाही के अलग-अलग मामलों में बहराइच की डॉ. प्रतिभा यादव और मथुरा के डॉ. राकेश सिंह के खिलाफ कदम उठाया गया है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी में तैनात डॉ. आदित्य पांडे की प्रतिनियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त कर उन्हें रायबरेली ● शेष पेज 11 पर

## किसानों को राहत दिलाने के लिए कृषि मंत्रालय ने नेफ़ेड- एनसीसीएफ को खरीद के दिए निर्देश

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने के लिए राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ)और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (एनएएफईडी)को लक्ष्य आधारित खरीद के निर्देश दिए। शुक्रवार को इस विषय को लेकर कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नेफ़ेड और एनसीसीएफ के साथ उपार्जन संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने दोनों एजेंसियो को किसानों के हितों को देखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां बाजार भाव एमएसपी से नीचे हैं, वहां किसानों से प्रभावी और समयबद्ध खरीद हर हाल में सुनिश्चित की जाए। चौहान ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान को उसकी उपज का न्यायसंगत मूल्य दिलाना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस लक्ष्य में किसी भी स्तर की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में शिवराज सिंह ने कहा कि राज्यवार आवंटन के साथ-साथ जिला-स्तर पर उत्पादन, संभावित आवक और 25 प्रतिशत खरीद क्षमता का आकलन कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए ताकि उपार्जन का लक्ष्य वास्तविक जमीन पर हासिल हो सके। चौहान ने दलहन-तिलहन, विशेषकर चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि जहां किसानों को एमएसपी से कम दाम मिल रहे हैं, वहां खरीद में तेजी लाना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को राज्यों में वास्तविक बाजार भाव की ताजा जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। चौहान ने स्पष्ट किया कि यदि किसी राज्य के निर्देश प्रक्रियाएं या स्थानीय प्रशासनिक अड़चनें किसानों से खरीद में बाधा बन रही हैं तो केंद्र ● शेष पेज 11 पर



# योगी सरकार में प्रशिक्षित युवा बन रहे समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई ताकत

❐ उद्योग और आत्मनिर्भरता से जोड़ते हुए प्रदेश के लाखों युवाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाने का काम किया है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा, तकनीकी दक्षता और स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। योगी सरकार ने कौशल विकास को केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे रोजगार, उद्योग और आत्मनिर्भरता से जोड़ते हुए प्रदेश के लाखों युवाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाने का काम किया है। प्रदेश सरकार की नीतियों का परिणाम है कि पिछले 9 वर्षों में लगभग 14 लाख युवाओं को विभिन्न विधाओं में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य सेवाएं, ऑटोमोबाइल, निर्माण, फैशन डिजाइनिंग, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, कृषि आधारित उद्योगों समेत कई क्षेत्रों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं में से 7.50 लाख से अधिक को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता मिली। प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत अब तक 1.35 लाख को कौशल प्रशिक्षण योगी सरकार ने युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आधुनिक तकनीक और बाजार की मांग से जोड़ा है। इसी क्रम में संचालित ल्लप्रोजेक्ट प्रवीणङ्क योजना युवाओं के बीच काफी प्रभावी साबित हुई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1.35 लाख विद्यार्थियों को विभिन्न आधुनिक एवं तकनीकी क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षता प्रदान करना है, ताकि वे डिग्री के साथ रोजगार के लिए भी पूरी तरह तैयार हों।

**188 रोजगार मेलों से लगभग 4.40 लाख युवाओं को रोजगार**

प्रदेश सरकार ने रोजगार के अवसरों को युवाओं तक सीधे पहुंचाने के लिए मंडल और जनपद स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार मेलों का आयोजन भी किया। पिछले 9 वर्षों में आयोजित 188 वृहद रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 4.40 लाख युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ। इन मेलों में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों, औद्योगिक संस्थानों और निजी क्षेत्र की कंपनियों ने भाग लिया। इससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए और पलायन में भी कमी आई।

**स्किल कैपिटल के रूप में पहचान मजबूत कर रहा यूपी**

योगी सरकार का फोकस केवल नौकरी उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन और मार्केट लिंकिंग उपलब्ध कराई जा रही है। यही कारण है कि प्रदेश में स्टार्टअप, एमएसएमई और स्थानीय उद्योगों से जुड़ने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला राज्य है और यदि इस युवा शक्ति को कौशल और रोजगार से जोड़ा जाए तो यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक पहुंचा सकती है।

# नगर निगम ने टैक्स कर में किया बदलाव, भवन स्वामियों को मिलेगा लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टैक्स सॉफ्टवेयर में बदलाव कर लिया हैं। ऐसे में अब गृहकर, जलकर व सीवर कर जमा करने वाले भवन स्वामियों को दस प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं ऑनलाइन भुगतान करने पर दो प्रतिशत की अतिरिक्त छूट के साथ कुल 12 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। वहीं पहली बार स्वतंत्रता सेनानियों और पद्म पुरस्कार विजेताओं को भी टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

नगर निगम सभागार में शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता यह जानकारी नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने दी।उन्होंने बताया कि दृष्टिहीन और 80 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले भवन स्वामियों का टैक्स पूरी तरह माफ कर दिया है। हालांकि, इसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र निगम कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर के 2.33 लाख भवन स्वामियों को 15 जुलाई तक टैक्स जमा छूट का लाभ उठा सकते है। एक सवाल के जवाब में नगर आयुक्त ने कहा कि जिन लोगों ने चालू वित्तीय वर्ष का टैक्स पहले ही जमा कर दिया है, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। उनकी छूट की बढ़ी हुई राशि का समायोजन अगले वित्तीय वर्ष के बिल में कर दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण और डिजिटल जनगणना-2026 का कार्य चल रहा है। नागरिक 21 मई तक https://se.census.gov.in पर जाकर 33 सवालों के जवाब देकर अपनी स्व-गणना कर सकते हैं।जवाब देने के बाद एक 11 अंकों की एसई-आईडी।जेनरेट होगी। 22 मई से जब प्रगणक घर-घर आएंगे, तो नागरिकों को केवल यह आईडी दिखानी होगी, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण में फीडबैक देकर काशी की रैंकिंग सुधारने की भी अपील की।

## योग और पंचकर्म को बढ़ावा देने की नई पहल



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरफराजगंज स्थित 'जीवनधारा योगा एंड वेलनेस स्टूडियो' कार्यक्रम में उपनिदेशक आयुर्वेद उत्तर प्रदेश डॉ. रामकृपाल सिंह ने योग और आयुर्वेद को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। संस्थापक कैप्टन सरकार हैदर रिजवी ने कहा कि केंद्र में योग, एरियल योग, मेडिटेशन और पंचकर्म जैसी सुविधाओं के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक स्वास्थ्य पद्धतियों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## महाराजा मल्हिय को लेकर अर्कवंशी समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मलिहाबाद, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाराजा मल्हिय स्मृति द्वार को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को अखिल भारतीय अर्कवंशी क्षत्रिय महासंघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने स्मृति द्वार पर लिखे नाम को ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ बताते हुए उसे हटाने की मांग की। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी सिंह अर्कवंशी ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक जय देवी कौशल और उनके पति कौशल किशोर द्वारा लगाए गए मल्हिय पासी स्मृति द्वार के माध्यम से इतिहास को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है।उन्होंने कहा कि महाराजा मल्हिय सिंह अर्कवंशी की ऐतिहासिक पहचान बदलने का प्रयास किया गया है। संगठन की ओर से चार सूत्रीय मांगें रखी गईं,जिनमें विवादित स्मृति द्वार हटाने,सही ऐतिहासिक पहचान के साथ नया स्मृति द्वार बनाए जाने,दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा ऐतिहासिक महापुरुषों के नाम से छेड़छाड़ रोकने के लिए शासन स्तर पर सख्त निर्देश जारी करने की मांग शामिल रही। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बाद अर्कवंशी महासंघ के कार्यकर्ता मलिहाबाद-मोहन तिराहे पर धरने पर बैठ गए और स्मृति द्वार हटाने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने दो दिन में मामले पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और धरना समाप्त कर दिया।नारेबाजी से बढ़ा तनावधरना समाप्त होने के बाद लौट रहे अर्कवंशी समाज के लोगों के सामने कुछ लोगों ने मल्हिय पासी जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। इससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को हटाया,जिसके बाद मामला शांत हो सका।

## मलिहाबाद रेलवे ट्रैक पर युवक का नग्न क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी

**मलिहाबाद, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मलिहाबाद में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का नग्न और क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव की हालत इतनी भयावह थी कि देखने वालों की रूह कांप उठी। युवक का सिर धड़ से अलग होकर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका था, जबकि शरीर के कई अंग कटे हुए थे। घटनास्थल के पास आम की नर्सरी में बनी एक रहस्यमयी झोपड़ी से मृतक के कपड़े, मोबाइल, घड़ी और टिफिन बरामद होने से मामला और भी संदिग्ध बन गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि मुजासा फाटक और महमूदनगर रेलवे फाटक के बीच रेलवे ट्रैक पॉल संख्या 1095/7 व 1095/9 के पास लखनऊ से मलिहाबाद जाने वाली लाइन पर एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके का मंजर बेहद दर्दनाक था। युवक का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला, सिर पूरी तरह कट चुका था और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। कुछ दूरी पर उसका कटा हुआ पैर भी बरामद हुआ। पुलिस जब आसपास छानबीन कर रही थी तो ट्रैक से करीब 20 फीट दूर आम की नर्सरी के पास बनी एक छोटी झोपड़ी पर शक गया। झोपड़ी के भीतर तख्त पर रखी काले-हरे रंग की पॉलिथीन में मृतक के कपड़े, मोबाइल फोन और घड़ी सुरक्षित रखे मिले, जबकि नीचे जूते पड़े थे। पास ही बिना ढक्कन का टिफिन भी मिला। मोबाइल फोन की जांच के बाद पुलिस मृतक की पहचान राहुल निगम (24) पुत्र संजय निगम निवासी राजाजीपुरम, ठाकुरगंज, लखनऊ के रूप में कर सकी। मृतक के पिता ने बताया कि राहुल पिछले करीब 11 वर्षों से छोटी कसमंडी स्थित गौशाला में अपने चाचा रामअवतार के साथ काम करता था। 6 मई को जन्मदिन होने के कारण वह घर आया था और अगले दिन दोपहर करीब 11:30 बजे वापस मलिहाबाद के लिए निकला था। शाम करीब 6:30 बजे उसने फोन कर सकुशल पहुंचने की जानकारी भी दी थी। परिजनों के मुताबिक राहुल घर से हल्के हरे रंग की शर्ट, नीली जींस, स्पोर्ट्स शूज और घड़ी पहनकर निकला था तथा हरे रंग की पॉलिथीन में टिफिन लेकर गया था। घटनास्थल पर मिले सामान से उसकी पहचान की पुष्टि हुई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना आत्महत्या, हादसा या किसी साजिश का हिस्सा है, इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जनपद में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। चंदापुर थाना क्षेत्र के औली मजरे समरहदा गांव में 35 वर्षीय विवाहिता की कथित तौर पर जहर खाने से मौत हो गई। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले उनकी बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और बाद में जबरन जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई। आपको बता दें कि, मृतका के पिता राम अधार पुत्र रामफ़ेर निवासी पूरे लोखड़िया मजरे मखदूमपुर थाना चंदापुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि, उनकी पुत्री प्रीति का विवाह औलीपुर मजरे समरहदा निवासी अखिलेश यादव पुत्र रामबहादुर के साथ हुआ था। आरोप है कि, गुरुवार 7 मई 2026 की रात लगभग आठ बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रीति के साथ मारपीट की। देर रात करीब 12 बजे उन्हें सूचना मिली कि, उनकी बेटी ने जहर खा लिया है। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में बेटी की ससुराल पहुंचे, जहां पता चला कि, उसे अस्पताल ले जाया गया है। मायके पक्ष का आरोप है कि, गांव के लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि, प्रीति को उसके पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने बुरी तरह पीटा था। इसी दौरान अस्पताल से दामाद का फोन आया कि, इलाज के दौरान प्रीति की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची चंदापुर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और लोगों से पूछताछ की।मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि, उनकी बेटी को शादी के बाद से लगातार प्रताड़ित किया जाता था तथा उसके साथ आए दिन मारपीट की घटनाएं होती थीं। इस संबंध में पूर्व में भी थाने में शिकायत दी जा चुकी थी।पुलिस को दी गई तहरीर में पति अखिलेश यादव, कमलेश यादव, शांति देवी, रामबहादुर, संगीता और गीता समेत कुल छह लोगों को नामजद किया गया है। मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि, सभी आरोपियों ने मिलकर पहले प्रीति के साथ मारपीट की और बाद में जबरन जहर देकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। रिपोर्ट और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# काकोरी में एलडीए कर्मचारियों पर हमला, एफआईआर दर्ज

❐ आरोप है कि निर्माणकर्ता और उसके साथियों ने एलडीए कर्मचारियों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। काकोरी क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि निर्माणकर्ता और उसके साथियों ने एलडीए कर्मचारियों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की। मामले में काकोरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह के अनुसार, काकोरी के मोहान रोड स्थित शिवरी चौराहे के पास करीब 200 वर्गमीटर भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति के व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए द्वारा इस अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 अप्रैल 2026 को सीलिंग आदेश जारी किए गए थे। इसके बाद 24 अप्रैल 2026 को प्रवर्तन टीम ने निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स को सील कर दिया था। साथ ही स्थल की निगरानी के लिए काकोरी पुलिस को भी पत्र भेजा गया था।बताया गया कि गुरुवार दोपहर एलडीए के सुपरवाइजर प्रदीप कुमार और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पियूष क्षेत्र में सील भवनों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान वे अवैध निर्माण की तस्वीरें ले रहे थे, तभी निर्माणकर्ता पक्ष के निराले, यशू, राहुल, शिवधर्म समेत अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने दोनों कर्मचारियों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की और दोबारा क्षेत्र में आने पर पुनः हमला करने की धमकी भी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद एलडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर पीड़ित कर्मचारियों प्रदीप और पियूष ने आरोपियों के खिलाफ काकोरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पशु चिकित्सक ने प्रधान से मांगे 25 हजार रुपए

❐ प्रधान ने कहा डॉक्टर साहब का बिगड़ा हुआ मानसिक संतुलन

❐ मामला गोसाईगंज के ग्राम पंचायत मोहारी खुर्द का है




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। काम करवाना है तो 25, हजार रुपए की रकम देनी होगी। यह मांग नगराम पशु चिकित्साधिकारी सुनील सिंह की ओर से विकास खण्ड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत मोहारी खुर्द के प्रधान राम सजीवन के सामने रखी गई। इसी बात पर प्रधान ने कहा कि डाक्टर साहब का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। इलाज कराने की जरूरत है। ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

प्रधान राम सजीवन के अनुसार उनके सामने पशु चिकित्साधिकारी की ओर से गो शाला से संबंधित अपनी रिपोर्ट लगाने के लिए बड़ी रकम की मांग रख दी गई थी।वे इस मांग को पूरी करने असमर्थता व्यक्त की। यही से बात बिगड़ गई।ग्राम प्रधान के अनुसार एक ही दिन में किए गए निरीक्षण की आख्या तीन तीन बार लिखी गई और हर बार पशुओं की संख्या अलग अलग लिखी गई। यही बात किसी के समझ में नहीं आ रही है। प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि डॉक्टर द्वारा कहा गया था कि इस गौशाला के लिए 75 हजार रुपए आते हैं।25 हजार मुझे दे देना शेष 50 हजार में इतना ही खुद रख लेना और इतना ही सचिव को देना। प्रधान सुनील कुमार के अनुसार उन्होंने पशु चिकित्सक की बात कर सहमति अपनी नहीं दी यही से माहौल बिगड़ गया। अब लगता है कि मांगी गई रकम न मिलने के कारण डॉक्टर साहब का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्हें किसी अच्छे डॉक्टर से इलाज करवाना चाहिए। अंत में ग्राम प्रधान ने कहा कि वे ईश्वर से डॉक्टर साहब के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों के देयकों का भुगतान न होने से नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने के बाद भी अभी तक शिक्षकों के देयकों का भुगतान न होने पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने नाराजगी जताई है। शुक्रवार को चक अहमदपुर के कम्पोजिट विद्यालय में हुई मासिक बैठक में शिक्षकों ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से जल्द से जल्द शिक्षकों का भुगतान कराए जाने की मांग की। मासिक बैठक की अध्यक्षता सरंक्षक समर बहादुर सिंह ने की। वहीं, इस मुद्दे को लेकर संगठन ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से भी मुलाकात की।जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि मार्च 2026 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों में अभी तक किसी के भी देयकों का भुगतान नहीं किया गया है जबकि अधिकारियों ने कहा था कि जल्द ही देयकों का भुगतान करा दिया जाएगा। ब्लॉकों से फाइलों के आने के बाद में भुगतान की प्रक्रिया तेजी से कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक सेवानिवृत्त शिक्षकों के जीपीएफ व अन्य मदों का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर देयकों का भुगतान नहीं किया जाएगा तो जल्द ही उच्चाधिकारियों से मिलकर इस मामले का निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी अगर जल्द ही जीपीएफ व अन्य देयकों का भुगतान नहीं करते हैं तो शिक्षकों के हित में धरना दिया जाएगा।जिला महामंत्री ने कहा कि जनपदीय कार्य समिति का त्रैवार्षिक अधिवेशन/ चुनाव को सम्पन्न कराने को लेकर भी चर्चा की। जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने शिक्षक सम्मान समारोह के आयोजन से संबंधित आय व्यय के विवरण का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।बैठक में जिला उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, विक्रमादित्य सिंह, जिला प्रवक्ता सुनील यादव, लाल बहादुर, उमाशंकर, अजय कुमार यादव, सुरेश सिंह, दीपक कुमार, हरिकेश बहादुर, राजेश यादव, सुरेश सिंह, संदीप यादव, उमेश श्रीवास्तव, नीलम, मंजूलता, सुनीता सिंह, शिव कुमार सिंह, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, संजीक कुमार श्रीवास्वत, सैयद खुर्शीद, राकेश कुमार, चंद्रप्रकाश, शिव बालक, राम लखन मंत्री, गयामणि लाल, कुसुम चंद्र, अब्दुल हलीम, रमेश कुमार, सूर्य प्रकाश आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सेप्टिक टैंक की सफ़ाई के दौरान जहरीली गैस से दो मजदूरों की दर्दनाक मौत

❐ एक ही गांव के थे दोनों युवक, चीख तक नहीं सुन सके लोग; घरों में पसरा मातम





कैनविज टाइम्स संवाददाता

माल, लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के नबीपनाह गांव में शुक्रवार दोपहर उस समय चीख-पुकार मच गई जब सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आकर मौत के मुंह में समा गए। हादसा इतना दर्दनाक था कि दोनों युवक टैंक के अंदर ही बेहोश होकर गिर पड़े और बाहर नहीं निकल सके। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार नबीपनाह गांव निवासी रमेश सिंह के मकान का निर्माण कार्य पिछले करीब दो माह से चल रहा था। शुक्रवार को निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक की सफाई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही 26 वर्षीय राजेश और 34 वर्षीय रिंकू टैंक के अंदर उतरे। बताया जा रहा है कि टैंक के भीतर जहरीली गैस भरी हुई थी, जिसकी चपेट में आते ही दोनों मजदूर बेहोश होकर गिर पड़े। काफी देर तक दोनों की ओर से कोई आवाज न आने पर वहां मौजूद लोगों को शक हुआ। जब अंदर झांककर देखा गया तो दोनों बेसुध पड़े थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों को बाहर निकलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। मृतक राजेश अपने पीछे मां श्यामा, पत्नी सरोजनी, 7 वर्षीय बेटे अयांश और 6 वर्षीय बेटी परी को छोड़ गया है। वहीं रिंकू की मौत से उसकी मां कान्ति, पत्नी रिंकी और 3 साल का मासूम बेटा कार्तिक बेसहारा हो गया। दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी अंकित मौर्य मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उधर, घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने भी तत्काल संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मृतकों के परिजनों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा उपलब्ध कराने के आदेश भी दिए गए हैं। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर गांव में शोक और आक्रोश दोनों का माहौल है।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण,व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न कार्यालयों के पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई एवं आमजन की सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु एवं व्यवस्थित रखी जाएं। उन्होंने पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने, परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा कार्यालयों में कार्यों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों पर अभिलेखों के रख-रखाव एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप आमजन को बेहतर एवं सुगम प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहें।

## डीएम ने ग्राम पंचायत भीख एवं जगतपुर का किया निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 अन्तर्गत विकास खण्ड-जगतपुर की ग्राम पंचायत-भीख में निर्मित प्लास्टिक वेस्ट अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र एवं ग्राम पंचायत-जगतपुर में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र, आर0आर0सी0, कम्पोस्ट पिट तथा फिल्टर चैम्बर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह एवं खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी को रोस्टर बनाकर प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए साथ ही अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को प्लास्टिक अपशिष्ट केन्द्रों से प्राप्त प्लास्टिक को सड़क निर्माण के कार्यों में उपयोग किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# क्षेत्र पंचायत अमावां की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। विकास खण्ड अमावां सभागार में पूर्व निर्गत एजेण्डे के क्रम में क्षेत्र पंचायत अमावां की सामान्य बैठक विधायक सदर अदिति सिंह व प्रमुख क्षेत्र पंचायत अमावां वैशाली सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में की गई। बैठक में क्षेत्र पंचायत अमावां द्वारा कराये गये 16 कार्यों का लोकार्पण विधायक सदर व प्रमुख अमावां द्वारा किया गया। बैठक का कोरम पूर्ण रहा। बैठक के दौरान गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि सहित विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों के विषय में सदन के सदस्यों को अवगत कराया गया। प्रमुख ने अपने सम्बोधन के दौरान समस्त विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से आमजन की समस्याओं के त्वारित निस्तारण व गांव में चौपाल लगाकर गांव की समस्याओं को गांव में ही निस्तारित कराने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान ग्राम प्रधानों ने जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों तथा ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के कार्य कराये जाने दौरान खराब सडकों का सत्यापन कराकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा नये कार्यों हेतु प्रस्ताव भी उपलब्ध करयाा गया। बैठक के पश्चात विधायक सदर व प्रमुख अमावां द्वारा ट्राई साइकिल भी वितरित की गयी। विधायक सदर विकास खण्ड से संचालित योजनाओं के ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार तथा इन योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन के माध्यम से संचालित कराने के कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0), अवर अभियन्ता (लघु सिंचाई एवं ग्रा0अभि0वि0), क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, समस्त ग्राम पंचायत सचिव समेत अन्य लोग शामिल थे।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण का नगर निगम में हुआ शुभारंभ

❐ मंत्री ए.के. शर्मा एवं महापौर सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




लखनऊ। जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित झंडी पार्क में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा एवं महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जनगणना 2027 को सफल बनाने तथा नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर जनगणना निदेशालय उत्तर प्रदेश की निदेशक शीतल वर्मा, नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षद दल के उपनेता श्री सुशील तिवारी 'पम्मी' जी, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविन्द कुमार राव, पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**मंत्री एवं महापौर ने स्वयं की डिजिटल स्व-गणना कर दिया संदेश**

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ए.के. शर्मा एवं महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वयं अपने परिवार की डिजिटल स्व-गणना कर नागरिकों को इस प्रक्रिया में भागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों एवं अधिकारियों द्वारा भी मौके पर ही स्व-गणना प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से डिजिटल स्व-गणना करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

**जनगणना देश के विकास की आधारशिला : ए.के. शर्मा**

मुख्य अतिथि ए.के. शर्मा ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं बल्कि देश के विकास की मजबूत आधारशिला है। जनगणना के माध्यम से सरकार को जनसंख्या, आवास, संसाधनों एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है, जिसके आधार पर विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करें तथा स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें, ताकि पारदर्शी एवं प्रभावी जनगणना सुनिश्चित हो सके।

**महापौर ने नागरिकों से सहयोग की अपील की**

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम लखनऊ जनगणना अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण करें तथा दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें, ताकि जनगणना 2027 का अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# सुबह से देर रात तक जाम रहता है चिनहट का विधायक चौराहा

❐ चौराहा जाम रहने से कस्बे के गलियों से आवागमन कर रहे वाहन सवार राहगीर और स्कूली बच्चे

❐ किसी आपात स्थिति में मरीजों को लेकर घंटों फंसी रहती है एम्बुलेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट, लखनऊ । राजधानी लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में लगातार बढ़ता ट्रैफिक दबाव लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। खासकर विधायक चौराहे पर लगने वाला रोजाना का जाम अब आम जनता के लिए जी का जंजाल बन चुका है। सुबह से लेकर देर शाम तक वाहन चालकों को लंबी कतारों में फंसना पड़ रहा है, जिससे लोगों का समय और ईंधन दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

कमता क्षेत्र में लागू नई यू-टर्न व्यवस्था के बाद से चिनहट तिराहे पर ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया है। भारी वाहनों और चार पहिया वाहनों का पूरा भार अब चिनहट मार्ग पर आ गया है, जिसका सीधा असर विधायक चौराहे पर देखने को मिल रहा है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक विधायक चौराहे की सड़क लंबे समय से चौड़ी नहीं की गई है। संकरी सड़क और लगातार बढ़ते वाहनों की संख्या के चलते यहां हर दिन भीषण जाम की स्थिति बन रही है। स्कूल बसें, एंबुलेंस और ऑफिस जाने वाले लोग घंटों जाम में फंसने को मजबूर हैं। व्यापारियों का कहना है कि जाम की वजह से बाजारों में आने वाले ग्राहकों की संख्या भी प्रभावित हो रही है। वहीं राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, सड़क चौड़ीकरण कराने और स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

लेकिन जिम्मेदार है कि कानूं में जूं तक नहीं रेंग रहा है। और जिम्मेदारों के लापरवाही का खामियाजा आम जनता एवं चिनहट के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हालात यही रहे तो चिनहट से सतरिख जाने वाले इस मार्ग पर स्थानीय लोगों द्वारा ही चारपहिया वाहन का आवागमना बंद करना पड़ेगा। क्योकि ई रिक्शा और चार पहिया वाहन इस चौराहे से अब नहीं गुजर पा रहे है जिससे जाम लग जाता है।

# चिनहट में अवैध बिजली लाइन बिछाने का मामला दर्ज

❐ मौके पर पहुंचे अधिकारियों को उपलब्ध सामग्री की ज़ब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट, लखनऊ । क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली की लाइन बिछाने के मामले में थाना बीबीडी में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र जुग्गौर, चिनहट से पोषित 11 केवी पपनामऊ फीडर की पेट्रोलिंग के दौरान सामने आया है। जिस विभाग की ओर से कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्युत विभाग की टीम द्वारा दुर्गा विहार, नरेंदी, जुग्गौर क्षेत्र में निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान अधिकारियों को एक नई आवासीय सोसाइटी में लगभग पांच पीसीसी पोल स्थापित कर करीब 200 मीटर लंबी थ्री फ़ेस एबी केबल लाइन बिछी मिली। शिकायत में बताया गया कि उक्त पीसीसी पोल विभागीय नहीं हैं और एबी केबल पर एमवीवीएनएल आरडीएसएस फिटिंग्स लगी हुई हैं। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक यह लाइन अधिकृत रूप से विभाग से जुड़ी नहीं पाई गई। मौके पर मिली सभी सामग्री को विभाग द्वारा ज़ब्त कर लिया गया है। स्थानीय लोगों ने टीम को बताया कि यह लाइन करीब 8 से 10 माह पहले डाली गई थी। मामले को गंभीर मानते हुए सहायक अभियंता प्रथम 11 केवी एवं एलटी इंदिरानगर नीरज रस्तोगी की ओर से थाना बीबीडी में तहरीर दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताते चले कि चिनहट के कर्मियों द्वारा यह पहला खेल नहीं है इससे पहले भी विभागीय अधिकारियों ने एक ग्यारह हजार लाइन के शिफ्टिंग का खेल पकड़ा था। जिसमे एक सोसाईटी के भूमि से ले देकर लाइन हटाई गयी थी। जिसमे विभाग द्वारा जांच करायी जा रही है।

गोरतलब हो कि चिनहट विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण ऊर्जा मंत्री भी कर चुके है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से अपनी कार्य शैली सुधारने और जनता की समस्याओं को गंभीरता से निस्तारण करने की बात भी उस समय कही थी लेकिन उपकेंद्र के रवैये में कोई सुधार देखने को नही मिल रहा है।

# किसान पथ पर दर्दनाक सड़क हादसा युवक की मौत, साथी घायल

❐ पुलिस अज्ञात वाहन की तालाश कर रही है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बीबीडी थाना क्षेत्र के ग्राम जुग्गौर निवासी 25 वर्षीय सुमित कुमार यादव की गुरुवार रात किसान पथ पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका साथी उमेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात करीब 9 बजे सुमित कुमार यादव अपने साथी उमेश यादव के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान जुग्गौर स्थित किसान पथ हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुमित कुमार यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल उमेश यादव का इलाज जारी है। मृतक के भाई पवन कुमार यादव ने बताया कि सुमित पेंटिंग का काम करता था। परिवार में पिता रमेश यादव समेत तीन भाई हैं। भाइयों में सबसे बड़ा अंकुर यादव, उसके बाद सुमित और सबसे छोटा अमन यादव है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार दो मजदूरों को रौंदा, एक की मौत

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर-लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार अज्ञात भारी वाहन ने साइकिल सवार दो मजदूरों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार बैरागीपुर थाना तंबौर जनपद सीतापुर निवासी रामू (40) और सैयतियापुर निवासी विजय मजदूरी करते थे। दोनों मजदूर नरेशस ब्लू होटल में काम करने के बाद शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे साइकिल से टेढ़ी पुलिया स्थित अपने कमरे पर लौट रहे थे। इसी दौरान बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में सीतापुर-लखनऊ हाईवे पर पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात भारी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि रामू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेजा, जहां उसका इलाज चल रहा है।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**चिनहट, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के थाना माती क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुजफ्फरपुर निवासी लकी रावत गुरुवार देवा रोड स्थित टाटा मोटर्स कंपनी के पास किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों और स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। घायल युवक को एंबुलेंस से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के चाचा सुपेंद्र कुमार ने ट्रेलर चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए चिनहट थाने में तहरीर दी है। पुलिस के मुताबिक मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक और वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही हैद्य

## पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यातायात व्यवस्था को सुधारने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ शुक्रवार को अभियान चलाया गया। इसके तहत दौरान कुल 115 वाहनों की सघन जाँच की गई।अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अशोक कुमार सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिए लखनऊ यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया । इसके तहत कुल 115 वाहनों को चेक किया गया। बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले 13 लोगों का चालान किया गया है। इसी तरह एक व्यक्ति का विपरीत दिशा से आने पर चालान और 20 लोगों को हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) न होने पर चालान किया गया है।लखनऊ यातायात पुलिस सभी नागरिकों से यह अपील करती है कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध, चाहे वह आम जन हों या पुलिस कर्मी, भविष्य में भी बिना किसी भेदभाव के ऐसी ही सख्त वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## अखंड आर्यावर्त महासभा का कार्यकर्ता सम्मेलन 11 मई को

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा, उत्तर प्रदेश इकाई के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 11 मई को लखनऊ स्थित राय उमानाथ ऑडिटोरियम, भातखंडे विश्वविद्यालय, कैसरबाग में आयोजित किया जा रहा है।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन सुबह 11 बजे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी करेंगे। इस मौके पर देश-प्रदेश के साधु-संतों सहित विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के प्रतिनिधि एवं संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसमें देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ताओं का 10 मई से पहुंचना शुरू हो जायेगा। सम्मेलन के दौरान प्रदेश में संगठन की मजबूती, आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में हिन्दूवादी विचारधारा रखने वाले प्रत्याशियों को उतारने और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

# एचपीवी टीकाकरण से गर्भाशय कैंसर से बचाव, छात्राओं को किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज के अधीक्षक एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीनारायण ने छात्राओं को एचपीवी वायरस से होने वाले गर्भाशय मुख कैंसर के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह गंभीर बीमारी महिलाओं में तेजी से बढ़ रही है और इससे बचाव का सबसे प्रभावी तरीका समय पर टीकाकरण है। सरकार 14 वर्ष तक की बालिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगा रही है। टीकाकरण के लिए आधार कार्ड और सक्रिय मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि छात्राओं को टीकाकरण के लिए विद्यालय से अवकाश दिया जाएगा, ताकि वे अभिभावकों के साथ जाकर टीका लगवा सकें।

# बेदखली के बाद भी खलिहान भूमि पर कब्जा बरकरार, प्रशासन पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ नोटिस जारी होने के बावजूद नहीं खाली हुई सरकारी जमीन, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

❐ लोगों ने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग की ढिलाई और संरक्षण के चलते कब्जाधारी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही

बख्शी का तालाब,लखनऊ । बख्शी का तालाब तहसील अंतर्गत मानपुर लाला गांव में खलिहान की सरकारी भूमि पर कब्जे का मामला प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। राजस्व विभाग द्वारा बेदखली की कार्रवाई और नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अब तक जमीन कब्जा मुक्त न कराए जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

लोगों ने मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं जानकारी के अनुसार गांव की गाटा संख्या 205, रकबा 0.1010 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के रूप में दर्ज है। आरोप है कि इसी सरकारी भूमि के एक हिस्से, गाटा संख्या 205 रकबा 0.0160 हेक्टेयर पर जगदीशपुर मजरा मानपुर लाला निवासी राकेश द्वारा कब्जा किया गया है। राजस्व विभाग की ओर से कब्जाधारी के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई पूरी कर जमीन खाली कराने का नोटिस भी जारी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कब्जा नहीं हटाया जा सका है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में गंभीर होता तो नोटिस जारी होने के बाद तत्काल प्रभाव से सरकारी भूमि को खाली करा लिया जाता। लोगों ने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग की ढिलाई और संरक्षण के चलते कब्जाधारी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे गांव में प्रशासन की कार्यशैली को लेकर असंतोष लगातार बढ़ रहा है।स्थानीय लोगों के मुताबिक कई बार शिकायतें करने के बाद भी अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहे। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब बेदखली आदेश लागू हो चुका है तो फिर कब्जा हटाने में देरी किसके दबाव में की जा रही है। लोगों का कहना है कि खलिहान जैसी सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जा गांव के सामुदायिक हितों के खिलाफ है और इससे भविष्य में अन्य सरकारी जमीनों पर भी अतिक्रमण को बढ़ावा मिलेगा।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और उच्च राजस्व अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा सरकारी भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# शिवपुरी-बाबापुरवा में बिना अनुमति के रातभर चल रहा अवैध खनन का खेल

❐ पुलिस-प्रशासन की कथित मिलीभगत से दर्जनों डंपरों से रोज हो रहा मिट्टी खनन, 20 फीट तक खुदाई से खुले पानी के स्रोत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। तहसील क्षेत्र के शिवपुरी और बाबापुरवा गांव में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार लगातार बेलगाम होता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन की कथित मिलीभगत से आधी रात के बाद जेसीबी मशीनों और भारी डंपरों के जरिए खेतों व खाली पड़ी जमीनों से बड़े पैमाने पर मिट्टी निकाली जा रही है। रोजाना दर्जनों डंपर क्षेत्र से मिट्टी खोदकर लेकर निकल रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के बजाय मौन साधे हुए हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक कई स्थानों पर 15 से 20 फीट तक गहरी खुदाई की जा चुकी है। हालत यह है कि पीली मिट्टी की परत खत्म होने के बाद अब नीचे से बालू निकलने लगी है और कई जगहों पर पानी के स्रोत भी खुल गए हैं। लोगों का कहना है कि लगातार हो रहे खनन से खेतों का स्वरूप बिगड़ गया है और पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि रातभर गांव की सड़कों से मिट्टी लदे ओवरलोड डंपर गुजरते हैं, लेकिन पुलिस इन्हें रोकने की जहमत तक नहीं उठाती। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बढ़ते गए।ग्रामीणों के अनुसार अत्यधिक खुदाई से कई खेत दलदली होने लगे हैं और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। लोगों ने आशंका जताई कि बरसात के दौरान ये खाइयां बड़े हादसों का कारण बन सकती हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।वहीं एसडीएम साहिल कुमार ने बताया कि सुबह जांच कर खनन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ओवरलोड डंपरों से टूट रहीं ग्रामीण सड़कें

अवैध खनन के चलते शिवपुरी और बाबापुरवा क्षेत्र की ग्रामीण सड़कें तेजी से बदहाल होती जा रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रातभर ओवरलोड डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही से कई संपर्क मार्ग उखड़ चुके हैं। सड़कें जगह-जगह धंसने लगी हैं और बड़े गड्ढों के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि बरसात में हालात और भयावह हो सकते हैं।

## मिट्टी लदे डंपरों ने छीने कई परिवारों के चिराग

अवैध खनन में लगे तेज रफ्तार डंपरों का कहर पहले भी कई परिवारों पर टूट चुका है, 24 सितंबर 2021 को तारनपुर गांव में अपने ननिहाल में रह रही दो सगी बहनें श्रष्टि (10) और दृष्टि (8) स्कूल जाते समय तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से मौत का शिकार हो गई थीं, 9 दिसंबर 2021 को हरदौरपुर निवासी जितेंद्र यादव (30) की बिकामऊ अंडरपास के पास मिट्टी लदे डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई थी,31 दिसंबर 2021 को हरदौरपुर निवासी संजय (46) को भी चंद्रिका देवी रोड पर पैदल जाते समय मिट्टी लदे डंपर ने रौंद दिया था।लगातार हादसों के बावजूद अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी अंकुश न लग पाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# घर जमाई बनो, शादी का पूरा खर्च उठाओ तभी होगी शादी

❐ शादी से पहले नई शर्तों से मचा बवाल, युवक पहुंचा थाने

❐ बरीक्षा के बाद बदले तेवर, युवक बोला, मानसिक रूप से किया जा रहा प्रताड़ित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहां, लखनऊ। शादी तय होने के बाद ससुराल पक्ष की नई-नई शर्तों से परेशान एक युवक ने थाना निगोहां पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। युवक ने आरोप लगाया है कि होने वाले ससुराल पक्ष ने उस पर घर जमाई बनने, शादी का पूरा खर्च उठाने और बारात कानपुर लाने का दबाव बनाया, जिससे पूरा परिवार तनाव में आ गया है।

निगोहां के गौतमखेड़ा निवासी युवक के अनुसार उसका विवाह 13 मई 2026 को नगराम क्षेत्र की युवती से तय हुआ था। एक मई को गोद भराई और बरीक्षा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसमें उसने होने वाली दुल्हन को करीब 1.20 लाख रुपये के जेवर भी भेंट किए। पीड़ित का आरोप है कि कार्यक्रम के बाद कन्या पक्ष का व्यवहार अचानक बदल गया। पहले घर जमाई बनने की बात कही गई, फिर शादी का पूरा खर्च उठाने का दबाव बनाया जाने लगा। युवक का कहना है कि विरोध करने पर उसे फोन पर अपमानित किया गया और लगातार मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। युवक ने यह भी बताया कि पहले बारात डिघारी गांव लाने की बात तय थी, लेकिन अब अचानक कानपुर बारात लाने की शर्त रखी जा रही है। बदलती शर्तों से शादी को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। वहीं थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि युवक की शिकायत मिली है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान का किया शुभारम्भ

❒ करीब 26 किमी होगा नदी की खुदाई का कार्य, 15 दिन का लक्ष्य निर्धारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकास खण्ड बण्डा की ग्राम पंचायत नवादा ढाह से दलेलापुर जलधारा भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया और कहा कि सरकार के निर्देश पर प्रत्येक जनपद में एक नदी को पुनर्जीवित करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष नदी की लगभग 55-56 किलोमीटर लंबाई में खुदाई का कार्य पुवायां क्षेत्र के पन्नाघाट, गंगसरा आदि क्षेत्रों में स्थानीय क्षेत्रवासियों एवं प्रशासनिक टीम के सामूहिक प्रयास से हुआ था। इस बार नदी की दूसरी धारा की खुदाई का कार्य शुरू किया जा रहा है। जिसकी लंबाई लगभग 25-26 किलोमीटर है और कार्य को पूरा करने का लक्ष्य 10 से 15 दिन निर्धारित है। 20 तारीख तक कार्य को संतोषजनक स्थिति में लाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद पुनः स्थलीय निरीक्षण एवं कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक दूसरे-तीसरे दिन कार्य की निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि आने वाले चार-पांच वर्षों में इस नदी में पानी का प्राकृतिक प्रवाह पुनः विकसित होने की पूरी संभावना है, क्योंकि पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ने में वर्षों लगे हैं, इसलिए उसे पुनः ठीक करने में भी समय लगेगा। कहा कि पिछली बार भैंसी नदी के किनारे बड़ी संख्या में पौधारोपण हुआ था तथा इस वर्ष भी लगभग 40 से 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। कहा कि ऐसे पौधों का चयन किया जाए, जो नदी के किनारे आसानी से विकसित हो सकें। जिन्हें पशुओं से भी कम नुकसान हो। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के तहत छात्राओं को किया जागरूक



शाहजहांपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के तहत होली एंजेल स्कूल चिनोर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और सैनिटरी पैड्स का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और हेल्पनाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, सेंटर मैनेजर नमिता यादव सहित प्रधानाचार्य फातिमा, प्रतिमा, मोहिनी सिंह, सविता सक्सेना, आरुषि आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## असपा के नगर विधान सभा अध्यक्ष स्वयं प्रकाश व महानगर अध्यक्ष अय्यूब बने

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक शहर के एक मैरिज लॉन में हुई। बैठक में पहुंचे आजाद समाज पार्टी कांशीराम के नवनियुक्त मंडल प्रभारी ब्रह्म स्वरूप सागर और प्रदेश सचिव ऋषिपाल सिंह एडवोकेट का स्वागत किया गया।

इस दौरान बूथ कमेटी व सेक्टर कमेटी बनाने पर जोर दिया गया और शाहजहांपुर 135 में नगर विधानसभा अध्यक्ष के पद पर स्वयं प्रकाश कौशल एडवोकेट तथा महानगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अय्यूब हुसैन को सौंपी गई। बैठक में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रदेश उपाध्यक्ष कोर कमेटी सदस्य अच्छन अंसारी एडवोकेट, प्रदेश संगठन सचिव/ मुख्य मंडल प्रभारी संजीव सागर, प्रदेश संयोजक भाईचारा कमेटी राजेन्द्र सिंह गुर्जर, मंडल प्रभारी महेश सागर, मंडल संयोजक राना सिंह, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार एडवोकेट, जिला संयोजक भाईचारा कमेटी चेतराम कुशवाहा, जिला प्रभारी हुकुम सिंह, रविन्द्र बौद्ध, जिला कोषाध्यक्ष संतोष चैधरी, जिला उपाध्यक्ष पंकज गौतम, राजीव गौतम, जीशान, पुवायां विधानसभा अध्यक्ष बाबूराम, जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष मुनेश गौतम, महानगर महामंत्री उदय प्रताप, ओमकार मौर्य, सुशील कुमार एडवोकेट, आशीष, दाताराम, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद रहे।

# ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

❒ समयबद्ध जारी हों प्रमाण पत्र, शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जनपद स्तर पर गठित जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी (डी0ई0जी0एस0) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ई-डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से जनता को उपलब्ध कराये वाली सेवाएं समयबद्ध रूप से जारी करायी जायें।

उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के प्रमाण-पत्र निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराये जायें। जिलाधिकारी ने ई-डिस्ट्रिक्ट से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं संबंधी प्रस्तावों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की एवं आवश्यक सुविधाओं हेतु अनुमोदन भी प्रदान किये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल जनसुनवाई एवं अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने की विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि संचालित परियोजनाओं के कार्यों को समय से पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। विद्युत आपूर्ति एवं बिलिंग से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के दृष्टिगत विद्युत की सुचारू आपूर्ति हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि खराब ट्रांसफार्मर समय से ठीक कराये जायें। लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के सभी अधिशासी अभियन्ता, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लंबित जन्मप्रमाण पत्र पत्रावलियो का शीघ्र किया जाए निस्तारण : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ



मछरेहटा, सीतापुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर ब्लॉक इकाई मछरेहटा के पदाधिकारियों द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र मछरेहटा में खंड शिक्षा अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सहायक लेखाकार सतेंद्र गुप्ता को सौपा गया।अध्यक्ष देवर्षि प्रताप सिंह व महामंत्री नीरज गौतम ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित बच्चों में से अनेक बच्चे अभी भी आधार विहीन है।विभागीय उच्च अधिकारियों के निर्देश पर स्कूलों द्वारा आधारविहीन बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाने हेतु जरूरी जन्म प्रमाण पत्र पत्रावलियां तैयार कर बीआरसी मछरेहटा को उपलब्ध कराई गई थी जिनमें से कतिपय पत्रावलियों का ही निस्तारण अद्यतन हो सका है।नवीन शैक्षिक सत्र शुरू हुए एक माह से अधिक समय बीत जाने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने पत्रावलियों के त्वरित निस्तारण की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने स्व-गणना को लेकर विकास भवन में की बैठक

❒ पोर्टल से कर सकते हैं स्व-गणना- अनुपस्थित कर निर्धारण अधिकारी पर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में स्व-गणना को लेकर विकास भवन सभागार में बैठक हुई। डीएम ने बैठक में अनुपस्थित नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी विपिन कुमार पर निलम्बन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने सुपरवाइजर एवं प्रगणक से अधिक से अधिक स्व- गणना करना सुनिश्चित करें। 15 मई तक 200 स्व-गणना कराने वालों को पुरस्कृत करेंगे। कहा कि भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। इस बार की जनगणना-2027 में प्रथम बार स्व-गणना का प्राविधान है। उक्त स्व-गणना की अवधि 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक के मध्य सम्पादित की जानी है। जिसमें सामान्य निवासी मोबाइल से अपना स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से भी स्व-गणना कर सकता है। अधिक से अधिक कराये जाने के उद्देश्य से 106 नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र से संबंधित प्रगणकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए भ्रमणशील रहें और स्व-गणना को अधिक से अधिक ससमय गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि जनगणना-2027 का कार्य सरकार एवं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं मे से एक है, इसलिए इस कार्य में कोई भी लापरवाही क्षम्य न होंगी। बैठक में एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त एवं राजस्व सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद केंद्र पर डीएम की 'सरप्राइज एंट्री', किसानों से सीधे पूछा-एमएसपी मिल रहा या नहीं

❒ मंडी में नीलामी प्रक्रिया पर डीएम सख्त, बोले-नियम से होगी बोली, वीडियो बनाकर भेजो

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। गेहूं खरीद व्यवस्था की हकीकत परखने शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह अचानक कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंच गए। अफसरों और कर्मचारियों में उस समय हलचल मच गई जब डीएम सीधे गेहूं क्रय केंद्रों पर पहुंचकर किसानों से आमने-सामने बात करने लगे। उनके साथ डिप्टी आरएमओ नमन पाण्डेय भी मौजूद रहे।

सबसे पहले डीएम खाद्य विभाग के गेहूं क्रय केंद्र पहुंचे, जहां मितौली तहसील के ग्राम देतेलीकला निवासी किसान अवतार सिंह और अमरजीत सिंह का गेहूं तौला जा रहा था। डीएम ने किसानों से सीधा सवाल किया। ल्लकोई दिक्कत तो नहीं हो रही?ङ्ग किसानों ने साफ कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिना परेशानी खरीद हो रही है। किसानों के लिए रखे पानी और गुड़ की व्यवस्था भी डीएम ने देखी। इसी दौरान उन्होंने खुद किसान को गुड़ खिलाकर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इसके बाद डीएम सहकारिता विभाग के क्रय केंद्र पहुंचे, जहां सिवकहा निवासी हरमन अपने पिता बलदेव सिंह की उपज बेचने आए थे। डीएम ने खरीद संबंधी अभिलेख खंगाले और किसान से लंबी बातचीत कर उपज, तौल और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान डीएम ने खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के क्रय केंद्रों का जायजा लिया। मंडी द्वितीय में अब तक 56 किसानों से 4000 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है, जिसमें 1722 कुंतल का प्रेषण हो चुका है तथा 2278 कुंतल अवशेष है। वहीं यूपीपीसीयू बी-पैक्स केंद्र पर 15 किसानों से 600 कुंतल गेहूं की खरीद की गई। निरीक्षण के दौरान मंडी में नीलामी प्रक्रिया को लेकर शिकायत सामने आई कि बोली ऊपर से नीचे की जा रही है। इस पर डीएम का रुख सख्त दिखा। उन्होंने मंडी सचिव को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि नीलामी पूरी तरह नियमानुसार कराई जाए और मंडी निरीक्षक इसकी निगरानी सुनिश्चित करें। साथ ही चबूतरे की नीलामी प्रक्रिया का वीडियो बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।डीएम ने मंडी में स्थापित विभिन्न एजेंसियों के क्रय केंद्रों और वहां हुई खरीद की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की।

# सीडीओ अभिषेक कुमार की दूरदृष्टि से शहर को मिलेंगे दो नए फोरलेन

❒ ट्रैफिक जाम से राहत की बड़ी तैयारी**शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई रफ्तार देने में जुटे सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । शहर की तस्वीर बदलने की दिशा में सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक और बड़ी पहल की है। उनकी सक्रियता और दूरदर्शी सोच के चलते शहर को जल्द ही दो नए फोरलेन मार्गों की सौगात मिलने जा रही है। सीडीओ ने अफसरों की टीम के साथ दोनों प्रस्तावित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर तेजी से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इसे शीघ्र शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जा सके।सीडीओ अभिषेक कुमार की प्राथमिकता में शामिल रामापुर तिराहे से नौरंगाबाद शहर सीमा तक करीब 2.9 किलोमीटर लंबा मार्ग अब फोरलेन में तब्दील होगा। यह सड़क लंबे समय से बढ़ते ट्रैफिक दबाव से जूझ रही थी, लेकिन अब इस परियोजना के जरिए शहरवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।वहीं दूसरी महत्वाकांक्षी योजना के तहत डॉन बॉस्को नहर से गोला रोड तक 4.6 किलोमीटर लंबाई में नहर पटरी मार्ग को भी फोरलेन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस परियोजना की खास बात यह है कि सीडीओ अभिषेक कुमार ने सिर्फ सड़क चौड़ीकरण ही नहीं, बल्कि नहर की उपयोगिता बढ़ाने का भी खाका तैयार कराया है। योजना के तहत नहर को अधिक गहरा और व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे उसकी जलधारण क्षमता बढ़ेगी और दोनों ओर की पटरी को चौड़ा कर बेहतर सड़क बनाई जा सकेगी।सीडीओ अभिषेक कुमार की कार्यशैली का असर अब शहर के विकास कार्यों में साफ दिखाई देने लगा है।

## परिवार परामर्श केंद्र में 16 पत्रावलियों पर हुई सुनवाई, एक दंपति का हुआ समझौता




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। इस दौरान 16 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। जिनमें से 01 दम्पत्ति को आपसी समझौते के बाद उन्हें सकुशल विदा किया गया।दरअसल, थाना बण्डा क्षेत्र के एक दम्पत्ति का विवाह लगभग 09 वर्ष पहले हुआ था। पति शराब पीकर पत्नी से मारपीट करता था। पत्नी का कहना था कि पति ने अपने भाई के कहने से उसे घर से निकाल दिया। जिस कारण वो करीब 02 महीने से अपने मायके में रह रही है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया और उनकी समस्याओं को सुनकर उन्हें समझाया-बुझाया गया। जिसके बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए तथा आपसी सहमति से समझौता कर लिया। तत्पश्चात दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र महिला उप निरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका कुमारी, आरक्षी साकेत तथा परामर्शदाता शशीप्रभा कौशल आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों के द्वार पहुंची स्वास्थ्य सेवा: नि:शुल्क शिविर में 140 मरीजों का हुआ उपचार

**लहरपुर,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मोहल्ला गन्नी टोला, खेमकरण इंटर कॉलेज के सामने 8 मई 2026 को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर श्री पीताम्बरा शिक्षा समिति एवं के.पी. सिंह मेमोरियल अस्पताल द्वारा जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।शिविर में कुल 140 मरीजों का पंजीकरण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श, आवश्यक जांच एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान 40 मरीजों के रक्त नमूने लिए गए, जबकि 85 से अधिक लोगों को नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल को अत्यंत लाभकारी बताते हुए आयोजकों की सराहना की।कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के मैनेजर डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जीवनदायी साबित हो रहे हैं, जहां लोगों को उनके घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिल जाती हैं। उन्होंने समय पर जांच, स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर देते हुए लोगों को जागरूक किया।शिविर में डॉ. एस. ए. मीर (जनरल मेडिसिन), डॉ. अहतीशाम खान (जनरल फिजिशियन), डॉ. मधुलिका राय (स्त्री एवं प्रसूति रोग), डॉ. हर्षित जैन (सर्जन) एवं डॉ. मुस्कान (स्त्री रोग विशेषज्ञ) सहित चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। नर्सिंग स्टाफ और स्वयं सेवकों ने पंजीकरण से लेकर दवा वितरण तक सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संभालीं।कार्यक्रम में प्रोग्राम मैनेजर अंशुमान सिंह, संयोजक ऐश्वर्य प्रताप सिंह एवं के.पी. सिंह मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर डॉ. अनुप कुमार सरवैया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों, चिकित्सकों, स्वयं सेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, आपसी समझौते से होगा मुकदमों का निपटारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। न्याय की आस में वर्षों से अदालतों के चक्कर काट रहे वादकारियों के लिए राहत भरी खबर है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर-खीरी के तत्वावधान में आगामी 09 मई (शनिवार) को दीवानी न्यायालय परिसर में 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण करना है।

प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश शिव कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित होने वाली इस लोक अदालत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार सुबह 10 बजे से मामलों की सुनवाई शुरू हो जाएगी। न्यायिक अधिकारियों का कहना है कि लोक अदालत में न केवल समय और पैसे की बचत होती है, बल्कि आपसी सौहार्द भी बना रहता है। पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बरीष त्रिपाठी और ?नोडल अधिकारी (राष्ट्रीय लोक अदालत)/अपर जिला जज अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने आम जनता और वादकारियों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं सरल निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत कम समय और सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी प्रकृति के विभिन्न वादों का आपसी सुलह -समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसमें वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण वसूली के प्री-लिटिगेशन प्रकरण, टैक्स वसूली, बिजली बिल संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम एवं वन अधिनियम से जुड़े प्रकरण, एन.आई. एक्ट की धारा-138 के मामले, राजस्व वाद, उत्तराधिकार, चकबंदी, भूमि अध्याप्ति तथा लघु फौजदारी मामलों को शामिल किया गया है।

# सीतापुर में सड़क चौड़ीकरण अभियान तेज, 25 मीटर तक हटेगा अतिक्रमण

❒ सिटी मजिस्ट्रेट ने दी चेतावनी, स्वयं कब्जा हटाने को कहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । शहर में सड़क चौड़ीकरण अभियान को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। शहर के प्रमुख मार्गों पर चल रहे अभियान के तहत सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सीमा के भीतर आने वाले अवैध निर्माण और कब्जे हटाए जाएंगे।

सिटी मजिस्ट्रेट ने संबंधित दुकानदारों, मकान मालिकों और कब्जाधारकों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित सीमा के भीतर आने वाले निर्माण स्वयं हटा लें, अन्यथा प्रशासन बुलडोजर कार्रवाई करेगा। बताया जा रहा है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए लगभग 25 मीटर तक क्षेत्र को खाली कराया जाएगा।

प्रशासन का कहना है कि शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आवागमन सुगम हो सके और लोगों को राहत मिल सके। वहीं कार्रवाई की सूचना मिलते ही कई स्थानों पर लोगों ने अपने स्तर से दुकान के शेड और अस्थायी निर्माण हटाने शुरू कर दिए हैं।

सड़क चौड़ीकरण को लेकर कुछ स्थानों पर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली, लेकिन प्रशासन ने साफ कहा है कि सरकारी भूमि और सड़क सीमा पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस बल और नगर प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

## आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए सीतापुर पुलिस अलर्ट



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददात।** आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये आज दिनाँक 08.05.2026 को पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी/उत्तरी दुर्गेश कुमार सिंह व आलोक सिंह के कुशल नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन सीतापुर परेड ग्राउंड में अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा दंगा नियन्त्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। ड्रिल का उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी आपातकालीन स्थिति,कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा बल्वाई परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु प्रशिक्षित एवं सतर्क रखना था। ड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग,भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा उपायों तथा त्वरित कार्रवाई संबंधी आवश्यक जानकारियां एवं अभ्यास कराया गया। जवानों ने अनुशासन एवं तत्परता साथ ड्रिल में प्रतिभाग किया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में संयम, सतर्कता एवं टीम भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सिधौली, क्षेत्राधिकारी महोली व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संभल में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को पंख: 10 में से 6 जन औषधि केंद्र हुए सक्रिय, डीएम की मॉनिटरिंग से बदलेगी तस्वीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ सुमन मेडिकल स्टोर' एजेंसी को मिला जिम्मा, असमोली समेत 4 अन्य केंद्रों के लिए भी कक्ष आवंटित, जल्द होंगे शुरू
- ❒ जागरूकता के अभाव पर जिलाधिकारी ने लिया कड़ा संज्ञान, मरीजों को समझाकर सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

संभल । जिले में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को महंगी दवाओं के बोझ से निजात दिलाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना अब तेज रफ्तार पकड़ रही है। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की सक्रिय मॉनिटरिंग और लगातार समीक्षा के चलते जिले के 10 प्रमुख चिकित्सालयों में से 6 में जन औषधि केंद्र पूरी तरह से क्रियाशील होकर मरीजों को अपनी सेवाएं देने लगे हैं।

हाल ही में गुन्नौर सीएचसी में मरीजों की कम संख्या (प्रतिदिन महज 5-6 मरीज) की बात सामने आने पर प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आ गया। जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि इन केंद्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रशासन की इस सकारात्मक पहल और सख्ती के बाद अब मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से महंगी दवाइयां खरीदने की मजबूरी से हमेशा के लिए छुटकारा मिलने जा रहा है।

### 6 केंद्रों ने दी राहत, 4 की तैयारी तेज

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सेवा प्रदाता एजेंसी 'सुमन मेडिकल स्टोर' झांसी के जरिए इन केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में जुनावई, रजपुरा, गुन्नौर, सम्भल, नरौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल में जन औषधि केंद्र सुचारू रूप से चल रहे हैं। जिलाधिकारी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि असमोली, बहजोई, पवांसा और चन्दौसी सीएचसी में भी इन केंद्रों के लिए कक्ष पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं। इन चारों केंद्रों पर डीएम की पैनी नजर है और इन्हें भी जल्द से जल्द क्रियाशील करने की प्रक्रिया जोरों पर चल रही है।

### जागरूकता से मिटेगा भ्रम, मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ

अक्सर देखा गया है कि मरीज सरकारी अस्पताल की मुफ्त दवाओं और जन औषधि केंद्र की सस्ती दवाओं के बीच के अंतर को लेकर भ्रमित रहते हैं। इस भ्रांति को दूर करने के लिए डीएम के निर्देशों के बाद स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया है। गुन्नौर सीएचसी प्रभारी डॉ. राजकिशोर के नेतृत्व में अब मरीजों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। मरीजों को समझाया जा रहा है कि जो दवाएं अस्पताल के स्टॉक में नहीं हैं, उन्हें बाहर से भारी कीमत पर खरीदने के बजाय अस्पताल परिसर में मौजूद जन औषधि केंद्र से बेहद कम और रियायती दरों पर प्राप्त करें। अस्पताल प्रशासन अब परिसरों में जगह-जगह जागरूकता बोर्ड लगाने जा रहा है ताकि अस्पताल आने वाला हर मरीज इस कल्याणकारी योजना का पूरा लाभ उठा सके।

## 174.40 लाख से होगा मुरादाबाद के डियर पार्क का सुंदरीकरण



मुरादाबाद । मुरादाबाद में रामपुर रोड स्थित डियर पार्क के संचालन के लिए उसका सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसके लिए 174.40 लाख की सुंदरीकरण योजना तैयार कर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को भेज दी गई है। बजट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।जिला वन अधिकारी अविनाश चंद्र ने आगे बताया कि प्रेमवंडर लैंड के पास स्थित संपार संख्या 413-ए पर अतिरिक्त दो लेन ऊपरिगामी सेतु के निर्माण के लिए कार्य योजना जिलाधिकारी से अनुमोदित कराकर विश्वकर्मा पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है।उन्होंने आगे बताया कि डियर पार्क का पीपीपी मॉडल संभव नहीं है। डियर पार्क के संचालन के लिए 174.40 लाख की सुंदरीकरण योजना तैयार कर प्रेषित की गई है। बजट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राप्ती नदी में डूबे किशोरों का नहीं लगा सुराग, परिजनों ने जाम किया फोरलेन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

श्रावस्ती । राप्ती नदी में किशोरों के डूबने के बाद परिजनों ने प्रशासन पर उन्हें ढूंढने में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शुक्रवार की दोपहर भिनगा-बहराइच फोरलेन मार्ग जाम कर दिया। एसडीएम आशीष भारद्वाज के समझाने पर परिजनों ने करीब आधे घंटे बाद जाम खोला। जाम में सैकड़ों वाहन चिलचिलाती धूप में फंसे रहे और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा।बताते चलें कि गिलौला थाना क्षेत्र के घोरमा परसिया कॉलोनी निवासी पप्पू जायसवाल के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बहराइच जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के मरौचा निवासी राहुल(16), प्रेम प्रकाश (16) व गोंडा जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी विनय कुमार (22) आए थे।बृहस्पतिवार की दोपहर तीनों घोरमा परसिया गांव निवासी रिश्तेदार अभिषेक (15) व अवि(16) के साथ सब्जी खरीदने के लिए राप्ती नदी के भकला पुल स्थित सब्जी की दुकान गए थे। सब्जी खरीदने के दौरान पांचों ने राप्ती नदी में नहाने का मन बनाया और झुनझुनिया घाट पहुंच गए। नदी की धारा तेज होने से पांचों डूबने लगे। राहुल, अभिषेक व विनय तो किसी तरह बच गए लेकिन प्रेम प्रकाश व अवि नदी की तेज धारा में लापता हो गए। उन्हें ढूंढने में एसडीआरएफ, पीएसी बाढ़ व स्थानीय गोताखोरों की टीम लगी है। बावजूद इसके शुक्रवार को परिजन किशोरों को ढूंढने में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतर आए और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर एसडीएम भिनगा आशीष भारद्वाज, नायब तहसीलदार शुभम तिवारी पहुंचे और ग्रामीणों को समझा कर जाम खुलवाया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से साकार हुआ अपने घर का सपना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। इस योजना के माध्यम से ऐसे अनेक परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो वर्षों से कच्चे मकानों अथवा किराये के घरों में रहने को मजबूर थे। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद बदायूं के वार्ड संख्या 18, मोहल्ला कल्याण नगर निवासी विनीत कुमार पुत्र श्री रोशन लाल को भी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे उनका अपने पक्के घर का सपना पूरा हो सका है। विनीत कुमार एक निजी नौकरी करते हैं। पहले उनके पास केवल एक खाली प्लॉट था और वे अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहते थे। सीमित आय और आर्थिक कठिनाइयों के कारण स्वयं का मकान बनाना उनके लिए बेहद कठिन था। किराये के मकान में रहने के दौरान उन्हें और उनके परिवार को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी बीच उन्हें अपने मित्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी मिली। योजना के बारे में जानने के बाद उन्हें विश्वास हुआ कि अब उनका भी अपना घर हो सकेगा।

इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवेदन किया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनका नाम योजना में चयनित हो गया और उन्हें पक्के आवास हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। योजना के अंतर्गत मिली धनराशि से उन्होंने अपने मकान का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। आज वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में अपने पक्के घर में रह रहे हैं। विनीत कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जैसी जनकल्याणकारी योजना ने उनके परिवार को नई जिंदगी दी है। उन्होंने कहा कि अब उनका परिवार सुरक्षित महसूस करता है और उन्हें जीवन में स्थायित्व मिला है। घर में शौचालय बनने से परिवार को बाहर शौच के लिए नहीं जाना पड़ता, जिससे महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा और सुविधा भी सुनिश्चित हुई है। योजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन) श्रेणी के लिए 30 से 45 वर्ग मीटर में नए आवास का प्रावधान है, जिसमें पति-पत्नी व अविवाहित पुत्र व पुत्री एक ही परिवार में शामिल होंगे। रुपए 1.50 लाख केंद्र सरकार से तथा 1.00 लाख राज्य सरकार द्वारा कुल ढाई लाख रुपये अनुदान के रूप में दिए जाते हैं। जिसमें प्रथम किस्त में रुपए 1 लाख, द्वितीय किस्त में रुपए 1 लाख तथा तृतीय किस्त में रुपए 50 हजार अनुदान के रूप में उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। विनीत कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आज उनका परिवार सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर रहा है और वे सरकार के प्रति सदैव आभारी रहेंगे।

## महोबा में पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

- ❒ अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर-ट्रॉली चोर गैंग का पर्दाफाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महोबा। यूपी के महोबा जनपद में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत तीन अन्य ट्रैक्टर, दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं।

शुक्रवार को जिले के पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने बताया कि चरखारी कस्बा के रायनपुर निवासी दीनदयाल ने 1 मई 2026 को चरखारी थाने में शिकायत दी थी कि 30 अप्रैल की रात उनका महिंद्रा 475 क्क्रट्रैक्टर ट्रॉली अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए चरखारी पुलिस, स्वॉट व सर्विलांस की टीम को लगाया गया।एसपी ने बताया कि गुरुवार की रात पुलिस टीम गौरहारी व भटेवरा कलां के बीच टूटी पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। तभी संदिग्ध ट्रैक्टर ट्रॉली दिखाई दिए, जिन्हें रोकने पर रोकने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने मौके से तीन बदमाशों को दबोच लिया है।ट्रैक्टर-ट्रॉली बेचने के लिए बदमाश मध्यप्रदेश जा रहे थे और हथियारों से लैस थे।एसपी ने बताया कि तीन बदमाशों को पकड़ा गया है। जिसमें गजेन्द्र बघेल और रंजीत बघेल निवासी ग्राम गौसपुर, थाना सरायछोला, मुरैना, मध्य प्रदेश दोनों मुठभेड़ में घायल हुए हैं जबकि इनके साथ ही एक अन्य बदमाश मुरैना निवासी ही रविन्द्र बघेल को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों के पास से चोरी का महिंद्रा ट्रैक्टर ट्रॉली, 2 तमंचे 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 2 खोखा कारतूस, 2 मोबाइल और नकदी बरामद हुई है। पूछताछ के बाद बदमाशों के कब्जे से गुढ़ा गांव के एक बाग से 3 और संदिग्ध ट्रैक्टर बरामद किए गए हैं ,इनमें 2 आयशर और 1 सोनालिका कंपनी का है।गजेन्द्र बघेल का आपराधिक इतिहासगिरफ्तार गजेन्द्र पर मुरैना में ट्रैक्टर चोरी और जयपुर में मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अन्य आरोपितों का भी आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

**बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य डॉ सत्यपाल ने अपने बैठक पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे डॉ विनेश कुमार जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया की विश्व रेडक्रॉस सोसाइटी की स्वास्थ्य के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर सहभागिता रहती है इसी तरह डॉ सत्यपाल जी द्वारा क्षय रोगियों के लिए स्वेक्षा से गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराई जाती रहीं हैँ द्य आज विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भी डॉ सत्यपाल जी द्वारा बीस क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराई गयी है क्षय रोग विभाग के साथ साथ समस्त स्वास्थ्य विभाग रेड क्रॉस सोसाइटी का ऋणी रहेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने इसी तरह जनपद की विभिन्न स्वम सेवी संस्थाओं से स्वेक्षा से टी बी के मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराने की अपील की जिस से समाज से अतिशीघ्र टीबी की बीमारी को समाप्त किया जा सके एवं क्षय रोगी को स्वस्थ होने में सहायता मिले। गोष्ठी में रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य एवं उनके सहयोगी, सुदेश सक्सेना डीपीटीसी/ एसटीएस, संदीप राजपूत, सूरजपाल उपस्थित रहे ।

### ओवरसीज जॉब हेतु इच्छुक अभ्यर्थी करे ऑनलाइन आवेदन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकान्त यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत रोजगार संगम पोर्टल ¼rojgaarsangam.up.gov.in) के माध्यम से ओवरसीज जॉब के अन्तर्गत सउदी अरब में बैंकेंसी रिक्रूटमेन्ट एजेन्सी के माध्यम से किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रिक्रूटमेन्ट एजेन्सी क्रियेटिव इन्टरप्राइजेज द्वारा सउदी अरब में मैकेनकल, फिटर, फ़ेब्रीकेशन फोरमैन, मैकेनिकल टेक्निीशियन, स्ट्रक्चर फैब्रीकेटर, पाइप फैब्रिकेटर,, वेल्डर्स, हेल्पर्स सुपरवाइजर की भर्ती रू0- 60000/-से 150000/-मासिक सैलरी पैकेज में किया जाना है। पासपोर्ट धारक एवं उपरोक्त क्षेत्र में अनुभव वाले अभ्यर्थी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का सश्रम कारावास

महोबा । यूपी के महोबा जनपद में चाचा के घर जा रही किशोरी को पड़ोसी घसीटकर अपने घर के अंदर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। शुक्रवार को न्यायालय ने दोषी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 31 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है तो वहीं जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।जनपद के थाना खरेला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसके माता-पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। छह जनवरी 2024 की सुबह वह अपने चाचा के यहां जा रही थी तभी गांव का प्रदीप सिंह उसके पास आया और हाथ पकड़कर घर के अंदर घसीटकर ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया।किशोरी किसी तरह से आरोपित के चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंची और अपनी बहन व दादा को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता ने परिजन के साथ थाना खरेला में शिकायत दर्ज कराई।

## पीएम स्वनिधि योजना ने बदला स्ट्रीट वेंडर्स का जीवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश के बदायूं नगर के मोहल्ला मीरा सराय निवासी राज कुमार मौर्य जो पिछले 10 वर्षों से फल एवं सब्जी विक्रेता के रूप में अपना जीवनयापन कर रहे हैं, आज आत्मनिर्भरता और संघर्ष की एक मिसाल बन चुके हैं। साधारण परिवार से आने वाले राज कुमार मौर्य अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चे (8 वर्ष एवं 3 वर्ष) हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन ने उनके जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। बाजार बंद होने से उनकी रोजी-रोटी पूरी तरह ठप हो गई और परिवार के भरण-पोषण में गंभीर संकट उत्पन्न हो गया। ऐसे कठिन समय में उन्हें सरकार की पीएम स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मिली, जो स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी गारंटी के ऋण उपलब्ध कराती है। राज कुमार मौर्य ने इस योजना के तहत सबसे पहले प्रथम चरण का ऋण लिया, जिससे उन्होंने पुनः अपना ठेला लगाना शुरू किया। समय पर ऋण चुकाने के कारण उन्हें द्वितीय और तृतीय चरण के ऋण भी आसानी से प्राप्त हुए। उन्होंने इन सभी ऋणों को नियमित रूप से आसान किस्तों में चुकाया, जिससे उनकी बैंकिंग साख भी मजबूत हुई। आज वे बदायूं के पंजाबी मार्केट, भगत जी समोसा कॉर्नर के पास अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक चला रहे हैं। उनकी आय में सुधार हुआ है और वे अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर पा रहे हैं। उनके बड़े बेटे की पढ़ाई भी अब सुचारू रूप से सिटी पब्लिक स्कूल, बदायूं में चल रही है। राज कुमार मौर्य की यह कहानी यह दर्शाती है कि यदि सही समय पर उचित सहायता और व्यक्ति का आत्मविश्वास साथ हो, तो कोई भी कठिन परिस्थिति सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। पीएम स्वनिधि योजना ने न केवल उनके व्यवसाय को पुनर्जीवित किया, बल्कि उनके जीवन में स्थिरता और सम्मान भी लौटाया। वर्तमान में उन्होंने इस योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के लिए भी आवेदन किया है, जिससे उनके व्यवसाय को और अधिक विस्तार मिलने की संभावना है। यह कहानी अन्य स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक प्रेरणा है कि वे भी इस योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

### प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी फरार

फतेहपुर । उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को मामूली विवाद से आक्रोशित प्रेमी ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना पुलिस के मुताबिक, बहादुरपुर गांव निवासी राजपाल ने अपनी प्रेमिका लालती देवी की आज दोपहर गला दबाकर हत्या कर दिया और मौके से फरार हो गया। ललिता देवता का मायका असोथर थाना क्षेत्र के कैथन पुरवा गांव में है। उसकी शादी थरियांव थाना क्षेत्र के नयापुरवा गांव में हुई थी। लेकिन पिछले दो साल से लालती देवी बहादुरपुर गांव निवासी राजपाल के साथ रह रही थी। आज किसी बात को लेकर राजपाल व लालती देवी के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर राजपाल ने लालती देवी का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही लालती की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित राजपाल फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना की जांच कर साक्ष्य जुटाया।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित राजपाल के खिलाफ परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ के रक्त केन्द्र विभाग द्वारा विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया रोग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में वर्ष 2023 बैच के नर्सिंग छात्रों द्वारा ओपीडी हॉल में थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अरुण कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ एवं डॉ. श्रीनिवासन गांधी, प्रधानाचार्य, नर्सिंग कॉलेज के निर्देशन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. लालेन्द्र यादव, सहायक आचार्य, फार्माकोलॉजी विभाग तथा डॉ. वैशाली, सहायक आचार्य, पैथोलॉजी विभाग द्वारा स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार द्वारा किया गया। शिविर में कुल 10 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 02 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार एवं रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ. वैशाली सिंह द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं ब्लड डोनेशन कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोग में नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ लगातार जन-जागरूकता एवं सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है। मैं सभी युवाओं एवं नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें और जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहभागी बनें।

डॉ सुचेता यादव विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी द्वारा थैलेसीमिया संबधित प्रीनेटल स्क्रीनिंग के बारे में जानकारी दी गई और बताया की थैलेसीमिया मरीज को ब्लड बैंक से बिना रक्तदान किए ही ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। गत वर्ष राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में कुल 999 रक्तदान हुए, जिनमें 938 रिप्लेसमेंट डोनेशन तथा 61 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से प्राप्त हुए। संस्थान में ब्लड कम्पोनेंट्स निर्माण की सुविधा भी उपलब्ध है।थ्कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह, विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी डॉ. सुचेता यादव, सहायक आचार्य डॉ. श्रवण कुमार भार्गव, दंत रोग विभाग से डॉ. नेहा सिंह, पैथोलॉजी विभाग से डॉ. श्वेता कनौजिया एवं डॉ. मयंक सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रक्त केन्द्र के लैब टेक्नीशियन श्री रजनीश कुमार पटेल तथा नर्सिंग स्टाफ सालवी राठौर आदि का विशेष योगदान रहा।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से महिला की मौत

देवरिया । देवरिया जनपद के थाना बनकटा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घर से निकली महिला को मझौली-मैरवा मार्ग पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।थानेदार दिनेश कुमार मौर्य के अनुसार, थाना बनकटा क्षेत्र के रुस्तम बहियारी गांव निवासी लक्ष्मीना देवी (37) पत्नी महेंद्र प्रसाद शुक्रवार सुबह किसी कार्य से घर से बाहर निकली थीं।


## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

संख्या-45/ 15वां वित्त आयोग / जेम पोर्टल /न0पं0है0/2026-27 दिनांक - 30 अप्रैल 2026

**क्रय स्वीकृति आदेश**

शासनादेश संख्या-3890 / नौ - 5 - 19-149सा / 2019 नगर विकास अनुभाग -5 लखनऊ दिनांक- 20 सितम्बर 2019 के क्रम में समस्त सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों / फर्मो को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हैदरगढ को 15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि की प्रस्तावित कार्ययोजना पर जिलाधिकारी महोदय बाराबंकी द्वारा अनुमोदन प्रदान किये जाने के उपरान्त कार्ययोजना के क्रियान्वयन हेतु क्रय / आपूर्ति जेम पोर्टल पर विड के माध्यम लिये जाने हेतु दिनांक- 08.05.2026 से दिनांक- 18.05.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 18.05.2026 को खोली जायेंगी ।

**क्रय / आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है**

| क्रम सं0 | क्रय / आपूर्ति का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराधि |
|---|---|---|---|
| 01 | Hopper Tipper Dumper With Box Body Tipper 04 No. ( iwth R.T.O. Registration & Insurance ) 6,90,593.00 प्रतिनग सभी कर सहित | 27,62,372/- | 2,76,237/- |
| 02 | Supply of E-Cart for disposal of garbage (iwth R.T.O. Registration & Insurance) 02 No. 1 1,60,000.00 प्रतिनग सभी कर सहित | 3,20,000/- | 32,000/- |
| 03 | Supply of LED street Light Fitting iwth mandatory driver set having die cast aluminum body iwth toughing glass UV stabilized PC cover and lenses suitable for 75 watt to 90 watt confirming to IP 66 and IKO7 & above protection complete having company LOGO engraved complete in all respect including labour. 16800-18000 system lumens high power LED iwth Lenses 120LM/W PF 0.95 THD 10% at Full load CRI 70, Pitied driver set in metal to phase to phase protection at 440 v 300 V over voltage auto cut and restart failure 4KV eternal surge protection iwth 5 year warranty 100 No | 8,57,000/- | 85,700/- |
| 04 | Supply of LED street Light Fitting iwth mandatory driver set having die cast aluminum body iwth toughing glass UV stabilized PC cover and lenses suitable for 140 watt to 150 watt confirming to IP 66 and IKO7 & above protection complete having company LOGO engraved complete in all respect including labour. 16800-18000 system lumens high power LED iwth Lenses 120LM/W PF 0.95 THD 10% at Full load CRI 70, Pitied driver set in metal to phase to phase protection at 440 v 300 V over voltage auto cut and restart failure 4KV eternal surge protection iwth 5 year warranty 100 No | 12,38,000/- | 1238,000/- |

**एन0आई0टी0 की शर्ते निम्नवत है :-**

1. जी0एस0टी0 कार्ड की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. उद्योग विभाग का पंजीयन कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. पैन कार्ड की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आई0एस0ओ0 की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना होगा ।

12,38,000/-

1,23,800/-

5. निविदादाता को कार्यो हेतु निर्धारित 10 प्रतिशत धरोहर / जमानत धनराशि एवं निविदा फार्म का मूल्य नगर पंचायत हैदरगढ - बाराबंकी के बैंक ऑफ इण्डिया, हैदरगढ में संचालित खाता संख्या 750110100009718 **IFSC Code - BKID0007501** में जमाकर हस्तान्तरण रसीद को निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
6. चरित्र प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. समान क्षेत्र में सरकारी (केन्द्र अथवा राज्य सरकार ) विभागों में आपूर्ति अनुभव की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।
8. सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों की वरीयता दी जायेगी ।
9. आई0टी0आर0 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना होगा।
10. ब्लैक लिस्ट न होने तथा अपराधिक मुकदमा न चलने का 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर हल्फनामा विड के साथ अपलोड करना है तथा विड ओपेन होने से पूर्व किसी भी कार्य दिवस (प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे तक) में कार्यालय में मूल रुप में समस्त प्रपत्र जमा करना होगा।
11. सफल निविदादाता को शर्त संख्या-06 के अनुसार ई0एम0डी0 की धनराशि की मूल प्रति कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य होगी।
12. केवल निविदा साइड पर अपलोड किये गये अभिलेखों पर विचार किया जायेगा, पृथक से प्रस्तुत (शपथ पत्र के अतिरिक्त) किसी भी प्रपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. निविदा दाता द्वारा सभी वस्तुओं के रेट समस्त कर व भासा व इसी प्रकार के कोई अन्य कर जोडकर ही प्रस्तावित करना होगा क्योंकि निविदादाता को किसी प्रकार का कर तथा सामग्री लाने व ले जाने व निर्देशित स्थानों तक पहुंचाने / स्थापित कराने का भुगतान अलग से नही दिया जायेगा।
14. निविदा को पूर्ण रुप से अथवा आंशिक रुप से निरस्त करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हैदरगढ़ को प्राप्त होगा तथा समस्त प्रकार के विवादों के निस्तारण में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हैदरगढ़ व अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत हैदरगढ़ का निर्णय अन्तिम रुप से मान्य होगा।
15. सफल निविदादाता को प्राविधानित समस्त वस्तुएं आवश्यकतानुसार नगर पंचायत हैदरगढ़ को उपलब्ध करानी होगी।
16. चयनित निविदादाता से केवल संलग्न स्पेसिफिकेशन की गुणवत्ता वाले उपकरण / सामग्री की आपूर्ति स्वीकार की जायेगी।
17. निविदादाता द्वारा दर्शायी गयी दरें मात्र सम्बन्धित विठ हेतु ही मान्य होंगी।
18. स्वीकृत निविदादाता द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्री यदि निरीक्षण करने के दौरान संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार नही पायी जाती है तो आपूर्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा और धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
19. सर्वप्रथम निविदादाता की टेक्निकल विड खोली जायेगी, जिसमें पात्र होने वाले निविदादाता की ही फाइनेन्सियल विड खोली जायेगी।

इन्द्रभान
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायतो हैदरगढ़
बाराबंकी

(आलोक तिवारी)
अध्यक्ष
नगर पंचायतो हैदरगढ़
बाराबंकी

# पति ने मजदूरी कर पढ़ाया,नर्स की नौकरी लगते ही पत्नी ने साथ रहने से किया इनकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । एसडीएम ज्योति मौर्या की कहानी तो आपने जरूर पढ़ी होगी,मगर ऐसी एक कहानी गोंडा में घ टित हुई है।यहां एक मजदूरी का काम करने वाले व्यक्ति ने भैंस और गन्ना बेच कर अपनी पत्नी को पढ़ाया-लिखाया और उसे काबिल बनाया।हालांकि जब उसकी की नौकरी लग गई तो उसकी नजरें फिर गईं।अब उसे अपने मजदूर पति के साथ खड़े होने में भी शर्म आने लगी है।पति पंजाब में रहकर मजदूरी करता था।पूरा मामला चपरतल्ला कौरहे गांव के रहने वाले राजेश कुमार वर्मा ने सीओ शि ल्पा वर्मा को शिकायती पत्र देकर पत्नी रेनू वर्मा और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि उनकी शादी 20 01 में पिपरा लालच गांव निवासी राम उजागर की बेटी रेनू वर्मा से बाल्यावस्था में हुई थी।उस समय उनकी उम्र करीब आठ से दस वर्ष थी। 2018 में गौना होने के बाद रेनू उनके साथ ससुराल आईं। कुछ समय बाद रेनू ने एएनएम का कोर्स करने की इच्छा जताई।पीड़ित पति के अनुसार,आर्थिक स्थि ति कमजोर होने के बावजूद उसने पत्नी की पढ़ाई के लिए पंजाब में रहकर मजदूरी की।लोहे की प ल्लेदारी का काम किया,दो भैंसें बेच दीं और गन्ना बेचकर भी पैसे जुटाए। उसने बताया कि पढ़ाई के दौरान करीब डेढ़ लाख रुपये ऑनलाइन और अ न्य माध्यमों से पत्नी को भेजे।राजेश का आरोप है कि 2022 में उसकी पत्नी मायके गई और उसके द्वारा दिए गए 12 हजार रुपये के पायल बेचकर ए एनएम कोर्स में एडमिशन ले लिया।इसके बाद उस ने भी पत्नी की पढ़ाई में पूरा सहयोग किया। अब कोर्स पूरा होने और अस्पताल में नौकरी मिलने के बाद पत्नी उसके साथ रहने को तैयार नहीं है और पति रेनू के साथ रहना चाहता है तो उसे अपने मा ता-पिता को छोड़कर गोंडा में अलग रहना होगा। राजेश ने बताया कि उसके पिता बीमार हैं और मां नेत्रहीन हैं,इसलिए वह उन्हें छोड़ नहीं सकता है, रा जेश कुमार वर्मा का कहना है कि पत्नी और उस के परिजन अब उससे दस लाख रुपए मांग रहे हैं। उनका आरोप है कि शादी और गौना के समय दि ए गए जेवर भी ससुराल पक्ष ने वापस नहीं किए। पीड़ित ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पत्नी की पढ़ाई पर खर्च की गई रकम और जेवर वापस दिलाने की मांग की है। साथ ही मामले में न्याय दिलाने की अपील की है।

### पत्नी पति के साथ रहने से कर रही इनकार

राजेश ने बताया कि पत्नी ने पहले कहा था कि नौकरी लगने तक वह उसके घर पर रहेगी और नौकरी लगने के बाद जहां पोस्टिंग होगी, वहां दोनों साथ रहेंगे।लेकिन अब वह साथ रहने से इनकार कर रही है।पीड़ित पति ने कहा, मैं सिर्फ पांचवीं तक पढ़ा हूं।मजदूरी करके पत्नी को पढ़ा या,लेकिन अब वह कह रही है कि तुम्हारे घर नहीं आऊंगी। मैं अपने बूढ़े और बीमार माता-पिता को छोड़कर कैसे अलग रहूं।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अपनी लगन हासिल किया मुकाम

पति का कहना है कि उसने मेहनत मजदूरी करके उसके पढ़ाया खिलाया और काबिल बनाया है, उसने मजदूरी की जब वह कामयाब हुई है। जब वह उसके घर आई थी तो अनपढ़ थी। इधर पत्नी का कहना है कि उसने अपनी मेहनत और लगन से ये मुकाम हासिल किया है।पढ़ाया था तो कोई एहसान नहीं किया।पत्नी जनपद के एक निजी अस्पताल में नर्स की नौकरी करती है।अब वह अ पने मजदूर पति के साथ रहना नहीं चाहती है।

# चालक को झपकी आने से दुकान में घुसा ट्रक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।मनकापुर बस स्टॉप से दो सौ मीटर आगे एक 16 चक्का ट्रक अ नियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी एक मजार को तोड़ते हुए दुकान में जा घुसा।इस घटना में ट्रक चा लक को मामूली चोटें आईं,जिनका प्राथमिक उप चार कराया गया।गनीमत रही कि हादसे के वक्त दुकान में कोई मौजूद नहीं था,जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।पुलिस के अनुसार,अयोध्या की ओर से आ रहे सीमेंट लदे ट्रक के चालक को अ चानक नींद आ गई।इससे पहले कि वह स्थिति को संभाल पाता,ट्रक सड़क किनारे बने मजार को तो ड़ता हुआ बगल की दुकान में घुस गया।दुकान का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया,जिससे दुकानदार को भी नुकसान हुआ है।मजार के क्षतिग्रस्त होने को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। हालांकि, कुछ लोगों का यह भी दावा है कि यह मजार लोक निर्माण विभाग के नियमों के विपरीत सड़क के एकदम किनारे बनाई गई थी,जिससे अ क्सर आवागमन में दिक्कतें आती थीं।स्थानीय लो ग इस हादसे को लेकर आपस में चर्चा करते भी नजर आए।नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है और न ही किसी प्रकार की जनहानि हुई है। नगर कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।घटना के बाद ट्रक चालक ने मजदूरों की मदद से सीमेंट को दोबारा लदवाया।पुलिस ने आवागमन सुचारु करवा दिया है।

# आईजीआरएस में गोंडा पुलिस का डंका प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापू र्ण निस्तारण के मामले में गोंडा पुलिस ने पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आई जीआरएस) की मासिक रैंकिंग में गोंडा पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान दिया गया है,जो जिले की पु लिस टीम की मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।शासन स्तर पर प्रत्येक माह मुख्यमंत्री जनसुन वाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जाती है और उसी के आधार पर जिले वार रैंकिंग जारी की जाती है। प्रत्येक शिकायत के निपटारे के लिए शासन द्वारा एक निर्धारित समय सीमा तय की गई है।यदि किसी शिकायत का सम य पर निस्तारण नहीं होता या कार्रवाई गुणवत्ता पू र्ण नहीं पाई जाती,तो संबंधित प्रकरण को डिफॉ ल्टर श्रेणी में डाल दिया जाता है।गोंडा पुलिस ने इ स कसौटी पर खरे उतरते हुए प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रद र्शन किया।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के कुशल नेतृत्व और सतत निगरानी में जिले की पु लिस टीम ने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की। प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं आईजीआ रए स शाखा की भूरि-भूरि प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी इसी निष्ठा के साथ कार्य जारी रखा जाएगा।इस उपलब्धि के पीछे आईजीआरए स शाखा के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी और उनकी दस सदस्यीय समर्पित टीम का विशेष योगदान रहा।टीम में उपनिरीक्षक रामसुंदर, आर क्षी वीपी कुमार,चंद्रगुप्त मौर्य, चंदन प्रसाद एवं राम नरेश के साथ-साथ महिला आरक्षी शिखा व र्मा,अनीता गुप्ता, प्रीति, दीपा कुशवाहा और नैंसी गुप्ता ने अपनी सक्रिय भागीदारी से शिकायतों के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राधे फाउण्डेशन ने चलाया हीटवेव जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव के खतरे को देखते हुए राधे फाउण्डेशन द्वारा इटियाथोक क्षेत्र स्थित इंद्रकुंवरी स्मारक इंटर कॉलेज में हीट वेव जागरू कता एवं सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राज किशोर मिश्रा ने की।कार्यक्रम के दौरान प्रशि क्षक रजनी कान्त तिवारी ने छात्र-छात्राओं को लू से बचाव,तेज धूप में बरती जाने वाली सावधानि यों,शरीर में पानी की कमी से बचने तथा हीटस्ट्रोक पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने की महत्व पूर्ण जानकारी दी।उन्होंने बताया कि सही समय प र जागरूकता और प्राथमिक सहायता से गंभीर स्थितियों को टाला जा सकता है।कार्यक्रम प्रभारी कुंज बिहारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ब च्चों को गर्मी के मौसम में सुरक्षित रहने के व्यावहा रिक उपाय भी बताए गए,जिससे वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक कर सकें।प्रधानाचार्य राज किशोर मिश्रा ने राधे फाउण्डेशन के इस प्रयास की सराहना कर ते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य ए वं सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और समाज में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर शिक्षक देवानंद शुक्ला, भोला नाथ मिश्रा मनोज कुमार शुक्ला तथा छात्र-छात्रा ओं में अंजली शुक्ला, प्रियांशी पाण्डेय,आदर्श शु क्ला एवं आशीष मौर्या उपस्थित रहे।विद्यालय प रिवार एवं स्थानीय लोगों ने राधे फाउण्डेशन के इस जनहितकारी अभियान की प्रशंसा करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।

# विष मुक्त खेती-नशा मुक्त गांव अभियान शुरू आई0पी0एम0 विधि से किसानों को जोड़ने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जनपद कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं किसान परिषद के तत्वावधान में जिले में विष मुक्त खेती- नशा मुक्त गांव से जन जन को जोड़ने का अभियान शुरू किया गया है ।अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एस0एस0बी0 व खेती किसानी से जुड़े अन्य संगठनों से भी संवाद एवं समन्वय बनाया जा रहा है। संगठन से जुड़े पदाधिकारीयों ने उद्यान विभाग सब्जी एवं फल उत्पाद परिक्षेत्र का भ्रमण कर एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन (आई0पी0एम0 विधि) के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और योजना से जन जन को जोड़ने की रणनीति भी बनाई।

कृषि, उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किसान परिषद संगठन पदाधिकारियों व प्रगतिशील कृषको ने फल एवं सब्जी परिक्षेत्र का भ्रमण कर विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव अभियान को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया।इस अवसर पर उपस्थित कृषको से बातचीत करते हुए उपनिदेशक कृषि विनय वर्मा ने एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन (आई0पी0एम0विधि) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अत्याधिक रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग के दुष्परिणाम अब सामने आने लगे है। मनुष्य का स्वास्थ्य, वातावरण, खाद्य पदार्थो में कीटनाशक अवशेष की समस्या' के अतिरिक्त किसान अब स्वयं अनुभव करने लगा है, कि रासायनिक कीटनाशक अब शत्रु कीटों पर बेअसर साबित होरहे है - अधिक जहरीले कीटनाशक का प्रयोग भी अब निष्प्रभावी है तथा शत्रु कीटों की समस्या घटने के बजाय दिन प्रतिदिन बढ रही है। अब किसान फसल सुरक्षा के अन्य विकल्प तलाशने लगे है। कृषि रसायनों ने हमारी मिटटी, हवा और सम्पूर्ण पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया ' है। सबसे गंभीर प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर हुए है। कैंसर, किडनी, हृदयाघात , लीवर, आँखों, मस्तिष्क संबंधी विकारों की तह में इन कृषि रसायनों का बडा योगदान है। अधिकांश कृषक अधिक कमाई के लालच में रासायनिक दवाओ एवं उर्वरकों का उपयोग बहत अधिक मात्रा में करते है। यही जहरीले रसायन फल, सब्जियों, दालों, अण्डे एवं खाद्य तेलों के साथ हमारे शरीर में पहॅच कर स्वास्थ्य का नुकसान कर रहे है। एकीकृत नाशी जीव प्रबन्धन अपनाकर इन दुष्प्रभाव से स्वयं, पर्यावरण एवं भूमि आदि को सुरक्षित रख सकते है। किसान परिषद संयोजक (उत्तर प्रदेश) संजीव श्रीवास्तव ने होरोमोंन ट्रैप, ऐलोस्टिकी, ब्लूस्टिकी ट्रैप, सफ़ेद स्टिकी स्ट्रिप, लाइट ट्रैप, हरा डेल्टा पम्प्पच, पिटफाल ट्रैप, फल मक्खी ट्रैप आदि स्वदेशी संयंत्रों के बारे में कृषि अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और किसानो से इन विधियो को अपनाकर विष मुक्त खेती करने की सलाह दी। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि नानपारा स्थित के0वी0के परिसर , रिसिया स्थित उद्यान पार्क व बहराईच स्थित उद्यान परिक्षेत्र परिसर में उन्नतशील प्रजाति की सब्जी एवं फल, वृक्ष नर्सरी तैयार की जा रही है वर्षा काल के शुरू होते ही किसानों को रियायती दरों पर नर्सरी एवं वृक्ष उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था बनाई जा रही है।

उद्यान विभाग परिसर स्थित फल एवं सब्जी उत्पादक परिक्षेत्र भ्रमण के समय प्रमुख रूप से डिप्टी कमान्डेंट 59 वाहिनी अमित कुमार, प्रगतिशील किसान राजीव श्रीवास्तव, विनय मिश्रा व डिप्टी कमान्डेंट 42 वाहिनी, एस0डी0ओ0 शिशिर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

अतिक्रमण हटाए जाने की मांग, अतिक्रमण से परेशान हो रहे कैसरगंजवासी

कैसरगंज बहराइच। स्थानीय बाजार कैसरगंज के मोहल्ला पीपल वाली गली में अनाधिकृत रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाये जाने को लेकर समाजसेवी ने मांग पत्र सौंपकर हटाए जाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार को सौंपें गए मांग पत्र पर प्रार्थनापत्र प्रस्तुतकर्ता पीपल वाली गली मुख्य बाजार निवासी ओंकार कौशल ने उक्त गली में अनाधिकृत रूप से किए गए जबरिया अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय दुकानदारों के मनमाने रवैया अपनाते हुए अतिक्रमण किए जाने के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि पूर्व मे कैसरगंज में तैनात उपजिलाधिकारी कैसरगंज आलोक कुमार के द्वारा नगर पंचायत कैसरगंज के अधिशासी अभियंता व पुलिस बल के सहयोग से स्थानीय पीपल वाली गली का बुलडोजर के द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया था। जिनके स्थानांतरण होते ही मनमाने दुकानदारों ने पुनः उक्त हटाए गए अतिक्रमण पर पक्का निर्माण करा कर अपने एकाधिकार व अधिपत्य को दिखाना फिर शुरू कर दिया है । उक्त अतिक्रमण के कारण स्थानीय राहगीरों वह मोहल्लेवासियों को कई दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी ओंकार कौशल, स्वामीनाथ, शुभम, सत्यम सोनी, राजेश सोनी आदि ने प्रशासन से पूर्व की भांति अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर डीएम ने बांटी पोषण पोटली, सीएमओ ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी (मानवता के लिए एकजुट) थीम पर हुए विविध आयोजन

### जिले में 25 टीबी ग्रसित बच्चों को लिया गया गोद, डीएम ने स्वयं दो बच्चों का उठाया जिम्मा

### सीएचसी पर लगे स्वास्थ्य शिविर, कुपोषित बच्चों को बांटे गए फल

बहराइच । मानवता, सेवा और बंधुत्व के संदेश के साथ गुरुवार को जिले में विश्व रेडक्रॉस दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी' यानी ‖मानवता के लिए एकजुट‗ रही, जिसका उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों की सहायता करना तथा जाति, धर्म, भाषा और सीमाओं से ऊपर उठकर समाज में मानवता, सेवा और बंधुत्व की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान और जरूरतमंदों की मदद से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किया। डीएम ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते हुए कहा कि इस बीमारी से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि समाज के सहयोग और बेहतर पोषण से भी जीती जा सकती है। इस दौरान कुल 25 टीबी ग्रसित बच्चों को गोद लिया गया, जिनमें से दो बच्चों के उपचार और पोषण का संकल्प स्वयं जिलाधिकारी ने लिया। उधर, सोसायटी के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने मेडिकल कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयं रक्तदान कर मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसायटी की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य पुत्तीलाल बाजपेयी ने संस्था के गौरवशाली इतिहास और सेवाभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडक्रॉस आज भी मानव सेवा और आपदा सहायता का मजबूत माध्यम बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों को अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने स्नेहपूर्वक फल वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चों और उनके अभिभावकों को पोषण, स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संगोष्ठी और स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर टीबी एवं गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही लोगों को नियमित जांच, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य सीएमएस डॉ. एम.एम. त्रिपाठी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, अस्पताल प्रबंधक मो. रिजवान, शरद श्रीवास्तव और स्टाफ नर्स सीमा सहित सीफार संस्था के प्रतिनिधि व कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हिन्दू पूजन महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा का निधन, जनपद में शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा (67 वर्ष) का गुरुवार देर शाम हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। शुक्रवार को त्रिमुहानी घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

सुदामा मिश्रा अपने सरल स्वभाव, सौम्य व्यक्तित्व और संगठन क्षमता के लिए पूरे जनपद में विशेष पहचान रखते थे। वे वर्षों से भाजपा संगठन और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उनके निवास पर अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा। भाजपा पदाधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**चार दशक तक संगठन को दी मजबूती**

सुदामा मिश्रा ने वर्ष 1985 में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण के कारण उन्हें समय-समय पर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उन्होंने 1989 में वार्ड चुनाव संयोजक, 1991 में वार्ड अध्यक्ष तथा 1995 में सहकारिता प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वर्ष 1997 में स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी संभाली और 2000 में पुनः वार्ड चुनाव संयोजक बनाए गए। वर्ष 2004 से 2007 तक भाजपा नगर अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने संगठन को नई मजबूती प्रदान की।इसके अलावा 2008 से 2010 तक जिला मीडिया प्रभारी, 2010 में जिला संयोजक (चुनाव प्रबंधन) तथा 2012 में सदर विधानसभा चुनाव संयोजक के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हाल के विधानसभा चुनावों में भी वे बूथ प्रबंधन एवं मतदाता प्रमुख के रूप में सक्रिय रहे।

**धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी निभाई अहम भूमिका**

राजनीति के साथ-साथ सुदामा मिश्रा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभाते थे। वर्तमान में वे श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के अध्यक्ष पद पर रहते हुए समाज को एकजुट करने का कार्य कर रहे थे। दुर्गा पूजा आयोजनों और धार्मिक कार्यक्रमों में उनकी विशेष सक्रियता रहती थी। समाज के हर वर्ग में उनकी गहरी पकड़ और सम्मान था।उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि सुदामा मिश्रा ने अपना संपूर्ण जीवन संगठन, समाज सेवा और राष्ट्रवादी विचारधारा के लिए समर्पित कर दिया।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत शॉर्टसर्किट से लगी आग, तीन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में शुक्र वार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया चचरी-करनैलगंज मार्ग पर करीब एक बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई है। जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं।घायलों में बड़कऊ और उनकी पत्नी और दू सरी बाइक सवार अंकित यादव शामिल हैं।टक्कर के बाद सुपर स्प्लेंडर बाइक में भीषण आग लग ग ई और वह पूरी तरह जलकर राख हो गई।वहीं दूस री बजाज सीटी 100 बाइक का कुछ हिस्सा भी आग की चपेट में आ गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।पारा गांव निवा सी बड़कऊ अपनी पत्नी के साथ चचरी से घर लौ ट रहे थे।इसी दौरान करनैलगंज की ओर से आ र हे अंकित यादव की स्प्लेंडर बाइक ने उनकी सीटी 100 बाइक को सामने से टक्कर मार दी। भिड़ंत के बाद दोनों बाइकों में शॉर्ट सर्किट हुआ और पेट्रो ल फैलने से आग भड़क गई।गनीमत रही कि ट क्कर के तुरंत बाद बाइक सवार सड़क हट गए। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।हादसे में घायल तीनों लोगों को सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।करनैल गंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर के बाद आग लग गई थी। एक बाइक पूरी तरह जल गई,जबकि दूसरी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है।उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है और मार्ग पर यातायात सामान्य कर दिया गया है।

# आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में पीलीभीत पुलिस बनी प्रदेश में नंबर-1, 17 थानों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से मिली बड़ी सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद पीलीभीत पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली और जनसुनवाई व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश में बड़ी उपलब्धि हासिल की है माह अप्रैल 2026 की आईजीआरएस एवं जनशिकायत निस्तारण की मासिक रैंकिंग में पीलीभीत पुलिस ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में उत्साह का माहौल है यह सफलता पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के कुशल निर्देशन, प्रभावी मॉनिटरिंग और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अपनाई गई पारदर्शी कार्यप्रणाली का परिणाम मानी जा रही है पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों, सर्किल अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि जनसुनवाई पोर्टल और आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित न्याय और राहत मिल सके निर्देशों के अनुपालन में जनपदीय पुलिस कार्यालय, सभी सर्किलों एवं थानों द्वारा प्राप्त ऑनलाइन और ऑफलाइन शिकायतों की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया गया। यही कारण रहा कि पीलीभीत पुलिस ने प्रदेश स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया मासिक रैंकिंग के दौरान जिन प्रमुख बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया, उनमें संदर्भों की मार्किंग एवं अग्रसारण में लगे औसत दिवस, डिफॉल्टर संदर्भों की स्थिति, शिकायतकर्ताओं द्वारा दिए गए फीडबैक, सी-श्रेणी के मामलों का निस्तारण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त सी-श्रेणी संदर्भ, उच्चाधिकारियों की कार्रवाई, हेल्पलाइन और आईजीआरएस शिकायतों की मॉनिटरिंग, भौतिक सत्यापन रिपोर्ट तथा यूजर्स प्रोफाइल वेरिफिकेशन जैसे कुल 11 महत्वपूर्ण बिंदु शामिल रहे। इन सभी बिंदुओं पर पीलीभीत पुलिस का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा विशेष बात यह रही कि प्रदेश स्तरीय थानों की रैंकिंग में पीलीभीत जनपद के 17 थानों ने भी शीर्ष स्थान प्राप्त कर जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया इससे यह स्पष्ट होता है कि जनपद के सभी थानों में शिकायत निस्तारण को गंभीरता से लिया जा रहा है और पुलिस प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील है उत्कृष्ट कार्य करने वाले आईजीआरएस कार्यालय, सर्किलों एवं थानों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों का पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए इसे टीमवर्क और बेहतर जनसेवा का परिणाम बताया है।

### विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित, डीएम व सीएमओ ने किया शुभारंभ

पीलीभीत। विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक सिंह ने संयुक्त रूप से किया इस दौरान अधिकारियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को समय-समय पर रक्त की आवश्यकता पड़ती है और ऐसे शिविर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदान साबित होते हैं शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया जिलाधिकारी एवं सीएमओ ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह समाज सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है रेड क्रॉस ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद रक्त संग्रह किया कार्यक्रम में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं समाजसेवियों की सहभागिता रही हैं।

# ग्राम पंचायतो में लगातार हुए हैं विकास कार्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने किया लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना द्वारा निर्मित हाट बाजार एवं ग्राम पंचायत बांगर में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना द्वारा निर्मित पंचायत पुस्तकालय एवं केंद्र वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय का कायाकल्प तथा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान द्वारा निर्मित पंचायत लर्निंग सेंटर एवं जन सेवा केंद्र का लोकार्पण माननीय विधायक बाबूराम पासवान एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह द्वारा किया गया।उक्त कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा भी प्रतिभा किया गया ग्राम वासियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया साथ ही वर्तमान में स्व जनगणना के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।उक्त दोनों कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सुल्तानपुर की ग्राम प्रधान जगवत्ता देवी, ग्राम पंचायत बागर की ग्राम प्रधान मुन्नी देवी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत अवनीश गंगवार, ग्राम पंचायत अधिकारी अतुल गंगवार, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, मंडल संयोजक रामराखन शर्मा, गन्ना समिति डायरेक्टर नितिन दिक्षित, ग्राम पंचायत बंजरिया के ग्राम प्रधान गुरुदेव सिंह एवं अन्य गणमान्यन लोग उपस्थित रहे है।

# विश्व रेड क्रस दिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। विश्व रेड क्रस दिवस के पावन अवसर पर पर्यावरण पार्क, सुलतानपुर में इंडियन रेड क्रस सोसाइटी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। मानव सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं समाज कल्याण की भावना से प्रेरित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं रेड क्रस सोसाइटी के उपाध्यक्ष ड. राजीव श्रीवास्तव ने शिविर में आए मरीजों को चिकित्सीय परामर्श प्रदान करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेड क्रस सदैव मानवता की सेवा के लिए समर्पित संस्था रही है तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना इसका मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर इंडियन रेड क्रस सोसाइटी जनपद सुल्तानपुर के चेयरमैन ड. डी. एस. मिश्रा ने ड. राजीव श्रीवास्तव को रेड क्रस प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ड. राजीव श्रीवास्तव द्वारा रेड क्रस सोसाइटी में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता रहा है, जो संस्था के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रस सोसाइटी, सुलतानपुर के सचिव श्री जय प्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ चिकित्सक ड. संजय खत्री, ड. चन्द्र भान सिंह, महिला विंग सचिव दीपिका सिंह सहित अनेक गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रमुख रूप से नवीन शुक्ला, त्रिभुवन नाथ तिवारी, शिवकुमार, सूर्यांश श्रीवास्तव, मोहित शर्मा, विजेंद्र त्रिपाठी, मनोज कुमार एवं अवधेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान इंडियन रेड क्रस सोसाइटी के चेयरमैन ड. डी. एस. मिश्रा एवं उपाध्यक्ष ड. राजीव श्रीवास्तव द्वारा सक्रिय रूप से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।शिविर में लगभग 200 लोगों का ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर परीक्षण किया गया। साथ ही चिकित्सकों द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, रोगों से बचाव के उपाय एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रेड क्रस सोसाइटी के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाजहित में अत्यंत उपयोगी पहल बताया। सेवा, समर्पण एवं मानवता के संदेश से ओतप्रोत यह आयोजन रेड क्रस के मूल सिद्धांतों को साकार करने वाला सिद्ध हुआ।

## पीपरपुर में अवैध असलहे से नवयुवक की गोली मारकर हत्या

अमेठी । थाना पीपरपुर क्षेत्र के गांव खानापुर में शुक्रवार को एक नवयुवक की अवैध असलहे से गोली मारकर हत्या कर दी गई है।घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खानापुर निवासी सचिन पाण्डेय ने गांव के ही दीपक मिश्रा को पिस्टल दिखाने के बहाने बुलाया था।आरोप है कि इसी दौरान अवैध पिस्टल से सचिन पाण्डेय ने दीपक मिश्रा के सीने में गोली मार दिया। गोली लगते ही युवक गम्भीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा घायल युवक को सुल्तानपुर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दीपक मिश्रा उम्र छब्बीस वर्ष को मृत घोषित कर दिया।युवक के मौत की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही पीपरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गये है एक युवक से पूंछतांछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम पहुंच कर साक्ष्य संकलन किया है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर थाना पीपरपुर में मुकदमा पंजीकृत करते हुये आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### ग्राम बागर में विकास कार्यों का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिली नई सौगात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बागर में विकास कार्यों की नई सौगात दी गई राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के अंतर्गत निर्मित जन सेवा केंद्र, पंचायत लर्निंग सेंटर एवं केंद्र वित्त आयोग तथा ग्राम निधि से कराए गए ग्राम सचिवालय के कायाकल्प कार्यों का लोकार्पण माननीय विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान ने फीता काटकर किया इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायतों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना सरकार की प्राथमिकता है जन सेवा केंद्र और पंचायत लर्निंग सेंटर के संचालन से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का लाभ गांव में ही आसानी से मिल सकेगा वहीं ग्राम सचिवालय के कायाकल्प से पंचायत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित होगी कार्यक्रम में निर्विकार सिंह उर्फ अपूर्व सिंह, सचिव अतुल कुमार,नितिन दीक्षित सहित कई गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे ग्रामवासियों ने विकास कार्यों के लिए खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया हैं।

### बूंदीभूड़ शराब दुकान विवाद में ग्रामीणों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बूंदीभूड़ में नवसृजित देशी व कम्पोजिट मदिरा दुकान खोलने को लेकर विवाद गहरा गया आबकारी विभाग की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार दिनांक 09 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ई-लॉटरी के माध्यम से देशी शराब दुकान का आवंटन जगवती पत्नी बुलाकी राम तथा कम्पोजिट मदिरा दुकान का आवंटन सुनील कुमार मिश्रा के नाम किया गया था दोनों दुकानों के संचालन हेतु ग्राम बूंदीभूड़ में लालदेव यादव के मकान में स्थान चिन्हित किया गया था, लेकिन उसी दिन से ग्रामीणों द्वारा दुकान खोलने का विरोध शुरू हो गया आबकारी विभाग, प्रशासन और पुलिस अधिकारियों द्वारा कई बार ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया इसी क्रम में 07 मई 2026 को उपजिलाधिकारी कलीनगर प्रमेश कुमार, तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार अक्षय कुमार, क्षेत्राधिकारी पूरनपुर प्रतीक दहिया, जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक, प्रभारी निरीक्षक माधौटांडा अशोक पाल समेत आबकारी विभाग और भारी पुलिस बल गांव पहुंचा अधिकारियों ने आक्रोशित महिलाओं और ग्रामीणों को समझाकर दुकान खुलवाने का प्रयास किया तहरीर के मुताबिक इसी दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष एकत्र हो गए और लाठी-डंडों व पत्थरों से हमला कर दिया आरोप है कि ग्रामीण दुकान के अंदर घुस गए और वहां रखी शराब व बीयर की कैनों को बाहर निकालकर सड़क पर फेंकते हुए तोड़ दिया पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा रोकने का प्रयास करने पर भीड़ और उग्र हो गई तथा पथराव शुरू कर दिया स्थिति बिगड़ती देख पुलिस व प्रशासनिक टीम को पीछे हटना पड़ा, लेकिन आरोप है कि भीड़ लगातार लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला करती रही घटना में तहसीलदार कलीनगर वीरेन्द्र कुमार सिंह और संविदा वाहन चालक रघुवीर कुमार घायल हो गए साथ ही बस संख्या ठ्घ17इ2344 और बोलेरो गाड़ियां ठ्घ70इक्ष4238 व ठ्घ26इ2906 भी क्षतिग्रस्त हो गईं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 दीपक कुमार की तहरीर पर नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा घटना से जुड़े फोटो और वीडियो भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं।

### लावारिस शव की नहीं हुई पहचान, तो सामाजिक संस्था अंकुरण ने कराया अंतिम संस्कार

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के सकवा नहर में में एक अज्ञात महिला (उम्र करीब 28 -30 वर्ष) का शव मिलने के बाद जब कोई वारिस सामने नहीं आया, तो सामाजिक संस्था अंकुरण फाउंडेशन ने इंसानियत की मिसाल पेश की है। कानूनन तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी जब कोई परिजन शव लेने नहीं पहुंचा तो प्रशासन के माध्यम से अंतिम संस्कार के लिए अंकुरण से संपर्क किया।

अंकुरण के सदस्यों के सहयोग से अज्ञात व्यक्ति के शव को श्मशान घाट ले जाया गया। जहाँ संस्था के अध्यक्ष ड आशुतोष श्रीवास्तव एवं मो आरिफ खान ने महिला कांस्टेबल कांस्टेबल पूनम सिंह एवं कांस्टेबल कमला यादव के उपस्थिति में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मुखाग्नि देखकर उसका दाह संस्कार करवाया। अंकुरण के मीडिया प्रभारी दीपक जायसवाल ने बताया कि हर इंसान का अंतिम विदाई सम्मानजनक होनी चाहिए। संस्था इसके लिए प्रयासरत है, अभी तक करीब 60 लावारिस लाशों का दाह संस्कार संस्था द्वारा किया जा चुका है। अंतिम संस्कार के दौरान वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। स्थानीय लोगों ने अंकुरण की इस संवेदनशीलता की जमकर तारीफ की है। संस्था से जुड़े चंद्रदेव शुक्ला एवं मुकेश कुमार का कहना है कि संस्था का यह रूप समाज में विश्वास पैदा करता है कि लावारिस होने के बावजूद किसी को श्बेसहाराश नहीं छोड़ा जाएगा। संस्था के युवा सचिव एडवोकेट प्रज्ज्वल श्रीवास्तव ने बताया कि भले ही अंतिम संस्कार कर दिया गया है, लेकिन पुलिस रिकर्ड में जानकारी सुरक्षित रखी गई है ताकि भविष्य में कभी पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया जा सके। शुरूआती जांच में जांच में मृतका के पास ऐसा कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके।

### अवैध पिस्टल से युवक को सीने में गोली मारकर हत्या

अमेठी/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमेठी जनपद के पीपरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खानापुर गांव में शुक्रवार को अवैध असलहे से युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्रीकांत मिश्रा के मौसेरे भाई सचिन पांडे को गांव के ही युवक दीपक मिश्रा ने पिस्टल दिखाने के बहाने बुलाया था। इसी दौरान अचानक अवैध पिस्टल से दीपक मिश्रा के सीने में गोली मार दी गई। गोली लगते ही युवक गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल युवक को सुल्तानपुर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में भारी भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने युवक को पिस्टल दिखाने के लिए बुलाया था, लेकिन देखते ही देखते गोली चला दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरूकर दी है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### बरखेड़ा विधानसभा में दो नई सड़कों का शिलान्यास 1.6 करोड़ की लागत से बनेंगी सड़क,ग्रामीणों को मिलेगी राहत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को कच्ची सड़कों से निजात मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने नारियल तोड़कर इन परियोजनाओं का शुभारंभ किया।पहली सड़क ग्राम पंचायत हुलकरी ढकिया से ग्राम पंचायत बहरुआ तक 1600 मीटर लंबी होगी, जिसमें 1200 मीटर पीसी और 400 मीटर सीसी सड़क शामिल है। इसका निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 76 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। दूसरी परियोजना ग्राम पंचायत चहलोरा से ग्राम पंचायत हसनपुर भगतनिया तक लगभग 1400 मीटर लंबे सड़क मार्ग की है, जिस पर 84 लाख रुपये खर्च होंगे।

# पूरनपुर पुलिस का बड़ा खुलासा:डेढ़ महीने पहले चोरी की बाइक काटकर बेच रहा था शातिर, पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर पुलिस को वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल के कटे हुए कलपुर्जे बरामद किए हैं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम 07/08 मई 2026 की रात गश्त पर थी इसी दौरान पूरनपुर-कलीनगर रोड पर दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते दिखाई दिए पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम रंजीत उर्फ जीता पुत्र तीर्थ सिंह निवासी हरिनगर गदनिया थाना सम्पूर्णानगर जनपद लखीमपुर खीरी बताया मोटरसाइकिल पर रखे बोरे की तलाशी लेने पर उसमें चोरी की मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट्स बरामद हुए पुलिस ने आरोपी को रात 11:50 बजे गिरफ्तार कर थाना पूरनपुर में मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने साथी विपिन पुत्र राजनाथ निवासी अम्बेडकरनगर थाना पलिया, लखीमपुर खीरी के साथ मिलकर करीब डेढ़ माह पहले मोहल्ला ढका क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी की थी पुरानी बाइक होने के कारण दोनों आरोपी उसे काटकर उसके कलपुर्जे अलग-अलग बेच देते थे आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि 16 अप्रैल 2026 को अरवन गेट कॉलोनी पूरनपुर से चोरी हुई स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या ठ्घ26इठु2809 भी उसी और उसके साथी ने चोरी कर नेपाल में बेच दी थी पुलिस के अनुसार आरोपी रंजीत उर्फ जीता पर लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जनपद के विभिन्न थानों में चोरी और अन्य धाराओं के कई मुकदमे दर्ज हैं उसके खिलाफ पहले से आठ आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल के कलपुर्जे बरामद किए हैं कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक मंजीत कुमार, हेड कांस्टेबल सुबोध कुमार, हेड कांस्टेबल आशीष कुमार और कांस्टेबल सुमित चौधरी शामिल रहे।

# पीलीभीत नगर पालिका परिषद ने दो वार्डों में कराया सीसी सड़क निर्माण, पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 5 स्थित शारदा कॉलोनी में रामरतन के मकान से रोहित सत्यप्रकाश के मकान तक तथा वार्ड संख्या 26 में आसफ जान मोहल्ले में दिनेश रस्तोगी के मकान से सकटूमल के पाकड़ तक नव निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों मार्ग लंबे समय से अत्यंत जर्जर अवस्था में थे, जिससे बरसात के मौसम में आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद अब क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिली है तथा आवागमन सुगम हो गया है।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करा रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना परिषद की जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य के साथ निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय निवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है।

इस अवसर पर सभासद शिवम श्रीवास्तव, पुष्पा उपाध्याय, अवतार सिंह, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह, साकेत सक्सेना, राशिद हुसैन, सुनीता सिंह, चैतन्य गंगवार, राजेंद्र भारती, सुरेश लोधी, नितिन सक्सेना, पंकज तिवारी, जगन्नाथ लोधी, प्रतीक अग्रवाल, स्वतंत्र देवल, नरेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे है।

# परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल उपस्थिति अंकित की जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में उन्नीस पैरामीटर पर की गई संतृप्ति की जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान कई विद्यालयों में विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल एवं फर्नीचर की कमी सामने आने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता का फर्नीचर उपलब्ध कराया जाय तथा सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाये। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। डिजिटल उपस्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत डिजिटल उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाएगी, वहां के प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए। इको क्लब गठन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के ऐसे दस छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो। उन्होंने विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। नवीन नामांकन अभियान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में आरटीई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रवेशित बच्चों की संख्या की भी समीक्षा की गई। मध्यान भोजन योजना के अंतर्गत किचन गार्डन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में किचन गार्डन विकसित किया जाय। उन्होंने कहा कि मौसम के अनुरूप बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि विद्यालयों में छात्र-छात्राएं सब्जियों एवं पौधों के बारे में व्यवहारिक जानकारी प्राप्त कर सकें।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी के रक्तदान शिविर का डीएम ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विश्व थैलेसीमिया दिवस एवं रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में आज स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर में एक विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना रहा।जिलाधिकारी ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के हर्षल सिंह और सौरभ अग्रवाल ने सर्वप्रथम रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। शिविर में कुल 11 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया एवं प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। रक्तदान से बच सकता है थैलेसीमिया रोगियों का जीवन-जिलाधिकारी ने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर वंशानुगत विकार है, जिसमें मरीजों को जीवित रहने के लिए जीवनभर नियमित रक्त की आवश्यकता होती है। उन्होंने समाज से अपील की कि इन रोगियों के जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान हेतु आगे आएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि ऐसे आयोजनों से थैलेसीमिया बाल सेवा योजना जैसे कार्यक्रमों को बल मिलता है, जिससे मरीजों को बेहतर परामर्श और उपचार मिल पाता है।पोस्टर मेकिंग के लिए छात्राएं सम्मानित-जागरूकता अभियान के तहत आज जागरूकता, कल स्वस्थ भविष्य का संदेश दिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. विभूति गोयल और अन्य विशेषज्ञों ने समय पर जांच और आनुवंशिक परामर्श के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पैरामेडिकल की छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया। अधिकारियों ने बताया कि संस्थान द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## सम्पादकीय

# चेतावनी के धमाके

गाहे-बगाहे पंजाब में शांति भंग करने के अनेक कुत्सित प्रयास होते नजर आए हैं। सीमा पार से पंजाब का सुख-चौन छीनने के षडघ्यंत्र काले दौर से लेकर अब तक रुके नहीं हैं। नशे और बेरोजगारी को हथियार बनाकर भटके युवाओं को इन साजिशों का हथियार बनाने के मामले भी उजागर हुए हैं। पंजाब में हाल ही में दो धमाके हुए, पहला जालंधर में बीएसएफ चौकी के बाहर और दूसरा अमृतसर में सेना की छावनी के पास हुआ। सेना और सुरक्षा बलों को लक्षित इन हमलों के घातक मंसूबों को समझा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर समय और लक्ष्य के लिहाज से इतने करीबी हमलों के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है कि ये महज सामान्य मामले नहीं थे। अब भले ही इन धमाकों की तीव्रता कम रही हो,लेकिन इनमें गंभीर रणनीतिक चेतावनी छिपी है। वह ये कि भारतीय सुरक्षा व्यवस्था के संवेदनशील क्षेत्रों की हिफाजत को आंका जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पंजाब के डीजीपी गौरव यादव द्वारा सैन्य क्षेत्र के पास हुए धमाकों में विस्फोटक उपकरण यानी आईडीपी के इस्तेमाल की पुष्टि करना, खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, ये महज आकस्मिक घटनाएं मात्र नहीं हैं। ये सुनियोजित तरीके व जासूसी के जरिये रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास की कमजोर कड़ियों को तलाशने की कुत्सित कोशिश है। अब चाहे इन आतंकी गतिविधियों के तार स्थानीय साजिश से जुड़े हों या फिर सीमा पार से साजिश को अंजाम दिया गया हो, कह सकते हैं कि मिलाजुला षडघ्यंत्र हो, मगर तौर-तरीका स्पष्ट है। हालांकि, राजनीतिक दल अपनी राजनीतिक लाइन के अनुरूप बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका दोष भाजपा पर मढ़ा है। वहीं भाजपा आप सरकार पर आरोप लगा रही है कि वह राज्य को सुरक्षा देने में विफल रही है। बहरहाल, भले ही आरोप-प्रत्यारोप का यह खेल नेताओं को राजनीतिक लाभ-हानि के गणित के अनुरूप लगता हो, मगर राज्य की सुरक्षा के नजरिये से अदूरदर्शी कदम ही कहा जाएगा। यह विडंबना ही है कि पंजाब के राजनेता अतीत के स्याह दौर की घातकता से कोई सबक नहीं सीखते हैं। राजनेताओं की संकीर्णता और दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज करके की गई बयानबाजी ही चिंगारी को आग बनाने का काम करती है। जिसकी कीमत दशकों तक पंजाब के लोगों व राज्य की अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ती है। यह सामान्य तथ्य है कि कि जब भी इस संवेदनशील व सीमावर्ती राज्य पर कोई सुरक्षा संकट पैदा हो, उसके लिये राजनीतिक भेदभाव भुलाकर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। टकराव की राजनीति से राज्य का अहित ही होगा। निस्संदेह, पंजाब का अतीत इस मामूली अशांति के प्रति भी विशेष रूप से संवेदनशील होने की जरूरत बताता है। दशकों तक पंजाब ने सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था और खुफिया जानकारी पर आधारित अभियानों हेतु देशव्यापी ख्याति अर्जित की है। लेकिन हाल की घटनाओं ने हमारी सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाया ही है। यह गंभीर मसला है कि इस सीमावर्ती संवेदनशील राज्य में दस दिनों के भीतर तीन सुनियोजित व उच्च तकनीक से लैस विस्फोट हुए हैं। ये धमाके सभी पक्षों की मेहनत से अर्जित साख को धूमिल करने के जोखिम को बढ़ाते हैं। सवाल मात्र यही नहीं है कि इन धमाकों के लिये कौन जिम्मेदार है। प्रश्न यह भी है कि क्या इन धमाकों के बाबत खुफिया सूचनाओं को नजरअंदाज किया गया है? या फिर मिली हुई खुफिया सूचनाओं के आधार पर समन्वित प्रतिक्रिया देने में कहीं चूक हुई है? वास्तव में वक्त की सबसे बड़ी जरूरत इस बात को लेकर है कि हम ऐसी किसी भी चुनौती को लेकर एक समन्वित प्रतिक्रिया दें। केंद्र व राज्य सरकार की एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी का बेहतर ढंग से आदान-प्रदान किया जाए। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा घेरे के दायरे का तत्काल प्रभाव से सुरक्षा ऑडिट किया जाए। इन साजिशों पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। खासकर लगातार गहरी होती ड्रोन आधारित घुसपैठ के खतरों को रोकने के लिये युद्धस्तर पर कार्रवाई की आवश्यकता है। ड्रोन आज अवैध हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी का साधन बन रहे हैं। जनता का मनोबल बढ़ाना जरूरी है, लेकिन सुरक्षा जोखिमों को कम न आंका जाए।

# पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन है वैचारिक बदलाव का संकेत

पश्चिम बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों को केवल एक राजनीतिक दल की जीत या हार के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह परिणाम उस वैचारिक संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरे हैं, जो लंबे समय से बंगाल की राजनीति के भीतर सुलग रहा था। वर्षों तक बंगाल को एक ऐसे राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहां कथित रूप से जाति, धर्म और पहचान की राजनीति नहीं चलती, बल्कि विचारधारा, वर्ग-संघर्ष और बंगालियत की राजनीति प्रभावी रहती है। किंतु 2026 के चुनाव परिणामों ने इस स्थापित धारणा को गहराई से चुनौती दी है। यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान में आए परिवर्तन का भी संकेत है। मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या वैचारिक रोमांटिसिज्म के आधार पर मतदान नहीं कर रहा, बल्कि वह अपनी सांस्कृतिक पहचान, सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और भविष्य को भी ध्यान में रख रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व सफलता को अनेक विश्लेषक एक प्रकार के सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण के रूप में देख रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में बंगाली अस्मिता और हिंदू पहचान के बीच एक वैचारिक द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था। तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को बंगाल की संस्कृति और क्षेत्रीय गौरव का संरक्षक बताया, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीयता, हिंदुत्व और सांस्कृतिक चेतना को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। वास्तव में बंगाल की ऐतिहासिक चेतना कभी संकुचित नहीं रही। यह वही भूमि है जहाँ से स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ ठाकुर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने भारतीय राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। वंदे मातरम् का उद्घोष भी इसी भूमि से निकला। इसलिए जब बंगाल में राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता की चर्चा होती है, तो वह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं रह जाता, बल्कि भावनात्मक और ऐतिहासिक संदर्भ भी ग्रहण कर लेता है। भाजपा ने इसी ऐतिहासिक चेतना को पुनः जागृत करने का प्रयास किया। दुर्गापूजा, रामनवमी, हनुमान जयंती और हिंदू धार्मिक प्रतीकों को लेकर जिस प्रकार की राजनीतिक बहसें पिछले वर्षों में सामने आईं, उन्होंने हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग को यह महसूस कराया कि उसकी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां राजनीतिक विवाद का विषय बन रही हैं। परिणामस्वरूप एक बड़ा वर्ग अपनी पहचान के प्रश्न पर अधिक मुखर हुआ। पश्चिम बंगाल की राजनीति लंबे समय से अल्पसंख्यक वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि ममता बनर्जी सरकार ने संतुलित शासन के बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। चाहे इमाम भत्ता का मुद्दा हो, धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रशासनिक निर्णय हों या सीमावर्ती जिलों में बदलता जनसांख्यिकीय संतुलन-इन सभी विषयों ने धीरे-धीरे हिंदू समाज के भीतर असंतोष को जन्म दिया। यह असंतोष केवल धार्मिक नहीं था, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी था। अनेक लोगों को यह लगने लगा कि राज्य में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक निर्णयों में निष्पक्षता का अभाव है। भाजपा ने इसी भावना को राजनीतिक रूप दिया। उसने यह संदेश देने का प्रयास किया कि उसकी राजनीति केवल चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि सांस्कृतिक सुरक्षा स्थापित करने की राजनीति है। यही कारण है कि चुनाव प्रचार के दौरान जय श्रीराम जैसे नारे केवल धार्मिक उद्घोष नहीं रहे, बल्कि वे एक प्रकार के राजनीतिक प्रतिरोध और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक बन गए। इस चुनाव में हिंदी भाषी मतदाताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। पिछले कुछ वर्षों में बंगाल के औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों में हिंदी भाषी समाज का प्रभाव बढ़ा है। यह वर्ग लंबे समय से स्वयं को राजनीतिक रूप से उपेक्षित महसूस करता रहा था। भाजपा ने इस वर्ग को संगठित करने में सफलता प्राप्त की। हालांकि इस चुनाव को केवल हिंदी बनाम बंगाली के दृष्टिकोण से देखना भी उचित नहीं होगा। वस्तुतः भाजपा ने हिंदी भाषी और स्थानीय हिंदू समाज के बीच एक वैचारिक सेतु बनाने का प्रयास किया। उसने यह संदेश दिया कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर है। यही कारण है कि बंगाल के अनेक क्षेत्रों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला। पश्चिम बंगाल कभी वामपंथ का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था। वर्ग-संघर्ष, श्रमिक राजनीति और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा यहाँ की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा रही। लेकिन समय के साथ यह विचारधारा जमीन से कटती चली गई। वामपंथी दल जनता की नई आकांक्षाओं, युवाओं की उम्मीदों और बदलते सामाजिक यथार्थ को समझने में असफल रहे। आज का युवा केवल वैचारिक भाषण नहीं चाहता- वह रोजगार, सुरक्षा, सांस्कृतिक सम्मान और विकास चाहता है। यही कारण है कि वामपंथ धीरे-धीरे राजनीतिक हाशिये पर पहुँच गया। भाजपा ने इस खाली स्थान को भरते हुए स्वयं को एक वैकल्पिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। पश्चिम बंगाल में भाजपा की सफलता को अनेक लोग डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों से भी जोड़कर देख रहे हैं। डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय एकता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति का विरोध किया और राष्ट्रीय एकात्मता को सर्वोपरि माना। बंगाल की राजनीति में भाजपा का उभार कहीं न कहीं उसी विचारधारा की पुनस्र्थापना के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि बंगाल अब केवल क्षेत्रीय राजनीति का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि वह पुनः राष्ट्रीय चेतना का नेतृत्व करेगा। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या इन चुनाव परिणामों को हिंदू पुनर्ज़ागरण कहा जा सकता है? इसका उत्तर पूरी तरह सरल नहीं है, किंतु इतना स्पष्ट है कि हिंदू समाज के भीतर अपनी सांस्कृतिक पहचान को लेकर एक नई जागरूकता अवश्य उत्पन्न हुई है। यह जागरूकता केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि राजनीतिक अभिव्यक्ति का भी रूप ले रही है। हालांकि किसी भी लोकतंत्र में यह आवश्यक है कि सांस्कृतिक चेतना सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों के साथ संतुलित रहे। यदि पहचान की राजनीति संवाद और समावेशिता के बजाय टकराव का रूप लेती है, तो वह लोकतंत्र के लिए चुनौती बन सकती है। इसलिए बंगाल के इस परिवर्तन को केवल विजय उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी और आत्ममंथन के अवसर के रूप में भी देखा जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल की राजनीति अब एक नए मोड़ पर खड़ी है। भाजपा की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल अब राजनीतिक रूप से अपवाद नहीं रहा। यहाँ भी वही प्रश्न महत्वपूर्ण हो गए हैं जो देश के अन्य हिस्सों में प्रभावी हैं- सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रवाद, सुरक्षा, विकास और सामाजिक संतुलन। लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ जिम्मेदारियाँ भी आती हैं। यदि भाजपा वास्तव में बंगाल में एक नए युग की शुरुआत करना चाहती है, तो उसे केवल वैचारिक नारों तक सीमित नहीं रहना होगा। उसे रोजगार, उद्योग, शिक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर ठोस कार्य करना होगा। बंगाल की धरती ने हमेशा भारत को विचार, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रवाद की नई दिशा दी है। आज फिर इतिहास एक नए मोड़ पर खड़ा है। आने वाला समय तय करेगा कि यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लहर साबित होगा या वास्तव में बंगाल के सांस्कृतिक और वैचारिक पुनर्ज़ागरण का आधार बनेगा। **– ललित गर्ग**

पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में बंगाली अस्मिता और हिंदू पहचान के बीच एक वैचारिक द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था। तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को बंगाल की संस्कृति और क्षेत्रीय गौरव का संरक्षक बताया, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीयता, हिंदुत्व और सांस्कृतिक चेतना को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। वास्तव में बंगाल की ऐतिहासिक चेतना कभी संकुचित नहीं रही। यह वही भूमि है जहाँ से स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ ठाकुर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने भारतीय राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। वंदे मातरम् का उद्घोष भी इसी भूमि से निकला। इसलिए जब बंगाल में राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता की चर्चा होती है, तो वह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं रह जाता, बल्कि भावनात्मक और ऐतिहासिक संदर्भ भी ग्रहण कर लेता है। भाजपा ने इसी ऐतिहासिक चेतना को पुनः जागृत करने का प्रयास किया। दुर्गापूजा, रामनवमी, हनुमान जयंती और हिंदू धार्मिक प्रतीकों को लेकर जिस प्रकार की राजनीतिक बहसें पिछले वर्षों में सामने आईं, उन्होंने हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग को यह महसूस कराया कि उसकी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां राजनीतिक विवाद का विषय बन रही हैं। परिणामस्वरूप एक बड़ा वर्ग अपनी पहचान के प्रश्न पर अधिक मुखर हुआ। पश्चिम बंगाल की राजनीति लंबे समय से अल्पसंख्यक वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि ममता बनर्जी सरकार ने संतुलित शासन के बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। चाहे इमाम भत्ता का मुद्दा हो, धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रशासनिक निर्णय हों या सीमावर्ती जिलों में बदलता जनसांख्यिकीय संतुलन–इन सभी विषयों ने धीरे–धीरे हिंदू समाज के भीतर असंतोष को जन्म दिया। यह असंतोष केवल धार्मिक नहीं था, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी था।

# लो हम भी असामाजिक हो गए

**संजीव ठाकुर**

मोहल्ले के जमुनालाल जी आजकल अत्यंत चिंतित हैं। चिंता भी ऐसी वैसी नहीं राष्ट्रीय स्तर की है। फर्क बस इतना है कि राष्ट्र की शुरुआत उनके घर के ड्रॉइंग रूम से होती है और अंत उनके मोबाइल की बैटरी से। आज सुबह-सुबह ही वे गली के मोड़ पर मिल गए। चेहरे पर ऐसा भाव जैसे लोकतंत्र उन्हीं के भरोसे चल रहा हो और अभी-अभी किसी ने उसे अनफ्रेंड कर दिया हो। मुझे देखते ही दहाड़े लो आ गए! तुम लोग ही हो जो इस समाज को खा गए हो! मैंने घबराकर इधर-उधर देखा कहीं और कोई तो नहीं जिसे वे दोष देना चाहते हों पर दुर्भाग्य से मैं ही अकेला शिकार था क्या हुआ जमुनालाल जी? मैंने पूछा। वे बोले क्या हुआ? अरे, सोशल मीडिया ने सब कुछ बर्बाद कर दिया! रिश्ते खत्म, समाज खत्म, आदमी खत्म अब बस मोबाइल बचा है! मैंने सोचा, इतनी बड़ी तबाही अगर सच में हो गई होती तो कम से कम न्यूज चैनलों को तो खबर होती, पर वहाँ तो अभी भी बहस चल रही है कि देश में असली मुद्दा क्या है। जमुनालाल जी बिना रुके बोले जा रहे थे पहले क्या जमाना था! लोग बिना बुलाए घर आ जाते थे! मैंने मन में कहा हाँ, और बिना पूछे ही खाना भी खा जाते थे, और जाते-जाते बर्तन भी गिन जाते थे। वे बोले अब देखो, बेटा अपने कमरे में मोबाइल लेकर बैठा रहता है, बहू इंस्टाग्राम में लगी है, बेटी रील बना रही है, दामाद ट्विटर पर क्रांति कर रहा है कोई किसी से बात ही नहीं करता! मैंने पूछा तो आप उनसे बात करते हैं? वे थोड़ा सकपकाए, फिर बोले हम क्यों बात करें? हम बड़े हैं न! हमें कोई पूछे तो हम बोलें! यानी संवाद की जिम्मेदारी भी अब लोकतंत्र की तरह दूसरे पर डाल दी गई है। जमुनालाल जी की असली पीड़ा यह थी कि अब कोई उनके पास बैठकर उनकी लंबी-लंबी बातें नहीं सुनता। पहले लोग शिष्टाचार में फँस जाते थे अब मोबाइल के बहाने बच निकलते हैं। उन्होंने दुखी स्वर में कहा अब कोई मिलने भी नहीं आता रिश्तेदार बुलाते भी नहीं। मैंने सोचा पिछली बार जब उनके रिश्तेदार आए थे, तब जमुनालाल जी ने उन्हें चाय देने से पहले 'भारत में सामाजिक पतन' पर 50 मिनट का भाषण दिया था। चाय ठंडी हो गई, रिश्ते भी।।वे बोले हम तो अब समाज में मुँह दिखाने लायक नहीं रहे! मैंने मन ही मन कहा जमुनालाल जी, समाज ने आपका मुँह देखना बंद नहीं किया है बस अब लोग स्क्रीन देखना ज्यादा सुविधाजनक समझते हैं। फिर उन्होंने जेब से मोबाइल निकाला– देखो, ये फ़ेसबुक! यहाँ लोग नकली जिंदगी जीते हैं! मैंने देखा उनकी खुद की प्रोफाइल फोटो 15 साल पुरानी थी, जब वे 20 किलो हल्के और 30 साल छोटे थे। मैंने पूछा ये फोटो कब की है? वे बोले अरे, वही जब असली जमाना था! मतलब, सच वही है जो उन्हें अच्छा लगे,बाकी सब नकली है। जमुनालाल जी का दुख यह नहीं है कि समाज टूट रहा है। उनका दुख यह है कि अब समाज उनकी सुविधा के अनुसार नहीं चल रहा। पहले लोग उनके पास बैठकर मजबूरी में हाँ-हाँ करते थे, अब वे मोबाइल पर आगे कर देते हैं।।पहले लोग उनकी बात काट नहीं सकते थे, अब 'म्यूट' कर देते हैं। पहले लोग उनसे बच नहीं सकते थे, अब 'ऑफलाइन' हो जाते हैं। उन्होंने अंतिम निष्कर्ष सुनाया हम घनघोर असामाजिक हो गए हैं! मैंने धीरे से कहा नहीं जमुनालाल जी३ आप असामाजिक नहीं हुए हैं। आपका 'ऑडियंस' डिजिटल हो गया है वे समझे नहीं।मैंने सोचा, समझ भी जाते तो शायद उन्हें दुख होता और जमुनालाल जी को दुख से बड़ा कोई सुख नहीं है। क्योंकि दुख ही उनका सबसे बड़ा तर्क है, और तर्क ही उनका सबसे बड़ा मनोरंजन। असल में समाज न पहले बहुत सामाजिक था, न अब बहुत असामाजिक है। बस फर्क इतना है कि पहले लोग सामने बैठकर ऊबते थे,अब ऑनलाइन होकर। और जमुनालाल जी? वे आज भी समाज को बचाने में लगे हैं बस समाज ने उन्हें अंगूठे का इमोजी दिखाकर के छोड़ दिया है।

## सेहत मंत्र

# रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी। आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफ़ेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं। अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है। साथ ही यह कॉम्बिनेशन भूख कम करने के साथ ही शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी कम करने में सहायक है। आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है। इसलिए रोजाना सुबह खाली पेट इसको पीने से बॉडी डिटॉक्स होता है और शरीर का एनर्जी लेवल बढ़ता है।

## धर्म मंत्र

# सारा जीवन अपने पति भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित रहीं भगवती श्रीसीता

भगवान श्रीराम की पत्नी सीताजी राजा जनक की पुत्री हैं इसलिए उन्हें जानकी नाम से भी पुकारा जाता है। रामायण ग्रंथ के अनुसार सीताजी ने उच्च मर्यादित जीवन जिया और सारा जीवन अपने पति भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित रहीं। भारतीय देवियों में भगवती श्रीसीताजी का स्थान सर्वोत्तम है। रामायण ग्रंथ के मुताबिक प्राचीन काल में मिथिलापुरी में सीरध्वज जनक नाम के प्रसिद्ध धर्मात्मा राजा राज्य करते थे। वे शास्त्रों के ज्ञाता, परम वैराग्यवान तथा ब्रम्हज्ञानी थे। एक बार राजा जनक यज्ञ के लिए भूमि जोत रहे थे। भूमि जोतते समय हल का फाल एक घड़े से टकरा गया। राजा ने वह घड़ा बाहर निकलवाया। उससे राजा को अत्यन्त ही रूपवती कन्या की प्राप्ति हुई। राजा ने उस कन्या को भगवान का दिया हुआ प्रसाद माना और उसे पुत्री के रूप में बड़े लाड़ प्यार से पाला। उस कन्या का नाम सीता रखा गया। जनक की पुत्री होने के कारण वह जानकी भी कहलाने लगीं। धीरे धीरे जानकीजी विवाह योग्य हो गयीं। महाराज जनक ने धनुष यज्ञ के माध्यम से उनके स्वयंवर का आयोजन किया। निमंत्रण पाकर देश विदेश के राजा मिथिला में आये। महर्षि विश्वामित्र भी श्रीराम और लक्ष्मण के साथ यज्ञोत्सव देखने के लिए मिथिला में पधारे। राजा जनक को जब उनके आने का समाचार मिला तब वे श्रेष्ठ पुरुषों और ब्राम्हणों को लेकर उसने मिलने के लिए गये। श्रीराम की मनोहारिणी मूर्ति देखकर राजा विशेष रूप से विदेह हो गये। विश्वामित्र जी ने श्रीराम के शौर्य की प्रशंसा करते हुए महाराज जनक से अयोध्या के दशरथनंदन के रूप में उनका परिचय कराया।

## पर्यटन



# ऐतिहासिक मंदिरों, खूबसूरत समुद्र तटों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है पुरी

पुरी, भारत के ओडिशा राज्य में स्थित एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल है। यह स्थान खासकर अपने ऐतिहासिक मंदिरों, खूबसूरत समुद्र तटों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। पुरी को 'जगन्नाथ की नगरी' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यहां स्थित जगन्नाथ मंदिर हिन्दू धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। पुरी न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध संस्कृति का भी संगम है। पुरी का प्रमुख आकर्षण है, जगन्नाथ मंदिर। यह मंदिर भगवान श्री कृष्ण के अवतार, जगन्नाथ जी को समर्पित है। यहाँ हर साल विशाल रथ यात्रा का आयोजन होता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। यह रथ यात्रा पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और हर साल जुलाई महीने में आयोजित होती है। जगन्नाथ मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है, और यह हिंदू धर्म के चार प्रमुख धामों (बद्रीनाथ, द्वारका, ऋषिकेश और पुरी) में से एक माना जाता है। पुरी के समुद्र तट को भारत के सबसे सुंदर समुद्र तटों में गिना जाता है। यहां का नीला पानी, सफ़ेद रेत और ठंडी हवा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। आप यहां सूर्योदय और सूर्यास्त का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। समुद्र में तैरने के साथ-साथ, पर्यटक बीच पर आकर सुखद समय बिता सकते हैं और विभिन्न जल क्रीड़ाओं का आनंद ले सकते हैं। पुरी के पास स्थित सुन्दरगड़ और चिलिका झील पर्यटकों के लिए एक और आकर्षण का केंद्र है। चिलिका झील एशिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झीलों में से एक है। यहाँ विभिन्न प्रजातियों के पक्षी रहते हैं और सर्दियों में यह एक प्रमुख पक्षी अभयारण्य बन जाता है। यहां बोटिंग का अनुभव भी बहुत रोमांचक होता है, खासकर जब आप झील के बीचो-बीच स्थित छोटे द्वीपों को देख सकते हैं। पुरी के आसपास कई महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थल हैं, जैसे कि कोणार्क सूर्य मंदिर, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और इतिहास के लिए प्रसिद्ध है।

# ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स को मेडल, रिस्ट वॉच व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी । ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावियों को मेडल, प्रतीक चिन्ह एवं उपहार स्वरूप रिस्ट वॉच प्रदान की गई। साथ ही उनके अभिभावकों को भी माला, मिष्ठान एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



हाईस्कूल परीक्षा में परी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिया कुमारी 87 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा मधुबाला 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में ऋषभ गिरी ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दर्शिका शुक्ला 81 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि अक्षिता मिश्रा ने 80.6 प्रतिशत एवं प्राची निर्मल ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

गृह विज्ञान प्रवक्ता श्रीमती कुसुम राठौर के सफल संचालन में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं स्वागत गीत के साथ हुआ।

संस्थाध्यक्ष शरद अवस्थी ने कहा कि बच्चे ही राष्ट्र का भविष्य हैं और उन्हें पूरी लगन से पढ़ाई कर देश निर्माण में योगदान देना चाहिए। पूर्व सभासद सरवर सिद्दीकी ने कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के पूर्व छात्र एवं व्यापार मंडल उपाध्यक्ष शादाब खान ह्लमूवीमैनङ्क ने संस्था की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने एडिसन एवं अब्राहम लिंकन जैसे महापुरुषों का उल्लेख करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष, धैर्य और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

इस अवसर पर प्रबंधक शिवकुमार चतुर्वेदी, बीटीसी विभाग के प्रवक्ता विमल कुमार यादव, मूलचंद्र यादव, उपप्रधानाचार्य देवी बख्श सिंह, अशोक कुमार यादव, श्रीमती सुलेखा कुमारी, वंदना वर्मा, डॉ. अंकुर त्रिपाठी, जगत बहादुर सिंह, राज बहादुर सिंह, दीपचंद वर्मा, संदीप पाल, अरविंद कुमार शुक्ला, रवि कुमार कनौजिया, शैलेंद्र कुमार सिंह, आशीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नवाबगंज तहसील में सरकारी व विवादित जमीनों पर भूमाफियाओं का शिकंजा, डीएम से शिकायतों का सिलसिला तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। तहसील नवाबगंज में सरकारी, शत्रु संपत्ति तथा विवादित जमीनों पर अवैध कब्जा, प्लाटिंग और निर्माण के मामलों ने प्रशासनिक हलकों में हलचल बढ़ा दी है। तहसील में हाल ही में प्रशासनिक बदलाव और नए जिलाधिकारी के कार्यभार संभालने के बाद ऐसे कई गंभीर प्रकरण सामने आने लगे हैं, जिनमें भूमाफियाओं द्वारा सरकारी व विवादित भूमि पर कब्जेदारी कर करोड़ों के खेल का आरोप लगाया जा रहा है। जिलाधिकारी को भेजी गई शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि कुछ भूमाफिया संगठित तरीके से सरकारी और विवादित जमीनों पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग व निर्माण करा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इन लोगों का संबंध पूर्वांचल के कुख्यात अपराध जगत से जुड़े नेटवर्क से रहा है और राजधानी में बैठे तथाकथित उसके रिश्तेदारों व प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में बाराबंकी में जमीन का कारोबार तेजी से फैलाया जा रहा है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि मुख्तार अंसारी गिरोह का शूटर जिसकी की हत्या होचकी है, रिश्तेदार एवं जमीन कारोबारी बाराबंकी में सक्रिय है, खुद को एक पूर्व पुलिस अधिकारी और सत्ता पक्ष के एक कद्दावर का करीबी होने तथा उनका बिजनेस पार्टनर बताकर लोगों पर दबाव बनाता, भय और प्रभाव का इस्तेमाल कर जमीनों पर कब्जा कराने, निर्माण कराने तथा विरोध करने वालों को धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। वहीं एक स्थानीय राजनीतिक सपा से जुड़े नेता क्षेत्र समिति प्रमुख जिस पर कई थानों में मुकदमे दर्ज होने के बावजूद वह बीबी के नाम पर जमीन कारोबार संचालित कर रहा का आरोप है। नगर क्षेत्र के निकट कंपनी बाग इलाके में स्थित शत्रु संपत्ति खाते में दर्ज भूमि, आराजी पर भी अवैध प्लाटिंग और कब्जेदारी की शिकायत जिलाधिकारी तक पहुंची है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी अभिलेखों में शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज भूमि को निजी प्लाटिंग में शामिल कर बेचा जा रहा है। मामले में खतौनी, राजस्व अभिलेखों तथा पूर्व में जारी स्थगन आदेशों का हवाला देते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। इसी क्रम में सामाजिक संगठन द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए एक अन्य प्रार्थना पत्र में ग्राम ओबरी, परगना व तहसील नवाबगंज की खतौनी फसली वर्ष 1425 से 1430 की गाटा संख्या 2302, खाता संख्या 7336 का उल्लेख किया गया है।

शिकायत के अनुसार उक्त गाटा ऊसर श्रेणी में दर्ज है तथा उसके आसपास स्थित गाटा संख्या 2321, 2320, 2319 व 2314 समेत अन्य सरकारी भूमि पर भी अवैध प्लाटिंग और कब्जेदारी किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कुछ भूमाफियाओं द्वारा सरकारी भूमि को निजी प्लॉटों में मिलाकर बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लॉटिंग कर बेचा जा रहा है। साथ ही कुछ भूखंडों पर विभागीय भवन निर्माण के नाम पर भूमि उपयोग परिवर्तन कराए जाने की भी बात कही गई है। इसी क्रम में एक अन्य प्रार्थना पत्र में ग्राम ओबरी स्थित आराजी संख्या 338/2 रकबा संबंधी विवाद सामने आया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उक्त भूमि पर न्यायालय में वाद लंबित होने और स्थगन आदेश लागू होने के बावजूद कुछ लोग बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जेदारी कर रहे हैं। मामले में प्रशासन से अवैध निर्माण तत्काल रुकवाने, पैमाइश कराने और यथास्थिति बनाए रखने की मांग की गई है।

सामाजिक संगठन द्वारा दी गई शिकायत में नवाबगंज तहसील क्षेत्र की सरकारी भूमि, शत्रु संपत्ति और सार्वजनिक उपयोग की जमीनों पर अवैध प्लाटिंग कर बेचने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने राजस्व टीम गठित कर मौके की पैमाइश, सीमांकन और कब्जा हटाने की कार्रवाई कराने की मांग की है। शिकायत में कई अन्य भूमि संख्याओं का भी उल्लेख करते हुए जांच की मांग उठाई गई है।

सूत्रों के अनुसार नए जिलाधिकारी के समक्ष बीते कुछ दिनों में जमीन कब्जे और भूमाफियाओं से जुड़े कई मामले पहुंचे हैं, जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर ऐसे प्रकरणों की जांच तेज होने की संभावना जताई जा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन शिकायतों पर कितना सख्त रुख अपनाता है और सरकारी व विवादित जमीनों को भूमाफियाओं से मुक्त कराने के लिए क्या कार्रवाई करता है।

# विद्यालय गेट पर जलभराव से बढ़ा बीमारी का खतरा, बच्चों का निकलना हुआ मुश्किल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सादुल्लापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय थोरथिया के मुख्य गेट के सामने लंबे समय से गंदा पानी भरा होने से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण वहां मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि छोटे-छोटे बच्चे रोजाना कीचड़ और बदबूदार पानी



से होकर विद्यालय जाने को मजबूर हैं। बरसात जैसी स्थिति बने रहने से रास्ता पूरी तरह खराब हो चुका है। गंदे पानी से उठ रही दुर्गंध के कारण आसपास का वातावरण भी दूषित हो रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय गेट के सामने भरे गंदे पानी की तत्काल निकासी कराकर रास्ते की मरम्मत कराई जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

# विश्व रेडक्रॉस व थैलीसीमिया दिवस पर मरीजों को फल वितरण, रक्तदाता सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। विश्व रेडक्रॉस दिवस एवं विश्व थैलीसीमिया दिवस पर जिला चिकित्सालय और महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल व आवश्यक सामग्री वितरित कर सेवा भावना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने मरीजों का हालचाल जाना और रक्तदाताओं व थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को सम्मानित किया।

ब्लड बैंक में नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया, वहीं थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बालाजी बचपन के प्रबंधक अंकुर माथुर ने कहा कि इस बीमारी के प्रति जागरूकता और बच्चों का मनोबल बढ़ाना जरूरी है।



मुख्य अतिथि अंगद सिंह ने कहा कि ह्लरक्तदान महादानङ्क के माध्यम से थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने समाजहित में रेडक्रॉस सोसाइटी की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. डीके. श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. राजीव सिंह, हुमायूं नईम खान, डॉ. जेपी मौर्य, डॉ. प्रदीप कुमार सहित कई चिकित्सक, समाजसेवी और रेडक्रॉस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पुरुषोत्तम मास मेले की तैयारियों की समीक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा पर रहेगा विशेष फोकस

बाराबंकी। तहसील रामनगर क्षेत्र के महोदवा स्थित श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित होने वाले पुरुषोत्तम मास (अधिमास) मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को लोक सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) निरंकार सिंह ने विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पुरुषोत्तम मास मेला 17 मई से 16 जून 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। विशेष रूप से सोमवार को अधिक भीड़ रहने की संभावना जताई गई। समीक्षा बैठक में बैरीकेटिंग, टेंट, अस्थायी विद्युत व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई एवं खाद्य पदार्थों की जांच समेत विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, मार्ग परिवर्तन योजना, मोबाइल शौचालय, खोया-पाया केंद्र और अग्निशमन व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता, समयबद्ध तरीके से पूरी हों सभी व्यवस्थाएं : निरंकार सिंह

## एडीएम ने की समिक्षा बैठक , दिए उचित दिशा निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित होने वाले पुरुषोत्तम मास (अधिमास) मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को लोक सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर आयोजित समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) निरंकार सिंह ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं।

बैठक में बताया गया कि पुरुषोत्तम मास मेला 17 मई से 16 जून 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश एवं देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। विशेष रूप से सोमवार को अधिक भीड़ रहने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान बैरीकेटिंग, टेंट, अस्थायी विद्युत व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई एवं खाद्य पदार्थों की जांच समेत विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को




मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे, मार्ग परिवर्तन योजना, मोबाइल शौचालय, खोया-पाया केंद्र एवं अग्निशमन व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा मेले के दौरान लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में उपजिलाधिकारी रामनगर आनंद कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, निवर्तमान विधायक शरद अवस्थी, श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ओबरी की ऊसर भूमि पर बन रहे मॉल को लेकर उठे सवाल, फर्जी अंकन व कूटरचना की जांच की मांग तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। तहसील नवाबगंज के ग्राम ओबरी स्थित गाटा संख्या 534 रकबा 0.51680 हे0 की भूमि पर बन रहे एक बड़े मॉल को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। जगजीवन दास सत्यनाम सेवा ट्रस्ट के सचिव द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित संयुक्त प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि उक्त भूमि मूल रूप से ऊसर श्रेणी में दर्ज सरकारी भूमि है, लेकिन कूटरचना एवं राजस्व अभिलेखों में हेराफ़ेरी कर निजी नाम दर्ज करा लिये गये, जिसके बाद अब करोड़ों रुपये की व्यावसायिक परियोजना खड़ी कर दी गई है।

शिकायत में कहा गया है कि ग्राम ओबरी, परगना व तहसील नवाबगंज की गाटा संख्या 534 का मूल रकबा 2-0-16 अर्थात 0.516 हे0 सन् 1332 फसली के बंदोबस्त में खाता संख्या-200 पर ऊसर के रूप में दर्ज था। इसके बाद 1359, 1360 और 1362 फसली की खतौनियों में भी यह भूमि क्रमशः खाता संख्या 126, 141 एवं 135 पर ऊसर श्रेणी में दर्ज रही। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ग्राम में कभी चकबंदी नहीं हुई, बावजूद इसके बाद के वर्षों में कूटरचना कर इस सरकारी भूमि पर निजी खातेदारों के नाम दर्ज करा दिये गये।

प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तहसील अभिलेखागार में सुरक्षित पट्टा पत्रावली में केवल 30 लोगों को पट्टा स्वीकृत किया गया था, जिसमें गाटा संख्या 534 शामिल नहीं है। आरोप है कि स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में कई शिकायतें दिये जाने के बावजूद तहसील स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि दाखिल-खारिज की कार्यवाहियां भी कर दी गईं।

शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गाटा संख्या 534/0.516 हे0 को पुनः 1359 फसली अभिलेखों के अनुसार ऊसर खाते में दर्ज कराया जाए तथा भूमि पर अवैध रूप से नाम दर्ज कराने वाले व्यक्तियों एवं संबंधित राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध धारा 38(2) उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अंतर्गत जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि जिस भूमि पर वर्तमान में मॉल का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है, उसकी विधिक स्थिति स्पष्ट किये बिना निर्माण कार्य जारी रहना गंभीर प्रशासनिक और राजस्व संबंधी प्रश्न खड़े करता है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और प्रशासनिक जांच की मांग जोर पकड़ रही है।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव सनसनी, हत्या की आशंका

सूरतगंज-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक स्कूटी सवार युवक का शव सड़क किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गोंडा जनपद के मोतीगंज थाना क्षेत्र निवासी सुजीत सिंह (30) के रूप में हुई है, जो अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने आया था। गुरुवार देर रात बनमऊ-बुढ़ानापुर मार्ग पर नदवा गांव के पास उसका शव स्कूटी समेत सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर वीर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसे का प्रतीत हो रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाकियू पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन, 26 मई को ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन का ऐलान

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक प्रदेश महासचिव स्वर्गीय मुकेश सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित की गई, जिसमें किसानों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बैठक से पूर्व यूनियन पदाधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को पठन सामग्री वितरित कर सेवा कार्य किया। पंचायत में क्षेत्रीय समस्याओं और किसान मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। संगठन ने जनसमस्याओं को लेकर 26 मई को ब्लॉक मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया। साथ ही ग्राम पूरे सारी मजरे बिबियापुर घाट में चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को भी समर्थन दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### देहदानी फूलझारा की पुण्यतिथि पर सेवा और श्रद्धा का संगम, गर्भवती महिलाओं को बांटे फल

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र के तपापुर गांव में देहदानी स्वर्गीय फूलझारा की 8वीं एवं स्वर्गीय मुकेश सिंह की 7वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान नेता, समाजसेवी और ग्रामीण शामिल हुए। वक्ताओं ने स्वर्गीय फूलझारा के देहदान और सामाजिक सेवा को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम के बाद भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए। इस दौरान मानव सेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक सहित स्वास्थ्यकर्मी, किसान नेता, पत्रकार और क्षेत्रीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### भदौरिया संगठन की तहसील इकाई ने किया धरना प्रदर्शन का ऐलान

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन भदौरिया संगठन जिला अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र कुमार सिंह के निर्देशानुसार पिछले माह की मासिक बैठक में दिए गए ज्ञापन के संबंध में उप जिलाधिकारी सिरौली गौसपुर के समक्ष वार्ता हेतु पहुंचे पदाधिकारी। जहां पर 10 सूत्रीय ज्ञापन पूर्व में सौंपा गया इसके संबंध में उप जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुए समस्त बिंदुओं पर कोई संतुष्ट जवाब पदाधिकारी को न देकर अपना पलड़ा झाडने का काम किया।वार्ता करने पहुंचे पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष तुफैल अहमद ग्राम अध्यक्ष बिरौली सुनील वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सिरौली शोएब अहमद व जिला मीडिया प्रभारी तिलक राम गुप्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष बाराबंकी के निर्देशानुसार संगठन की तहसील इकाई सिरौली गौसपुर के द्वारा आगामी 25 मई 2026 दिन सोमवार को प्रातः 10:00 से परसा तिराहे पर धरना एवं विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र कुमार सिंह होंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान यदि कोई घटना किसी भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी के साथ घटित होती है तो समस्त जिम्मेदारी तहसील प्रशासन सिरौली गौसपुर की होगी।

### जैदपुर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य भंडारा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

जैदपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत जैदपुर स्थित बाबा आनंदेश्वर मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को कन्या पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में काली माता एवं भगवान हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। बताया गया कि अनुष्ठान से एक दिन पूर्व भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई थी। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने साधु-संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। शुक्रवार को पुरोहितों द्वारा पूजा-अर्चना एवं आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित सीताराम शास्त्री, सेवादार अर्जुन कश्यप, संतोष पाठक, नयन शर्मा, विजय यादव, भीम कश्यप, राजन बक्सोर, विक्की पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### तिलोई रियासत के युवराज उत्कर्ष के संग रिश्तों की डोर में बंधी आकांक्षा

अमेठी । प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य राज्यमंत्री एवं तिलोई के विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र उत्कर्ष शरण सिंह का वैवाहिक समारोह वैदिक रीति रिवाज एव मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। उप मुख्यमंत्री के साथ ही आआधा दर्जन मंत्रियों और विधायकों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि साक्षी बने और इस वैवाहिक समारोह में राजनैतिक हस्तियों ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य राज्यमंत्री एवं तिलोई के विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र तिलोई रियासत के युवराज उत्कर्ष शरण सिंह का विवाह बलिया से विधान परिषद सदस्य रवि शंकर सिंह की सुपुत्री आकांक्षा सिंह के साथ वैदिक रीति रिवाज एव मंत्रोच्चारण के साथ जनेश्वर मिश्र पार्क लखनऊ में सम्पन्न हुआ।राज्यमंत्री के सुपुत्र युवराज उत्कर्ष शरण सिंह और आकांक्षा सिंह सिंह ने अपने जीवन साथी के गले में जयमाला डालकर रिश्तों की डोर के साथ ही परिणय सूत्र में बंध गई।इस वैवाहिक समारोह में कन्या पक्ष से राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर,विधान परिषद सदस्य रवि शंकर सिंह व उनके सुपुत्र उत्कर्ष सिंह एवं वर पक्ष से राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह अतिथियों का स्वागत कर रहे थे। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र उत्कर्ष शरण सिंह के वैवाहिक समारोह की पूर्व संध्या पर कैसरबाग स्थित आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पहुंचकर शुभकामनाएं दी थी। इस वैवाहिक समारोह में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह,कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही,रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, जितिन प्रसाद, सतीश चंद्र शर्मा,दिनेश प्रताप सिंह, दानिश अंसारी, पूर्व सांसद धनंजय सिंह, अम्बिका चौधरी, दया शंकर मिश्र, ब्रजेश सिंह प्रिंसू,नारद राय,विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, गोविंद नारायण शुक्ला,शैलेंद्र प्रताप सिंह, नोएडा के विधायक पंकज सिंह,गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, दातागंज के विधायक राजीव कुमार सिंह, सैयदराजा के विधायक सुशील सिंह, राजा राकेश प्रताप सिंह, विपुल सिंह चौहान, कुंवर हनुमंत सिंह, हिमांशु सिंह,मनीष सिंह सहित अन्य तमाम राजनैतिक दलों के नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने वर वधू को आशीर्वाद दिया।

# सद्भाव यात्रा में राहुल गांधी बोले- भाजपा लोकतंत्र और किसानों पर हमला कर रही

एजेंसी

गुरुग्राम। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार शाम गुरुग्राम में सद्भाव यात्रा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर लोकतंत्र, संविधान और किसानों के अधिकारों पर हमला करने का आरोप लगाया। इससे पूर्व राहुल गांधी खांडसा मंडी से लेकर एसडी स्कूल चौक तक सद्भाव यात्रा में शामिल हुए। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की ओर से यह यात्रा निकाली जा रही है। इसके बाद आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने देश में चुनाव चोरी करने का सिस्टम बना लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में लाखों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए और नए नाम जोड़े गए। चुनाव आयोग भी भाजपा के दबाव में काम कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेताओं को लगता है कि उनका शासन कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन अब देश की जनता सच्चाई समझ चुकी है। देश के लोग समझ रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार देश की



संपत्तियों को चुनिंदा उद्योगपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है।राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी का नाम लेकर कहा कि एयरपोर्ट, पावर प्लांट, इंफ्रास्ट्रक्चर और यहां तक कि निकोबार द्वीपों तक को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता समझ रही है कि भाजपा सरकार अडानी-अंबानी मॉडल पर काम कर रही है, जहां कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए नीतियां बनाई जा रही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी कंपनी का नाम मोडानी होनी चाहिए। क्योंकि यह कंपनी बीजेपी का फाइनेंशियल स्ट्रक्चर है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी को हराएगी, फिर देखना हम क्या कार्रवाई करते हैं। इन्होंने लोकतंत्र खत्म किया है, हम इस बात को भूलने वाले नहीं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग लगातार बंद हो रहे हैं और चीन का सामान भारत के बाजारों में बेचा जा रहा है।

राहुल गांधी ने एक बार फिर से एपस्टिन फाइल का जिक्र करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के अनेक सबूत अमेरिका में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति कभी भी उनकी सरकार गिराने की धमकी दे देते हैं। राहुल

### -बोले, मोदी-अडानी गठजोड़ देश को बेचने में लगा

### गुरुग्राम की सद्भावना यात्रा में केंद्र सरकार पर जमकर बरसे विपक्ष के नेता

गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति और अमेरिका के साथ हुई कथित डील पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि यह समझौता भारत के हितों के खिलाफ है और अमेरिका के दबाव में किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि क्षेत्र को अमेरिकी किसानों के लिए खोल दिया गया है, जिससे भारत के छोटे किसान बर्बाद हो जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के किसानों के पास हजारों एकड़ जमीन होती है, जबकि भारत में छोटे और सीमांत किसान खेती करते हैं। ऐसे में अमेरिकी कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में आने से किसानों पर भारी असर पड़ेगा। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने अमेरिका से हर साल साढ़े नौ लाख करोड़ रुपये का सामान खरीदने की बात कही है, जिससे भारत की फैक्ट्रियां बंद होने का खतरा पैदा होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तेल खरीद को लेकर भी भारत की स्वतंत्र नीति कमजोर की गई है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश का महत्वपूर्ण डेटा भी सुरक्षित नहीं है। अस्पतालों और अन्य संस्थानों से जुड़ा डेटा अमेरिका को सौंपा जा रहा है। इस पूरी डील से भारत को कोई लाभ नहीं मिला, बल्कि केवल अमेरिका को फायदा हुआ। राहुल गांधी ने अमेरिका में चर्चित एपस्टीन फाइल का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें कई बड़े लोगों की जानकारी मौजूद है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी से जुड़े मामलों को लेकर भी अमेरिका में चर्चा होती रही है। उन्होंने कहा कि अडाणी समूह पर अमेरिका में जांच चल रही है और पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा का आर्थिक ढांचा किन उद्योगपतियों के इर्द-गिर्द घूमता है। उन्होंने सद्भावना यात्रा निकालने के लिए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का धन्यवाद किया और कहा कि हरियाणा कांग्रेस पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है।

# अमित शाह रविवार को देश में बाढ़ प्रबंधन, लू से निपटने की तैयारियों की करेंगे समीक्षा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 10 मई को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें देश में संभावित बाढ़ और लू (हीटवेव) की स्थिति से निपटने की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी।

गृह मंत्रालय के शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार बैठक में केंद्र सरकार की एजेंसियों की तैयारियों, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, संसाधनों की तैनाती और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जान-माल के नुकसान को न्यूनतम रखने के उपायों पर विशेष जोर रहेगा।

बयान में कहा गया कि केंद्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए 'समग्र सरकार' और 'समग्र समाज' दृष्टिकोण अपनाया है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकारों की एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को सशक्त बनाने तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान 'शून्य जनहानि' के लक्ष्य पर लगातार ध्यान केंद्रित किया गया है। बैठक में देशभर में चलाए जा रहे दीर्घकालिक बाढ़ शमन उपायों की प्रगति की भी समीक्षा होगी। इसमें महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सुरक्षा, नदी प्रबंधन पहल और पूर्वानुमान संबंधी वैज्ञानिक प्रगति शामिल हैं।

गृहमंत्री पिछले वर्ष आयोजित समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की स्थिति का भी आकलन करेंगे ताकि जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके और विभिन्न गतिविधियों के समन्वित क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके।

बैठक के प्रमुख एजेंडों में उन्नत तकनीक और रीयल-टाइम डेटा के जरिए बाढ़ पूर्वानुमान एवं प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना, बाढ़ और लू जैसी एक साथ आने वाली आपदाओं से निपटने की तैयारी बढ़ाना, सामुदायिक जागरूकता एवं आपदा-रोधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम तथा राहत सामग्री और चिकित्सा तैयारियों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करना शामिल है।

# तमिलनाडु में 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी, ईरोड जिला राज्य में प्रथम

एजेंसी

चेन्नई,। तमिलनाडु में प्लस-2 (12वीं कक्षा) की सार्वजनिक परीक्षा के परिणाम शुक्रवार सुबह घोषित कर दिए गए। इस वर्ष राज्य में ईरोड जिला सबसे अधिक उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा। परीक्षा का आयोजन 2 मार्च से 26 मार्च तक किया गया था, जिसमें लगभग 8 लाख छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। राज्य सरकार की ओर से जारी परिणामों के अनुसार, इस बार 93.19 प्रतिशत छात्र तथा 97 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में सफल हुई हैं। वहीं, पूरे तमिलनाडु में 489 स्कूलों ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जिलावार प्रदर्शन में ईरोड जिला 98.87 प्रतिशत उत्तीर्णता के साथ पहले स्थान पर रहा। शिवगंगई जिला



98.05 प्रतिशत के साथ दूसरे तथा कन्याकुमारी जिला 97.63 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

छात्र अपने परीक्षा परिणाम और वेबसाइटों पर रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज कर देख सकते हैं। इसके अलावा 78452-52525 नंबर पर व्हाट्सऐप के माध्यम से भी परिणाम प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

व्हाट्सऐप से परिणाम देखने के लिए छात्रों को 78452-52525 नंबर पर भेजना होगा। इसके बाद विभाग और कक्षा का चयन करने पर परीक्षा संख्या तथा जन्मतिथि दर्ज करनी होगी, जिसके बाद परिणाम स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाएगा।

परीक्षा परिणाम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, संदेह या परामर्श के लिए 14417, 104 और 14416 हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। स्कूलों के छात्र अपने-अपने विद्यालयों में भी परिणाम देख सकते हैं। साथ ही छात्रों और निजी परीक्षार्थियों के पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के जरिए भी परिणाम भेजे जाएंगे। इस अवसर पर राज्य के पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यमोझि ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम जीवन का अंतिम सत्य नहीं है और विद्यार्थियों व अभिभावकों को इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से लेना चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सुभाषित साझा कर भारतीय सेना के शौर्य को किया नमन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय सेना के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए जवानों का समर्पण हर देशवासी को गौरवान्वित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज एक्स पर पोस्ट साझा कर सेना के जज्बे की सराहना करते हुए लिखा कि

ल्लदेश के मान-सम्मान की रक्षा के लिए भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम सभी देशवासियों को गौरवान्वित करता है। मां भारती के लिए मर-मिटने का उनका जज्बा हर किसी को प्रेरित करने वाला है।

प्रधानमंत्री ने एक संस्कृत सुभाषित भी साझा किया- स्वधर्ममपि चावेक्ष्य न विकम्पितुमर्हसि धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेयो न्यत्क्षत्रियस्य न विद्यते।। इस सुभाषित का अर्थ है कि अपने कर्तव्य का बोध होने पर व्यक्ति के मन में किसी भी प्रकार की दुविधा या भय नही होना चाहिए, क्योकि न्याय की वेदी पर धर्म और मर्यादा की रक्षा हेतु किया गया संघर्ष ही एक योद्धा के लिए आत्म-कल्याण का सर्वोतम और सर्वाधिक गौरवशाली मार्ग है।

# ईडी ने गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के तीन संस्थापकों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉनड्रिंग मामले में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के तीन संस्थापकों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने दीपक सिंह, पृथ्वीराज सिंह और विकास तनेजा को धनशोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। दीपक सिंह और पृथ्वीराज सिंह को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उन्हें बेंगलुरु की अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई है। विकास तनेजा को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है और उन्हें अदालत में पेश किया गया है।

ये गिरफ्तारी तब हुई जब केंद्रीय एजेंसी ने कथित धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित कई प्राथमिकियों




का संज्ञान लेते हुए ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड' और अन्य संबंधित संस्थाओं के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया। ईडी ने एक दिन पहले गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर और कर्नाटक में 17 स्थानों पर छापेमारी भी की थी और कुछ दस्तावेज जब्त किए थे। ईडी के मुताबिक ये प्लेटफॉर्म 'रमीकल्चर', रमीटाइम ऐप आदि जैसे कई ऑनलाइन 'रियल-मनी गेम्स' का संचालन और स्वामित्व रखता है। धोखाधड़ी का शिकार हुए कई लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारण कंपनी के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में ईडी ने गेम्सक्राफ्ट के खिलाफ जांच के सिलसिले में 18.57 करोड़ रुपये की जमा राशि वाले आठ बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगा दी थी।

# पेज एक का शेष

## सोमनाथ ...

पुनीत कार्य में योगदान दे रहे हैं। सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, संस्कृति और एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता।

प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से अपील की कि इस पावन अवसर पर सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता का साक्षात दर्शन करें। वहां खड़े होकर लोग केवल भक्ति का अनुभव नहीं करेंगे, बल्कि उस सभ्यतागत चेतना की धड़कन भी सुनेंगे जो कभी रुकी नहीं और जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। सोमनाथ भारत की अपराजित आत्मा का प्रतीक है और इसकी शक्ति सदियों से राष्ट्र को प्रेरित करती रही है।

## पति-पत्नी ...

थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू की । प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हादसे का शिकार हुए कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव धानेरा कीरत निवासी 38 वर्षीय उत्तम पुत्र महिपाल सिंह अपनी पत्नी उर्मिला और तीन बच्चों के साथ वैष्णो देवी दर्शन कर वापस आये थे और खुर्ज़ा में अपने एक रिश्तेदार के यहां रुके थे। शुक्रवार को सभी लोग बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कोतवाली देहात क्षेत्र के भासौली मोड़ के पास यह हादसा हो गया।

मौके पर पहुंचे एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया घटना दुर्भाग्यपूर्ण घटित हुई है । इस हादसे में उत्तम सिंह व उनकी पत्नी उर्मिला व तीन बच्चों की मौत हुई है। यह परिवार धानेरा कीरत का रहने वाला था। घटनास्थल से एक हरियाणा नम्बर प्लेट ट्रक की मिली है और हम हादसे की जांच कर रहे हैं। वहीं हादसे का शिकार उर्मिला के भाई रमेश ने बताया कि पूरा परिवार वैष्णो देवी दर्शन कर लौट रहा था। खुर्ज़ा में रिश्तेदारी में रुकने के बाद वे अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## क्रूज...

तहत डब्ल्यूएचओ द्वारा साझा की गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जहाज पर हंटावायरस संक्रमण के आठ संभावित मामले सामने आए हैं, जिनमें से पांच की प्रयोगशाला में पुष्टि हो चुकी है। तीन मौतें भी हुई हैं।

डब्ल्यूएचओ को मई के पहले सप्ताह में इस मामले की जानकारी दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि इसमें शामिल वायरस हंटावायरस का एंडीज स्ट्रेन है, जिसमें मानव से मानव में संचरण की सीमित क्षमता होती है और आमतौर पर इसके प्रसार के लिए निकट और लंबे समय तक संपर्क की आवश्यकता होती है। अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को कम बताया है, हालांकि बीमारी के लक्षण देर से दिखने की वजह से आगे और मामले मिल सकते हैं। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएचओ, आईएचआर व्यवस्था के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राहत और निगरानी प्रयासों का समन्वय कर रहा है।

इसके तहत जांच सुविधाओं को मजबूत करना, संक्रमण की स्थिति का आकलन करना और यात्रियों व चालक दल के सदस्यों के सुरक्षित उतरने और आगे की यात्रा की व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल है। उभरती स्थिति के मद्देनजर एनसीडीसी और आईडीएसपी के अंतर्गत जन स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र (पीएचईओसी) ने हालात का आकलन करने और तैयारियों के उपायों की समीक्षा करने के लिए आईडीएसपी और आईएचआर-एनएफपी इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई है।

## डीआरडीओ ...

और सटीकता को बढ़ाने के लिए यह पहला ग्लाइड हथियार है, जिसमें कम लागत वाले सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इस किट को कई भारतीय उद्योगों के साथ मिलकर बनाया गया है, जिन्होंने पहले ही प्रोडक्शन शुरू कर दिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, वायु सेना, उद्योगों को पहले उड़ान परीक्षण के लिए बधाई दी है और इसे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण विकास बताया है। डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी कामत ने भी सफल फ्लाइट ट्रायल से जुड़ी टीमों को बधाई दी है।

## बंगाल...

बी.एस. येदियुरप्पा के सार्वजनिक जीवन के स्वर्णिम अवसर ल्लअभिमानोत्सवङ्क कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने शुक्रवार को दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संदेश जारी कर कहा कि ल्लपूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के सार्थक राजनीतिक जीवन के स्वर्ण 'अभिमानोत्सव' में भाग लेने आ रहे वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह का किलेनगरी चित्रदुर्ग में हार्दिक स्वागत है।ङ्क

विजयेंद्र ने आगे कहा कि अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद अमित शाह ने येदियुरप्पा के प्रति सम्मान और राज्य के कार्यकर्ताओं के प्रति स्नेह के कारण यह कार्यक्रम स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के बाद सीधे चित्रदुर्ग पहुंचेंगे, जिसके लिए पार्टी उनकी आभारी है।

दरअसल, यह आयोजन पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के लंबे राजनीतिक जीवन, किसान हितों के लिए उनके संघर्ष और कर्नाटक की राजनीति में उनके योगदान को स्मरण करने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यभर से लाखों कार्यकर्ताओं, समर्थकों और नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

## भाजपा ....

और केरल में कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई यह साबित करती है कि राहुल ने विपक्षी राजनीति को अविश्वास और भ्रम की राजनीति में बदल दिया है। उल्लेखनीय है कि विजय के नेतृत्व वाली टीवीके ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीती हैं, जो बहुमत के आंकड़े से दस कम हैं। सरकार बनाने के लिए उसे अन्य दलों के समर्थन की आवश्यकता है। टीवीके को कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और विदुथलाई चिरुथैगल कड़गम (वीसीके) का समर्थन मिल गया है, जो सभी डीएमके के सहयोगी हैं। इन चुनावों में कांग्रेस ने पांच, सीपीआई, सीपीआई-एम और वीसीके ने दो-दो सीटें जीती हैं।

## देश...

कि उन्होंने मार्टिन ब्रिएन्स के साथ भारत-फ्रांस-यूएई त्रिपक्षीय बैठक में भी भाग लिया, जहां तीनों पक्षो ने अपनी साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और निर्धारित समय-सीमाओं के साथ एक व्यवस्थित रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की।

बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने कहा कि बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, नाविकों के कल्याण और समुद्री संचालन में कोई रुकावट न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय, भारतीय मिशनों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, और पिछले 48 घंटों में किसी भी ऐसे जहाज़ से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है, जिस पर भारतीय झंडा लगा हो या जिस पर भारतीय नाविक सवार हों।

ओपेश कुमार शर्मा ने बताया कि डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ शिपिंग में बनाए गए कंट्रोल रूम ने शुरू होने के बाद से अब तक 8,737 से ज़्यादा कॉल और 19,314 ईमेल संभाले हैं; इनमें से 167 कॉल और 582 ईमेल तो अकेले पिछले 48 घंटों में आए हैं। मंत्रालय ने अब तक 3,019 से ज़्यादा भारतीय नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी में भी मदद की है; इनमें से 20 नाविक पिछले 48 घंटों में खाड़ी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से वापस लौटे हैं। पूरे भारत में समुद्री संचालन सामान्य रूप से जारी है, और कहीं भी जहाज़ों की भीड़ या रुकावट की कोई ख़बर नहीं है।

इसके अलावा विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी), असीम आर. महाजन ने बताया कि विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर लगातार बारीकी से नज़र रख रहा है। हमारे प्रयासों का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय में स्थापित एक विशेष कंट्रोल रूम पूरी तरह से कार्यरत है, जो भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों की पूछताछ का जवाब देने के लिए समर्पित है। सूचनाओं के आदान-प्रदान और अपने प्रयासों में समन्वय स्थापित करने के लिए हम राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ निरंतर संपर्क में हैं।

## लापरवाही ...

में मूल तैनाती स्थल पर भेज दिया गया है। उन पर सहकर्मी के साथ दुर्व्यवहार का आरोप है। सरकार ने कुछ मामलों में वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई भी की है। हमीरपुर में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लालमणि की तीन वेतनवृद्धियां स्थाई रूप से रोकी गई हैं। उन पर आजमगढ़ में तैनाती के दौरान मरीजों से वसूली और दुर्व्यवहार के आरोप लगे थे। इसके अलावा बलरामपुर के डॉ. संतोष सिंह की 4 और झांसी की डॉ. निशा बुंदेला की 2 वेतनवृद्धियां रोकी गई हैं। झांसी के मोठ ट्रॉमा सेंटर में तैनात ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. पवन साहू के खिलाफ निजी प्रैक्टिस के आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## किसानों...

सरकार सक्रिय समन्वय के जरिए उनका समाधान सुनिश्चित करेगी।

चौहान ने कहा कि दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने का राष्ट्रीय लक्ष्य तभी सफल होगा, जब किसानों को यह भरोसा होगा कि जरूरत पड़ने पर उनकी उपज एमएसपी पर खरीदी जाएगी।

चौहान ने नेफ़ेड और एनसीसीएफ को निर्देशित किया कि वे उपार्जन को लेकर बेहतर काम करें, समस्याओं की सूची बनाकर समाधान सहित प्रस्तुत करें और शेष अवधि में खरीद प्रदर्शन में ठोस सुधार दिखाएं।

## एनएचएआई ने मध्यस्थता मामले में हासिल की बड़ी जीत, 174 करोड़ के दावे पर केवल 54 लाख रुपये का भुगतान

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने गुजरात में कामरेज-चलथान खंड (एनएच-48) के छह लेन परियोजना से जुड़े मध्यस्थता मामले में जीत हासिल की है। ठेकेदार द्वारा किए गए लगभग 174 करोड़ रुपये के दावों में से मध्यस्थ न्यायाधिकरण ने केवल 54 लाख रुपये का ही भुगतान करने का आदेश दिया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इस फैसले से सार्वजनिक धन की बड़ी बचत हुई है और एनएचएआई की अनुबंध प्रबंधन क्षमता तथा डिजिटल निगरानी प्रणाली की मजबूती सामने आई है। मामला 15 किलोमीटर लंबे कामरेजऽचलथान खंड को चार लेन से छह लेन करने की परियोजना से जुड़ा था, जिसमें कामरेजऽभरूच खंड पर चार ब्लैक स्पॉट्स के लिए दीर्घकालिक सुधारात्मक उपाय शामिल किए गए थे। परियोजना जून 2016 में एससीआईडब्ल्यूऽयूनिक कंस्ट्रक्शन (जेवी) को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में 241.41 करोड़ रुपये की लागत पर दी गई थी। काम को 21 मार्च 2017 को शुरू करने की घोषणा की गई। उस समय जब 87.75 प्रतिशत भूमि उपलब्ध थी।
मंत्रालय ने बताया कि निर्माण के दौरान ठेकेदार ने भूमि संबंधी बाधाओं का हवाला दिया और धीमी प्रगति दिखाई। केवल सड़क और जल निकासी से जुड़े साधारण कार्य किए गए, जबकि प्रमुख संरचनाओं और फ्लाईओवरों का विकास नहीं किया गया। लगातार प्रदर्शन में कमी के कारण 11 मई 2020 को अनुबंध को आपसी सहमति से समाप्त कर दिया गया, उस समय परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 49.79 प्रतिशत थी। अनुबंध समाप्ति के समय दोनों पक्षों ने सभी दावों को निपटाने पर सहमति जताई थी और ठेकेदार ने भविष्य में कोई दावा न करने का वचन दिया था।
इसके बावजूद, 2022 में ठेकेदार ने एनएचएआई के खिलाफ मध्यस्थता की कार्यवाही शुरू की और 174 करोड़ रुपये का दावा किया। एनएचएआई ने न्यायाधिकरण के समक्ष विस्तृत दस्तावेजी और डिजिटल साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनमें ड्रोन वीडियोग्राफी, डिजिटल परियोजना रिकॉर्ड और तकनीकी दस्तावेज शामिल थे। इनसे साबित हुआ कि छह लेन कार्यों के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध थी और जल निकासी का बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका था। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि ठेकेदार ने प्रमुख संरचनाओं और फ्लाईओवरों का निर्माण नहीं किया, जिससे अनुबंध समाप्त कर दिया गया।
इसके बाद इसी साल 10 मार्च को दिए गए फैसले में न्यायाधिकरण ने लगभग सभी दावों को खारिज कर दिया और केवल 54 लाख रुपये का भुगतान ठेकेदार के पक्ष में किया।

## पश्चिम बंगाल माध्यमिक परीक्षा परिणाम घोषित, उत्तर दिनाजपुर के अभिरूप भद्र बने टॉपर

99.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तर दिनाजपुर के छात्र अभिरूप भद्र बने टॉपर
कोलकाता, 08 मई (हि.स.)। पश्चिम बंगाल माध्यमिक परीक्षा 2026 का परिणाम शुक्रवार को पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा जारी कर दिया गया। इस वर्ष छात्रों की सफलता का प्रतिशत 86.83 फीसदी दर्ज किया गया है।
इस वर्ष उत्तर दिनाजपुर जिले के छात्र अभिरूप भद्र ने 700 में 698 अंक हासिल कर पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 99.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में टॉप किया। माध्यमिक परीक्षा की मेरिट सूची में इस बार कुल 131 छात्र-छात्राओं ने टॉप 10 में जगह बनाई है। राज्य के टॉप रैंकर्स में अभिरूप भद्र 698 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। अरित्र दास ने 697 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सौम्य पाल 696 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इशानी चक्रवर्ती को 695 अंक मिले, जबकि सुप्रतिक मन्ना ने 694 अंक हासिल किए। मोहम्मद सलीम को 693 अंक प्राप्त हुए। अन्वेषा सेन ने 692 अंक हासिल किए। ऋत्विक घोष 691 अंक के साथ आगे रहे, जबकि शुभदीप कर ने 690 अंक प्राप्त किए। वहीं आसनसोल के रामकृष्ण मिशन स्कूल आसनसोल के छात्र अभिषेक दास ने 688 अंक हासिल कर राज्य की टॉप टेन सूची में संयुक्त रूप से दसवां स्थान प्राप्त किया। अभिषेक दास ने गणित, लाइफ साइंस और बंगाली विषय में 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। वहीं फिजिकल साइंस और भूगोल में 99-99, इतिहास में 98 तथा अंग्रेजी में 92 अंक प्राप्त हुए। उनकी इस उपलब्धि के बाद स्कूल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शिक्षकों और सहपाठियों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र आधिकारिक वेबसाइट माध्यमिक शिक्षा परिषद के ऑफिसियल वेबसाइट तथा रिजल्ट पोर्टल पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। बोर्ड की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार नियमित, कंटिन्यूइंग और कंपार्टमेंट श्रेणी मिलाकर कुल 9,59,753 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा राज्यभर के 2600 से अधिक केंद्रों

# मंत्रिमंडल विस्तार के बाद नीतीश कुमार से मिल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार मेंराज्य मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों का बंटवारा किये जाने के बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को नीतीश कुमार के आवास 7 सर्कुलर रोड पहुंचे। यहां दोनों की मुलाकात हुई और लगभग आधे घंटे तक दोनों एक दूसरे के साथ बैठे। माना जा रहा है कि विभागों से जुड़े बंटवारे और अन्य सियासी मुद्दों को लेकर नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी ने अहम बात हुई। दोनों के बीच करीब 30 मिनट की मुलाकात हुई। मंत्रिमंडल विस्तार में नीतीश कुमार के बेटे निशांत को भी मंत्री बनाया गया है। उन्हें स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा दिया गया है। इसके अतिरिक्त जदयू कोटे के कई अन्य मंत्रियों को प्रमुख विभाग दिया गया है। इन सब मुद्दों को लेकर नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी में अहम



चर्चा होने की खबर है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बनने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में हमेशा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलते रहे है। पिछले दिनों दिल्ली से मंत्रिमंडल की सूची लेकर पटना लौटने पर उन्होंने वहां से आते ही नीतीश कुमार से मुलाकात की थी उनके साथ ललन सिंह भी उस वक्त मौजूद थे। ऐसा माना जा रहा है कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को पूरी तरह बैलेस कर सम्राट चौधरी चल रहे है।

### बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों ने संभाला कार्यभार

**पटना।** बिहार में सम्राट चौधरी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद शुक्रवार को कई मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों का कार्यभार संभाला। इस दौरान नए मंत्रियों ने विभागीय कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया और अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। इसी क्रम में दीपक प्रकाश ने पंचायती राज विभाग का कार्यभार संभाला, जबकि अशोक चौधरी ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी संभाली। इसके अलावा केदार प्रसाद गुप्ता ने पर्यटन विभाग, मदन सहनी ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग तथा नंदकिशोर राम ने पशुपालन विभाग का पदभार ग्रहण किया। वहीं श्रवण कुमार ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। साथ ही डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने भी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने स्वास्थ्य विभाग का कार्यभार संभालते ही राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता बिहार में सभी लोगों को समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना होगा। निशांत कुमार ने कहा, ङ्घमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, उसे मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने की कोशिश करूंगा।ङ्क उन्होंने कहा कि उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार में, विशेषकर स्वास्थ्य क्षेत्र में, जो कार्य किए हैं, उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्री बनने के बाद वह पहले विभागीय कार्यों को समझने और सीखने पर ध्यान देंगे, उसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आम लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने और जनता का विश्वास हासिल करने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने राजकीय सर्वोदय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राजकीय सर्वोदय विद्यालय रूप नगर का औचक निरीक्षण किया। क्लासरूम में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनसे पेयजल, फायर सेफ्टी, स्वच्छता, गर्मी को लेकर दी जा रही सुविधाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री यह जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्कूल प्रशासन से आवश्यक सुधार कार्यों की विस्तृत सूची मांगी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूल वर्षों से कुव्यवस्था, बदहाल इंफ्रास्ट्रक्चर और मूलभूत सुविधाओं की कमी की मार झेल रहे थे लेकिन पिछले एक साल से हम लगातार स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं मजबूत करने, इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने और विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे।

# दिल्ली की उपमहापौर ने रामनगर वार्ड का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत ने शुक्रवार को शाहदरा उत्तरी क्षेत्र में रामनगर वार्ड संख्या 222 का क्षेत्रीय निरीक्षण किया। उपमहापौर ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, नियमित एवं सुदृढ़ बनाया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने विशेष रूप से सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मोनिका पंत ने निगम विद्यालय का भी निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय



एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके। उपमहापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# हरी खाद के प्रयोग से बढ़ाये मिट्टी की उर्वरा शक्तिः डा.आशीष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। खेती में रासायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती जा रही है। ऐसे में किसान हरी खाद का प्रयोग करके न केवल अच्छा उत्पादन पा सकते हैं, बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढ़ा सकते हैं।उक्त जानकारी देते जिले के परसौनी कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा विशेषज्ञ डा.आशीष राय ने बताया कि हरी खाद मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए बहुत ही उम्दा और सस्ती जीवांश खाद है। हरी खाद का अर्थ उन पत्तीदार फसलों से है, जिनकी बढ़वार जल्दी व ज्यादा होती है। ऐसी फसलों को फूल आने से पहले जुताई करके मिट्टी में मिला दिया जाता है। यह सूक्ष्म जीवों द्वारा अपघटित होकर पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की वृद्धि करती हैं। ऐसी फसलों का इस्तेमाल में आना ही हरी खाद देना कहलाता है।हरी खाद मिट्टी में पोषक तत्वों को बढ़ाने और उसमें जैविक पदाथों की पूर्ति करने के लिए की जाती है। इससे फसल उत्पादन



तो बढ़ता ही है, साथ ही यह मिट्टी के नुकसान को भी रोकती है। यह खेत को नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम, जस्ता, तांबा, मैगनीज, लोहा और मोलिब्डेनम आदि तत्व मुहैया कराती है। यह खेत में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ा कर उस की भौतिक दशा में सुधार करती है।

इस विधि में हरी खाद जिस खेत में देनी होती है, उसी खेत में हरी खाद वाली फसल उगाई जाती है और उसी में सड़ाई जाती है। जिन क्षेत्रों में बारिश अधिक होती है, वहां इस विधि को अपनाया जाता है। इस विधि में किसी अन्य खेत में उगाई गई हरी खाद की फसल को काट कर उस खेत में फैलाते हैं, जिसमें हरी खाद देनी होती है। फैलाने के बाद हरी खाद वाली फसल को मिट्टी में दबा दिया जाता है। ये विधि सघन कृषि प्रणाली और न्यूनतम वर्षा वाले क्षेत्रों में अपनायी जाती है। हरी खाद के लिए सही फसलें सनई, ढैंचा, लोबिया, मूंग व ग्वार वगैरह हरी खाद के लिहाज से सबसे उम्दा फसलें होती हैं। इन फसलों को उगाने व उनकी अच्छी बढ़वार के लिए 30 से 40 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान की जरूरत होती है। ये फसलें 45 से 60 दिनों में तैयार हो जाती हैं। फसल की बढ़वार पूरी हो जाने पर और फूल आने के पहले इसे मिट्टी पलटने वाले हल या डिस्क हैरो से खेत में पलट कर पाटा चला देना चाहिए। यदि खेत में 5 से 6 सेमी. पानी भरा रहता है तो मिट्टी पलटने में कम मेहनत लगती है। जुताई उसी दिशा में करनी चाहिए जिसमें पौधों को गिराया गया हो। इसके बाद खेत में 8 से 10 दिन तक 5 से 6 सेमी. पानी भरा रहना चाहिए, जिससे पौधों के अपघटन में सुविधा रहती है। यदि पौधों को दबाते समय खेत में पानी की कमी हो या देर से जुताई की जाती है तो पौधों के अपघटन में अधिक समय लगता है।

### हरी खाद के लाभ

- इस से मिट्टी की संरचना अच्छी हो जाती है, और उसकी पानी रखने की क्षमता बढ़ जाती है।
- मिट्टी में नाइट्रोजन की बढ़ोतरी होती है।
- मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा में इजाफा होता है।
- मिट्टी का कटाव कम हो जाता है, नतीजतन जमीन का ऊपरी भाग महफूज रहता है।
- क्षारीय व लवणीय मिट्टी में सुधार होता है, क्योंकि हरी खाद के विघटन से कई प्रकार के अम्ल पैदा होते हैं जो मिट्टी को उदासीन करते हैं।
- खेत को हरी खाद से पोषक तत्व देना दूसरी विधियों के मुकाबले सरल व सस्ता है।

# पुलिस ने पंचायत की 15 मरला जमीन पर किये गये अवैध कब्जे को ध्वस्त कियाः तूरा

फगवाड़ा। नशा तस्करी और अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब में कपूरथला जिला पुलिस ने शुक्रवार को सुल्तानपुर लोधी के नजदीक गांव टोटी में पंचायत की 15 मरला जमीन पर किये गये अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा ने बताया कि यह कार्रवाई ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी सुल्तानपुर लोधी की लिखित मांग पर की गयी। प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अर्थमूविंग मशीनों की मदद से पंचायत भूमि को कब्जामुक्त कराया। पुलिस के अनुसार यह कब्जा कथित तौर पर परविंदर सिंह उर्फ पिंडा नामक व्यक्ति से जुड़ा था, जो नशा तस्करी के मामलों में आरोपी है। उसके खिलाफ सुल्तानपुर लोधी और लोहियां थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत सात मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी जेल में बंद है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में होगी शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की नवनिर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह शामिल होंगी। शपथ ग्रहण समारोह कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार सुबह दिल्ली से कोलकाता के लिए रवाना होंगी। मुख्यमंत्री वहां पश्चिम बंगाल में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होंगी। मुख्यमंत्री इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरकार को शुभकामनाएं देंगी और समारोह में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के साथ उपस्थित रहेंगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 207 सीटें जीतकर तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत कर दिया है।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-4) के अभ्यर्थियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़कर पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना में शुक्रवार को शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-4) के अभ्यर्थियों को पुलिस ने सड़कों पर दौड़ा-दौड़कर पीटा है। इस दौरान कई के सिर फटे हैं। आज सुबह 10 बजे अभ्यर्थियों वैकेंसी जारी करने की मांग को लेकर पटना कॉलेज से निकले थे। अभ्यर्थी बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) ऑफिस तक मार्च निकाल रहे थे। पुलिस ने जेपी गोलंबर पर सभी को बैरिकेडिंग कर के रोका था। इसके बाद लाठीचार्ज किया गया। इस प्रदर्शन में करीब 5 हजार अभ्यर्थियों शामिल हुए थे। लाठीचार्ज से पहले पुलिस ने अभ्यर्थियों को जेपी गोलंबर पर बैरिकेडिंग कर के रोका था। अभ्यर्थियों बैरिकेडिंग तोड़कर



आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। इसके बाद पुलिस ने सीधे लाठीचार्ज कर दिया। छात्र नेता दिलीप ने बातचीत में कहा कि अभ्यर्थियों को बरगलाया जा रहा है। बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक ने 16 अप्रैल को एक पॉडकास्ट में दावा किया था कि टीआरई-4 का विज्ञापन तीन-चार दिनों में जारी कर दिया जाएगा और 25-26 अप्रैल से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अब 8 मई हो चुका है और अभी तक विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने इस बाबत बातचीत में कहा कि, हम सबको मिलकर बिहार को बदलना है। जो लोग प्रदर्शन कर रहे हैं उनकी समस्या का जल्द सामाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, बिहार के हर लोगों को शिक्षित करना है। उल्लेखनीय है कि टीआरई-4 के तहत कुल 46,595 पदों पर भर्ती की जाएगी। बिहार लोक सेवा आयोग को इसके लिए अधियाचना पिछले फरवरी महीने में ही मिल चुकी थी।

# देवभूमि में महिलाओं की सुरक्षा पर यूकेडी का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। चंपावत में 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ कथित बलात्कार मामले के विरोध में उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने ड्रोन चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड क्रान्ति दल के महानगर अध्यक्ष प्रवीण रमोला ने इस घटना को देवभूमि उत्तराखण्ड को शर्मसार करने वाला बताते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार महिलाओं एवं बेटियों के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता के संरक्षण के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। महानगर संगठन मंत्री कपिल कुमार ने कहा कि एक तरफ भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देती है और दूसरी तरफ उन्हीं के नेताओं द्वारा उत्तराखण्ड की बेटियों की अस्मिता को लूटने का कार्य किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसे अपराधियों को कठोरतम सजा नहीं दी जाएगी, तब तक प्रदेश में इस प्रकार की घटनाएं लगातार घटित होती रहेंगी। महानगर महामंत्री राजीव नौटियाल ने प्रदर्शन के दौरान मांग की कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कठोरतम सजा दी जाए। यदि सरकार अपराधियों को बचाने का प्रयास करेगी तो उत्तराखण्ड क्रान्ति दल प्रदेशभर में जनआंदोलन खड़ा करेगा।

# मुख्यमंत्री ने केदारनाथ धाम में अस्पताल का किया लोकार्पण बोले-श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

■ मुख्यमंत्री ने बाबा केदार की पूजा अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को केदारनाथ धाम में अस्पताल का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'स्वस्थ उत्तराखंड, समृद्ध उत्तराखंड' के संकल्प के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थापित यह अस्पताल स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी की ओर से संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केदारनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर



रही है। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देगा। इससे स्थानीय नागरिकों और तीर्थयात्रियों दोनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन की ओर से यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। यात्रा मार्ग पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य जांच केंद्रों, ऑक्सीजन सुविधाओं और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक लगभग 61 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से लाखों मरीजों को निशुल्क उपचार मिल रहा है। साथ ही प्रत्येक जनपद में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बाबा केदार के दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा और मानवता का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में केदारनाथ से विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि यह अस्पताल सेवा, समर्पण और जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो भविष्य में लाखों श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पिथौरागढ़ भ्रमण पर मुख्यमंत्री ने बेरीनाग में की जनता से चर्चा

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेरीनाग। पिथौरागढ़ भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बेरीनाग बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने दुकानदारों, महिलाओं और युवाओं से चर्चा की तथा भाजपा कार्यकर्ता के पिता के निधन पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा भी रहे।

मुख्यमंत्री के बाजार पहुंचने से व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उन्होंने दुकानदारों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारी दान सिंह मेहरा की दुकान पर रुककर जलेबी का स्वाद भी लिया ।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता के हितों और




विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा जनता से सीधा संवाद सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक खानपान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति, स्थानीय व्यंजन और पारंपरिक बाजार राज्य की पहचान हैं और इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री के सहज और आत्मीय व्यवहार की स्थानीय लोगों ने सराहना की। बाजार में मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेरीनाग पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ता लाल सिंह कोरंगा के आवास पर उनके पिता स्वर्गीय चंदन सिंह कोरंगा के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बंधाया। स्वर्गीय चंदन सिंह कोरंगा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त थे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।


चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063